आश्विन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 04:56 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 17 अक्टूबर 2024
वर्ष 5, अंक 332, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



चांद की सतह में दबे हैं बर्फ के विशाल भंडार 16

रकुल ने दिखाया समर्पण खराब तबीयत में किया काम 15

## केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई बड़े फैसले, रबी की छह फसलों में 130 से 300 रुपये तक की वृद्धि

# गेहूं का एमएसपी 2,425 रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

- गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 150 रुपये बढ़ाया

सरकार ने बुधवार को 2025-26 के विपणन सत्र के लिए गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को 150 रुपये बढ़ाकर 2,425 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। यह कदम प्रमुख राज्यों में विधानसभा चुनावों से पहले उठाया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में अप्रैल, 2025 से शुरू होने वाले विपणन सत्र 2025-26 के लिए छह रबी फसलों के एमएसपी में 130 रुपये से 300 रुपये प्रति क्विंटल तक की वृद्धि की मंजूरी दी गई। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों से कहा खरीफ फसलों की तरह, रबी फसलों के लिए एमएसपी में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि गेहूं का नया एमएसपी उत्पादन लागत से 105 प्रतिशत अधिक है, जो एक बड़ी बात है।



मंत्रिमंडल मंडल के फैसलों की जानकारी देते केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव।

सरकार ने रैपसीड और सरसों बीज के लिए एमएसपी भी 300 रुपये बढ़ाकर 5,950 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया, जिसका उद्देश्य घरेलू तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देना और खाद्य तेल आयात को कम करना है। कुसुम का समर्थन मूल्य 2025-26 के लिए 140 रुपये बढ़ाकर 5,940 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया, जो पिछले सत्र में 5,800 रुपये प्रति क्विंटल था। दलहन के मामले में, मसूर का समर्थन मूल्य 275 रुपये बढ़ाकर 6,700 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया, जबकि चने का एमएसपी 210 रुपये बढ़ाकर 2025-26 के लिए 5,650 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया। जौ का समर्थन मूल्य वर्ष 2025-26 के लिए 130 रुपये बढ़ाकर 1,980 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया, जो पिछले सत्र में 1,850 रुपये प्रति क्विंटल था। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली जैसे राज्य चुनाव की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि, वैष्णव ने एमएसपी बढ़ोतरी और आगामी चुनावों के बीच किसी भी तरह के संबंध की बात को खारिज करते हुए कहा कि इस तरह की घोषणाएं आमतौर पर इसी समय होती हैं। मंत्री ने कहा कि किसानों में सरकार के प्रति अच्छी भावना है। उन्होंने किसानों के जीवन में आए परिवर्तनकारी बदलावों का हवाला दिया। एमएसपी में की गई बढ़ोतरी वर्ष 2018-19 के केंद्रीय बजट की प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जिसमें अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत का कम से कम 1.5 गुना समर्थन मूल्य निर्धारित करने की बात कही गई थी। सरकार को उम्मीद है कि इस बढ़ोतरी से किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित होगा और फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिलेगा।

### केंद्रीय कर्मचारियों, पेंशनधारकों का महंगाई भत्ता तीन प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने महंगाई भत्ते (डीए) में तीन प्रतिशत की वृद्धि की बुधवार को घोषणा की। यह एक जुलाई, 2024 से प्रभावी होगी। इससे दिवाली त्योहार से पहले एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों तथा पेंशनभोगियों को लाभ होगा। मंत्रिमंडल ने दिवाली से पहले केंद्र सरकार के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत (डीआर) में उनके मूल वेतन/पेंशन पर तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी की मंजूरी दी है। इससे पहले मार्च में सरकार ने एक जनवरी, 2024 से डीए/डीआर को चार प्रतिशत अंक बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया था। मंत्री ने कहा कि डीए बढ़ोतरी अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-औद्योगिक श्रमिकों के 12 महीने के औसत पर आधारित है। डीए/डीआर में वृद्धि से सरकारी खजाने पर 9,448 करोड़ का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। यह वृद्धि स्वीकृत सूत्र के तहत है जो सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित है। इससे करीब 49.18 लाख केंद्र सरकार के कर्मचारियों और 64.89 लाख पेंशनभोगियों को लाभ होगा।

### किसानों का जीवन और आसान होगा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सीसीईए की ओर से विपणन सत्र 2025-26 के लिए सभी अधिदेशित रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दिए जाने से किसानों का जीवन और आसान होगा। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा अपने किसान भाई-बहनों के कल्याण के लिए हम निरंतर बड़े फैसले लेने में जुटे हैं।

### एमएसपी में वृद्धि का निर्णय सराहनीय



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने एक्स पर लिखा कि अन्नदाता किसानों के कल्याण के लिए सतत समर्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दृढ़ नेतृत्व में कृषि क्षेत्र को निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर किया है। इस क्रम में आज केंद्रीय कैबिनेट द्वारा रबी विपणन सीजन 2025-26 के लिए रबी फसलों गेहूं, जौ, चना, मसूर, रेपसीड और सरसों, कुसुम के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि का निर्णय अत्यंत अभिनंदनीय है।

### पीएम अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के लिए 35,000 करोड़ मंजूर

**नई दिल्ली।** सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के इरादे से बुधवार को पीएम अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) के लिए 35,000 करोड़ रुपये मंजूर किए। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला किया गया। इसका उद्देश्य किसानों को लाभकारी मूल्य प्रदान करना और उपभोक्ताओं के लिए बाजार मूल्य को स्थिर करना है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना का उद्देश्य किसानों को फसलों की कटाई के समय जल्दबाजी में आकर अपनी फसल बेचने से रोकना है। इससे दलहन, तिलहन और अन्य जरूरी कृषि एवं बागवानी वस्तुओं के उत्पादन में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी, किसानों की आय बढ़ेगी और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा होगी।

# वीआईपी सुरक्षा अब सीआरपीएफ के हवाले

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार ने एनएसजी कमांडो को हटाने का आदेश दिया



केंद्र सरकार ने वीआईपी सुरक्षा से आतंकवाद निरोधी कमांडो बल एनएसजी को पूरी तरह हटाने और अत्यंत जोखिम वाले नौ अति महत्वपूर्ण लोगों (वीआईपी) की सुरक्षा अगले महीने तक सीआरपीएफ को सौंपने का आदेश दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

गृह मंत्रालय ने विशेष रूप से प्रशिक्षित जवानों की एक नई बटालियन को सीआरपीएफ के वीआईपी सुरक्षा प्रकोष्ठ के साथ जोड़ने की स्वीकृति भी दी है। इस बटालियन को हाल में संसद सुरक्षा से हटाया गया था। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के ब्लैक कैट कमांडो द्वारा संरक्षित जेड प्लस श्रेणी के नौ वीआईपी लोगों में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा अध्यक्ष मायावती, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी, केंद्रीय जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, भाजपा नेता और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह, जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद, एनसी के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू हैं, जिन्हें अब सीआरपीएफ का सुरक्षा घेरा प्रदान किया जाएगा।

### राजनाथ और योगी आदित्यनाथ को उन्नत सुरक्षा संपर्क प्रोटोकॉल

सूत्रों के अनुसार, इन नौ वीआईपी में से दो को सीआरपीएफ द्वारा दिया जाने वाला उन्नत सुरक्षा संपर्क (एएसएल) प्रोटोकॉल भी प्रदान किया जाएगा। इनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ हैं। एएसएल में वीआईपी के आगामी दौरे वाले स्थान की पहले से जांच की जाती है। सीआरपीएफ देश में पांच वीआईपी के लिए इस तरह का प्रोटोकॉल अपनाता है, जिनमें गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और गांधी परिवार के तीन कांग्रेस नेता शामिल हैं।




## एक नजर

### सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा स्थगित

**लखनऊ।** 27 अक्टूबर को होने वाली सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा-2024 को स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक हर्षदेव पाण्डेय ने विज्ञप्ति जारी की है। उन्होंने परीक्षा दिसंबर में होने की संभावना व्यक्त की है। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि जनपदों में मानक के अनुसार परीक्षा केंद्र मिलने पर परीक्षा तिथि और कार्यक्रम जारी किया जाएगा।

### निर्वाचन याचिका वापस लेने की अर्जी पर सुनवाई आज

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में मिल्कीपुर विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक और भाजपा नेता गोरखनाथ की ओर से दाखिल निर्वाचन याचिका को वापस लिए जाने के लिए अर्जी दाखिल की गयी है। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने उक्त अर्जी को गुरुवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 के प्रदेश के विधान सभा चुनावों में मिल्कीपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी गोरखनाथ सपा के अवधेश प्रसाद से चुनाव हार गए थे।

# मुरादाबाद के युवक की हत्या तेजाब डाल घूरे में दबाया शव

संवाददाता, आसफपुर(बदायूं)

- बुधवार को घूरे से बाहर दिखा हाथ और सिर तो ग्रामीणों ने पुलिस को दी सूचना
- चेहरा जला हुआ था, प्रेम प्रसंग में हत्या की आशंका
- मां का आरोप, बेटे को शनिवार को बुलाकर लाए थे उसके ममेरे भाई

**अमृत विचार :** ननिहाल में आए मुरादाबाद निवासी युवक की हत्या कर दी गई। पहचान छिपाने को उसके ऊपर तेजाब डाला और प्राइवेट पार्ट का कुछ हिस्सा काटा गया। शव को घूर में दबा दिया गया। बुधवार सुबह घूर के बाहर एक हाथ और सिर देखा तो ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। शव तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। युवक की मां की तहरीर पर उसके दो ममेरे भाइयों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है।



मृतक आकाश

मुरादाबाद के थाना कुंदरकी क्षेत्र के गांव नानकपुर निवासी आकाश (21) पुत्र गुलजारी एक एक्सपोर्ट कंपनी में काम करता था। उसके ममेरे भाई फैजगंज थाना क्षेत्र के गांव बसौमी निवासी पान सिंह, नेम सिंह और चोखे लाल भी उसी कंपनी में काम करते थे। जिसकी वजह से आकाश अक्सर ननिहाल में आता रहता था। उसका ननिहाल की किसी लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आकाश की मां मुन्नी देवी के अनुसार शनिवार को ममेरे भाई आए और आकाश को बसौमी ले गए जिसके बाद आकाश वापस नहीं लौटा। फोन किया तो आकाश का मोबाइल बंद जा रहा था। वह बसौमी आई तो ममेरे भाइयों ने कहा कि आकाश तो शनिवार को ही लौट गया था। परिजनों ने मंगलवार को थाना फैजगंज बेहटा पुलिस को सूचना दी थी। बुधवार सुबह लोगों ने घूरे से एक हाथ और सिर बाहर निकला देखा तो दहशत में आ गए। पुलिस को सूचना दी। फैजगंज बेहटा प्रभारी निरीक्षक जवाहरलाल वर्मा पहुंचे। शव को बाहर निकलवाया। शव निर्वस्त्र था। चेहरा जला हुआ था। प्राइवेट पार्ट का कुछ हिस्सा काटा गया था। शव तीन से चार दिन पुराना लग रहा था। दुर्गंध आ रही थी। उसकी शिनाख्त आकाश के रूप में हुई। प्रेम प्रसंग में हत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतक की मां की तहरीर पर पुलिस ने आकाश के ममेरे भाई पान सिंह और चोखे लाल के खिलाफ हत्या और साक्ष्य मिटाने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी घर से भाग गए हैं।



गांव बसौमी में शव मिलने वाले स्थान पर जांच करते पुलिस अधिकारी। • अमृत विचार

> फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव बसौमी में एक युवक का शव मिला था। वह मुरादाबाद का रहने वाला था। मृतक की मां की तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। तभी हत्या की वजह पता चलेगी। - **उमेश चंद्र**, सीओ बिसौली

# नायब सिंह सैनी आज लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

**चंडीगढ़।** भाजपा नेता नायब सिंह सैनी ने बुधवार को हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से राजभवन में मुलाकात की और राज्य में अगली सरकार बनाने का दावा पेश किया। सैनी गुरुवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल होंगे। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। इससे कुछ घंटे पहले ही पंचकूला में हुई बैठक में सैनी को सर्वसम्मति से हरियाणा में भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया था। इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हुए। नवनिर्वाचित विधायकों कृष्ण कुमार बेदी और अनिल विज ने सैनी के नाम का प्रस्ताव दिया था।



- प्रधानमंत्री मोदी केंद्रीय गृह मंत्री शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी होंगे शामिल

# जम्मू-कश्मीर में अब उमर सरकार

श्रीनगर, एजेंसी

- सरकार में शामिल नहीं हुआ कांग्रेस का कोई विधायक

नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के नेता उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश में यह पहली चुनी हुई सरकार है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अब्दुल्ला और पांच मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इनमें जम्मू से सुरिंदर चौधरी भी शामिल हैं, जिन्हें उप मुख्यमंत्री बनाया गया है। दूसरी बार मुख्यमंत्री बने उमर अपने दादा शेख अब्दुल्ला और पिता फारूक अब्दुल्ला के बाद इस पद पर आसीन होने वाले अब्दुल्ला परिवार की तीसरी पीढ़ी के नेता हैं। वह इससे पहले 2009 से 2014 के बीच जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री थे, जब यह पूर्ण राज्य हुआ करता था।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उमर अब्दुल्ला को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर की प्रगति के लिए उनके और उनकी टीम के साथ मिलकर काम करेगी। अब्दुल्ला के साथ पांच मंत्रियों - सकीना मसूद (इटू), जावेद डार, जावेद राणा, सुरिंदर चौधरी और सतीश शर्मा ने भी पद की शपथ ली।

### इंडिया गठबंधन के कई नेता शपथ समारोह में पहुंचे

शपथ ग्रहण समारोह 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं के लिए अपनी एकता प्रदर्शित करने का भी अवसर था। इस अवसर पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और मल्लिकार्जुन खरगे, समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव, वामपंथी नेता प्रकाश करात और डी. राजा, द्रमुक की कनिमोझी और राकांपा की सुप्रिया सुले तथा पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती भी मौजूद थीं।

# ईरानी युवती को देश छोड़ने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- फायजा ने मुरादाबाद के हिंदू युवक से किया है प्रेम विवाह एसएसपी से की शिकायत

**अमृत विचार :** महानगर के हिंदू युवक से प्रेम विवाह करने वाली ईरानी युवती फायजा को कट्टरपंथियों ने भारत छोड़ने की धमकियां देनी शुरू कर दी है। पीड़ित फायजा ने बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर धमकी देने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और अपने पति और परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के कांठ रोड इंद्रप्रस्थ कालोनी निवासी यूट्यूबर सुमित दिवाकर की इंस्टाग्राम के माध्यम से ईरान की रहने वाले युवती फायजा से दोस्ती हुई थी और बाद में दोनों के बीच प्रेम हो गया था। इसके बाद दोनों ने शादी करने का फैसला किया। इस पर दोनों के परिवार के लोग भी मान गए। लगभग दो माह पूर्व ही फायजा और सुमित दिवाकर ने शादी कर ली। ईरानी युवती फायजा बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित एसएसपी सतपाल अंतिल के कार्यालय पहुंची और उसने एक शिकायती पत्र दिया। फायजा ने बताया कि बीती 14 अक्टूबर को उसकी इंस्टाग्राम आईडी पर साहिल शेख नाम के अकाउंट से धमकी भरा संदेश मिला। इसमें फायजा और उसके पति के खिलाफ कट्टरपंथी शब्दों का इस्तेमाल किया गया। आरोप है कि उसे पाकिस्तान से भी धमकी भरे संदेश मिल रहे हैं।



पति सुमित के साथ ईरान की फायजा।

# आचार संहिता उल्लंघन के दूसरे मामले में भी जयाप्रदा बरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रामपुर की एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने बुधवार को पूर्व सांसद जयाप्रदा को आचार संहिता उल्लंघन के दूसरे मामले में भी बरी कर दिया है। साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने उन्हें यह राहत दी है। सुनवाई के दौरान वह कोर्ट में पेश हुईं। फैसला आने पर वह कार से रवाना हो गईं।

इससे पहले वह केमरी थाने में दर्ज आचार संहित उल्लंघन के मामले में बरी हो चुकी हैं। वर्ष-2019 में लोकसभा चुनाव के दौरान स्वार क्षेत्र के गांव नूरपुर में बनवाई गई सड़क का उद्घाटन करते हुए वीडियो वायरल हुआ था। उस समय आचार संहिता लागू थी। आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए फ्लाइंग स्क्वायड मजिस्ट्रेट नीरज कुमार पाराशरी ने थाना स्वार में पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ 22 अप्रैल 2019 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी।



कोर्ट से बाहर आतीं पूर्व सांसद जयाप्रदा।

# अधिवक्ता संघ अध्यक्ष, उनकी पत्नी समेत चार नामजद, 40 अज्ञात पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- विधायक थप्पड़ कांड में खूब फजीहत कराने वाली पुलिस ने सातवें दिन दर्ज की एफआईआर
- अर्बन कोआपरेटिव बैंक डेलीगेट्स के चुनाव में विधायक से की गई थी मारपीट

**अमृत विचार:** विधायक थप्पड़ कांड में खूब फजीहत कराने वाली सदर कोतवाली पुलिस ने आखिरकार जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह, उनकी पत्नी पुष्पा सिंह समेत चार नामजद व 40 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अर्बन कोआपरेटिव बैंक के संचालक पद के लिए नामांकन के दौरान विवाद के बीच बैंक की पूर्व अध्यक्ष पुष्पा सिंह के पति जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह ने भाजपा सदर विधायक योगेश वर्मा को थप्पड़ मारा था। उनके समर्थकों ने भी मारपीट की थी। व्यापारी नेता राजू अग्रवाल को भी पीटा गया था।

विधायक और व्यापारी नेता ने पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस जांच के नाम पर छह दिन तक टरकाती रही। नाराज विधायक ने उनकी सुरक्षा में बढ़ाए गए दो पुलिसकर्मियों को वापस कर दिया था। विधायक योगेश सोमवार को लखनऊ में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले। तमाम फजीहत के बाद मंगलवार की आधी रात को पुलिस ने विधायक की तहरीर पर जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह, उनकी पत्नी पुष्पा सिंह, संग्राम सिंह व नीरज सिंह को नामजद कर 40 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

> सदर विधायक की तहरीर पर चार आरोपियों को नामजद करते हुए 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। विवेचना अपराध निरीक्षक हरि प्रकाश यादव को सौंपी गई है। **-रमेश कुमार तिवारी**, सीओ सिटी

# क्षेत्रीय सहयोग में आतंकवाद और उग्रवाद बन रहे बाधा : जयशंकर

## एससीओ सम्मेलन में विदेश मंत्री ने पाकिस्तान को उसी की धरती से दिया परोक्ष संदेश

इस्लामाबाद, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को उसी की धरती से परोक्ष संदेश देते हुए बुधवार को कहा कि यदि सीमा पार की गतिविधियां आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद की तीन बुराइयों पर आधारित होंगी तो व्यापार, ऊर्जा और संपर्क सुविधा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ने की संभावना नहीं है।

जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि व्यापार और संपर्क पहलों में क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को मान्यता दी जानी चाहिए और भरोसे की कमी पर ईमानदारी से बातचीत करना आवश्यक है। विदेश मंत्री ने इस्लामाबाद में आयोजित एससीओ देशों के शासन प्रमुखों की परिषद (सीएचजी) के 23वें शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने की। जयशंकर मंगलवार को इस्लामाबाद पहुंचे। वह करीब एक दशक में पाकिस्तान की यात्रा करने वाले पहले भारतीय विदेश मंत्री हैं। शरीफ ने एससीओ के सम्मेलन को सबसे पहले संबोधित किया जिसके तुरंत बाद जयशंकर ने सम्मेलन में अपनी बात रखी। इस सम्मेलन में चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग भी शामिल हुए। जयशंकर ने ये टिप्पणियां पूर्वी लद्दाख में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच जारी सैन्य गतिरोध और हिंद महासागर एवं अन्य रणनीतिक जलक्षेत्रों में चीन की बढ़ती सैन्य ताकत को लेकर चिंताओं के बीच की।



एससीओ सम्मेलन को संबोधित करते जयशंकर।

### आपसी भरोसे से ही एससीओ सदस्य देशों को होगा लाभ

जयशंकर ने कहा कि सहयोग आपसी सम्मान और संप्रभुता की समानता पर आधारित होना चाहिए। यदि समूह आपसी भरोसे के आधार पर मिलकर आगे बढ़ता है तो एससीओ सदस्य देशों को काफी लाभ हो सकता है। विदेश मंत्री ने एससीओ के प्रत्येक सदस्य राष्ट्र द्वारा समूह के चार्टर का सख्ती से पालन किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया तथा आपसी विश्वास, मित्रता और अच्छे पड़ोसी के भाव को मजबूत करने के इसके सार पर प्रकाश डाला।

### एससीओ चार्टर के प्रति हमारी प्रतिबद्धता दृढ़ होनी चाहिए

जयशंकर ने कहा सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारे प्रयास तभी आगे बढ़ेंगे जब एससीओ चार्टर के प्रति हमारी प्रतिबद्धता दृढ़ रहेगी। यह स्वत: सिद्ध है कि विकास एवं वृद्धि के लिए शांति एवं स्थिरता अनिवार्य है। जैसा कि चार्टर में स्पष्ट किया गया है, इसका अर्थ है- तीन बुराइयों का मुकाबला करने में दृढ़ रहना और समझौता नहीं करना। हमें आत्मावलोकन करने की आवश्यकता है कि कहीं अच्छे पड़ोसी की भावना गायब तो नहीं है और भरोसे की कमी तो नहीं है।

## एक नजर

### वाल्मीकि प्रकाशोत्सव पर शोभायात्रा आज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** भगवान वाल्मीकि के प्रकाशोत्सव पर गुरुवार को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। भगवान वाल्मीकि प्रकाशोत्सव एवं शोभायात्रा समिति के बैनर तले शोभायात्रा का शुभारंभ अपरान्ह एक बजे मिश्रीपुर बजीरगंज से होगी। मुख्य अतिथि वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना होंगे। संयोजक राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष सुरेंद्र नाथ वाल्मीकि ने बताया कि समापन पर गांधी भवन में सभा भी की जाएगी। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

### बाबा विश्वनाथ मंदिर से निकलेगी शोभायात्रा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शरद पूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत गुरुवार को नगर में श्री साईं पालकी शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजक जगदीश जौहरी ने बताया कि साईं पालकी शोभायात्रा 17 अक्टूबर को अपरान्ह तीन बजे बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर से शुरू होगी, जो मुख्य मार्गों से होते हुए सरायंकाइयां स्थित आदर्श राधे रानी देवालय में संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि 19 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे से भंडारा और शाम सात बजे से भजन संध्या होगी।

### धम्मदीक्षा स्मृति दिवस पर समारोह आज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** वस्सावास समापन एवं धम्मदीक्षा स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को अपरान्ह तीन बजे पुवायां मार्ग स्थित बुद्ध विहार में समारोह का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्य अधिवक्ता अनूप कुमार ने बताया कि समारोह की मुख्य अतिथि बीएचयू की प्रोफेसर डॉ. इंदु चौधरी और मुख्य वक्ता के रूप में सीतापुर के संघप्रिय गौतम मौजूद रहेंगे।

# इंटीग्रेटेड फार्मिंग अपनाकर आय में इजाफा करें किसान

- गन्ना शोध परिषद की ओर से आयोजित किसान मेला व संगोष्ठी में प्रमुख सचिव गन्ना विकास ने किया संबोधित
- बांटे गए नवीन किस्म कोशा 18231 व कोलख 16202 के मिनी सीड किट



विमोचन करतीं प्रमुख सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग वीना कुमारी। साथ में अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

## प्रमुख सचिव ने किया मिठास स्मारिका और गन्ना खेती पत्रिका का विमोचन

मिठास मेला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** उप्र गन्ना शोध परिषद के परिसर में बुधवार को आयोजित एक दिवसीय शरदकालीन मिठास मेला व कृषक विचार संगोष्ठी का का आरंभ मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग वीना कुमारी ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शोध संस्थान के टिशू कल्चर विभाग का और विस्तार किया जाएगा, जिससे नवीन किस्मों का और त्वरित गति से प्रमोशन हो सके। किसानों को इंटीग्रेटेड फार्मिंग अपनानी चाहिए। इंटीग्रेटेड फार्मिंग कृषि का एक ऐसा मॉडल है जिसमें एक ही जगह पर तरह-तरह की फार्मिंग संबंधित गतिविधियां की जाती हैं। एक ही जगह पर कई तरह की फसलें उगाना, पोल्ट्री करना और मछली पालन इसका हिस्सा है। इससे छोटे किसानों को बहुत लाभ मिलता है। प्रमुख सचिव ने महिला सशक्तिकरण पर भी प्रकाश डाला गया। प्रमुख सचिव ने टिशू कल्चर कार्यक्रम का विस्तार व अधिक उपयोगी बनाने के लिए प्रस्ताव करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य अतिथि ने मेले की प्रदर्शनी का अवलोकन व मिठास स्मारिका और गन्ना खेती पत्रिका का विमोचन किया। मेले में 4 हजार मिनी सीड किट का वितरण भी किया गया।


शोध परिषद के सभागार में उपस्थित बड़ी संख्या में किसान। ● अमृत विचार

गन्ना शोध परिषद के निदेशक वीके शुक्ल ने मुख्य अतिथि वीना कुमारी व विशिष्ट अतिथि प्रभु एन सिंह को पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। शुक्ल ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए बताया कि संस्थान की ओर से लगातार नवीन गन्ना किस्मों का विकास किया जा रहा है। दो-तीन सालों में गन्ना किस्म कोशा 13235, 17231 व 18231 विकसित की गई है जो किसानों में लोकप्रिय हो रही है।

किसान मेले में उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों से हजारों किसानों का जन-सैलाब उमड़ा। ऑनलाइन गेटवे माध्यम से बुक किये गये नवीन गन्ना किस्म कोशा 18231 एवं कोलख 16202 के कुल 4 हजार मिनी सीड किट का वितरण किया गया। प्रमुख सचिव की ओर से मेले में लगी विभिन्न शोध प्रदर्शनी, चीनी मिल स्टॉल व कीटनाशक स्टॉल आदि का गहनता से अवलोकन किया गया। मुख्य अतिथि ने किसानों की ओर से दिए गए सुझावों को सुना और यथोचित समाधान दिया। गन्ना आयुक्त प्रभु एन सिंह ने कहा कि प्रदेश में बहुत से ऐसे किसान हैं जो गन्ना खेती में नवाचार के द्वारा प्रदेश, देश एवं अन्य देशों में जाने जा रहें है। सभी से अनुरोध है कि गन्ना खेती की नवीन तकनीक अपनाए जिससे आप आर्थिक रूप से समृद्ध हो सकें। उन्होंने मेले के सफल आयोजन के लिए निदेशक व पूरी टीम को बधाई दी। चीनी मिल निगोही के यूनिट हेड कुलदीप कुमार, डीसीएम श्रीराम ग्रुप के अधिशासी निदेशक व सीईओ आरएल टामक और प्रगतिशील कृषक सुखदीप व कौशल कुमार मिश्रा ने भी विचार व्यक्त किए।


मेले में गन्ने की प्रजातियां देखते अधिकारी। ● अमृत विचार

### गन्ना खेती की तकनीकों को गीतों में पिरोया

मेले में कृषक वैज्ञानिक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. विनय श्रीवास्तव व अरुण कुमार सिंह की ओर से संबंधित विषयों पर जानकारी दी गई। मेले में लोकगायक रामगुलाम उर्फ तूफानी की ओर से लोकगीत के माध्यम से गन्ना खेती की विभिन्न तकनीकों को गीतों में पिरोकर किसानों को सुनाया जो किसानों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रसार अधिकारी डॉ. संजीव कुमार पाठक ने किया। आभार संयुक्त निदेशक डॉ. सुभाषचंद्र सिंह ने किया। इस मौके पर गन्ना आयुक्त प्रभु एन सिंह, उप गन्ना आयुक्त बरेली राजीव राय, उप गन्ना आयुक्त लखनऊ आरडी द्विवेदी, शिवाकांत द्विवेदी, सलाहकार चीनी मिल निगम लखनऊ आरएल टामक, अधिशासी निदेशक डीसीएम श्रीराम ग्रुप, जिला गन्ना अधिकारी शाहजहांपुर, बरेली, लखीमपुर, सीतापुर, हरदोई आदि उपस्थित रहे।

### प्रदेश भर के पांच किसान किए गए सम्मानित

प्रमुख सचिव ने मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली व लखनऊ मंडल के कुल पांच प्रगतिशील किसानों को गन्ना खेती में किये गये नवोन्मेषी कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। मेरठ मंडल के किसान कमल कांत शर्मा, जिला बुलंदशहर सहारनपुर मंडल के किसान यशपाल, जिला मुजफ्फरनगर मुरादाबाद मंडल के कृषक अमरीक सिंह, जिला बिजनौर बरेली मंडल के सुखदीप सिंह, जिला पीलीभीत व लखनऊ मंडल के संजय कुमार शुक्ला को सम्मानित किया गया। मेले में प्रदेश के विभिन्न स्थानों से किसान गन्ना लेकर आए थे। उन किसानों के मध्य गन्ना प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विनोद कुमार शाहजहांपुर को प्रथम, रामपाल मौर्य लखीमपुर को द्वितीय व जुबैर खां शाहजहांपुर को तृतीय स्थान मिला। तीनों कृषकों को प्रमुख सचिव ने स्मृति चिन्ह व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। मेले में शोध प्रदर्शनी के अलावा प्रदेश की विभिन्न चीनी मिलों व कीटनाशक कंपनियों की ओर से आकर्षक स्टॉल लगाए गए। जिसमें चीनी मिल ग्रुप में डीसीएम श्रीराम अजबापुर को प्रथम, डालमिया चीनी मिल, निगोही को द्वितीय और अवध शुगर एंड एनर्जी लि को तृतीय स्थान मिला। कीटनाशक व अन्य ग्रुप में कुबोटा जालौन ट्रैक्टर को प्रथम, हर्बल आजुद को द्वितीय और पारिजात इंडिया प्रालि को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

# स्तुति, सुनाली और शिवानी की रंगोली ने किया आकर्षित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- एसएस कॉलेज के शिक्षक शिक्षा विभाग में बीएड प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं के बीच हुई प्रतियोगिता

**अमृत विचार :** एसएस कॉलेज के शिक्षक शिक्षा विभाग में बुधवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बीएड प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। सभी प्रशिक्षुओं ने अलग-अलग आकर्षक रंगोली बनाकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

शिक्षिका डॉ. प्रिया शर्मा के निर्देशन में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में प्राचार्य प्रो. आरके आजाद एवं चित्रकला विभाग के डॉ. प्रज्ज्वल पुंडीर गहनता के साथ निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं को कला एवं कौशल की बारीकियों से भी अवगत कराया। प्राचार्य ने सृजनात्मक चिंतन का महत्व समझाते हुए छात्र-छात्राओं के प्रयास की सराहना की। प्रतियोगिता में स्तुति तिवारी, सुनाली शर्मा, शिवानी सिंह ने प्रथम, पलक पांडेय, प्राची दीक्षित, नेहा प्रजापति ने द्वितीय और रोहित शर्मा, ऋषभ सिंह, हनुमंत, हर्षित कपूर ने तृतीय स्थान हासिल किया। जबकि जतिन कुमार राठौर ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।


रंगोली का अवलोकन करते प्राचार्य प्रोफेसर आरके आजाद। ● अमृत विचार

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. मीना शर्मा, प्रो. प्रभात शुक्ला, डॉ. शैलजा मिश्रा, डॉ. विनीत श्रीवास्तव, डॉ. मनोज मिश्रा, डॉ. संजय कुमार, बृज निवास, अमित गुप्ता, राजीव यादव, रोहित सिंह, अखिलेश तिवारी, सौरभ मिश्रा, नेहा आदि मौजूद रहे।

# सीवी रमन टीम ने जीता राष्ट्रीय आविष्कार क्विज

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र पर बुधवार को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास, प्रतिस्पर्धा का विकास, टीम में भावना व कल्पना शक्ति का विकास करना है। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार सतेंद्र कठेरिया, विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी शाहीन अंसारी ने किया।

प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में काकोरी शहीद इंटर कॉलेज के प्रवक्ता आशीष मोहन सिन्हा व अनुज सक्सेना रहे। कार्यक्रम में टीमों के नाम भारतीय वैज्ञानिकों के नाम पर रखे गए। सीवी रमन टीम विजेता, अब्दुल कलाम टीम उपविजेता रही। विजेता टीम में जितिन ( संवि. सरायै साधौ), सोनू(चौकी आजमपुर) ,तमजीद (जलालाबाद बालक),सचिता (फरीदापुर) योगेश( ढका) और उपविजेता टीम में उपेंद्र (बहादुरपुर), राममोहन (डुही जदीद),आयुष(बहादुरपुर),प्रवेश(सिकंदरपुर अफगानान),बृजमोहन (धियरिया)ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन विश्वनाथ प्रताप सिंह व माधव शुक्ल ने किया।


विजेता टीम के साथ स्कूल स्टाफ। ● अमृत विचार

### मॉडल बना अनन्या, अनुलिका और नेहा ने मारी बाजी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत बुधवार को राजकीय कन्या इंटर कॉलेज पुवायां में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में माध्यमिक कक्षाओं की छात्राओं ने वैज्ञानिक सोच वाले गणितीय और विज्ञान के मॉडल, पोस्टर आदि प्रदर्शित किए। विजेताओं को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। प्रदर्शनी में कक्षा नौ और 10 की छात्राओं ने जूनियर वर्ग में और कक्षा 11 और 12 की छात्राओं ने सीनियर वर्ग में प्रतिभाग किया। गणित शिक्षिका प्राची शर्मा और शिवानी के मार्गदर्शन में छात्राओं ने उपयोगी मॉडल तैयार कर प्रदर्शित किए। निर्णायक मंडल के सदस्यों प्रधानाचार्य रश्मि राठौर, सरोज कुमारी, प्राची शर्मा, शिवानी शर्मा समेत पुवायां इंटर कॉलेज के विज्ञान शिक्षक राकेश कुमार सुमन और गणित शिक्षक सीताराम ने प्रदर्शित मॉडलों का मूल्यांकन करते हुए संबंधित छात्राओं से मॉडल के बारे में जानकारी हासिल की। प्रदर्शनी में मुख्य रूप से पर्यावरण, गणित, विज्ञान, जैव विविधता, वैकल्पिक ऊर्जा, सूचना संचार आदि के जनोपयोगी मॉडल शामिल किए गए।


जीजीआईसी पुवायां में विज्ञान प्रदर्शनी का मूल्यांकन करते निर्णायक मंडल के सदस्य।

- जीजीआईसी पुवायां में विज्ञान और गणित प्रदर्शनी का आयोजन

विज्ञान सीनियर वर्ग में अनन्या गुप्ता को प्रथम, निष्कर्ष को द्वितीय और दिव्यांशी को तृतीय, जूनियर वर्ग में अनुलिका को प्रथम, कनकलता को द्वितीय और मधु को तृतीय स्थान मिला। जबकि गणित वर्ग में नेहा को प्रथम, बबली देवी को द्वितीय और सभ्यता को तृतीय स्थान मिला।

# छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा पर किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- ऑल सेंट्स स्कूल में कार्यशाला का आयोजन

**अमृत विचार :** ऑल सेंट्स स्कूल में महिला सशक्तिकरण मिशन 5.0, सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत बुधवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया।

छात्राओं को आत्मनिर्भरता, शिक्षा और सामाजिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि डीएसपी इशिता सिंह ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 बच्चों की सुरक्षा के लिए 24 घंटे सेवा प्रदान करता है। इस पर कॉल करके बाल शोषण, बाल तस्करी, बाल मजदूरी और अन्य बच्चों से संबंधित अपराधों की रिपोर्ट की जा सकती है। नंबर 1930 या राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर जाकर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। सब इंस्पेक्टर अंशु चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को जागरूक करना था। महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 और साइबर क्राइम से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिला थाने की टीम ने छात्राओं से बातचीत कर दिक्कत में तुरंत सहायता प्राप्त करने के उपाय बताए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्या साक्षी रस्तोगी, कोऑर्डीनेटर तस्कीन शगुफ्ता, महिला थाने की टीम व सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रही।


ऑल सेंट्स स्कूल में पुलिस अधिकारियों के साथ विद्यार्थी। ● अमृत विचार

निरीक्षण | पीएम श्री जीजीआईसी में प्रधानाचार्य कक्ष में जेडी को लटका मिला ताला

# जेडी से परिचय मांगते नजर आया स्कूल का स्टाफ

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** बुधवार को महानगर के माध्यमिक कॉलेजों का निरीक्षण करने निकले संयुक्त शिक्षा निदेशक (जेडी) बरेली मंडल राकेश कुमार को पीएम श्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में अजीबोगरीब स्थिति का सामना करना पड़ा। बुधवार सुबह 10.30 बजे के आसपास जब जेडी जीजीआईसी पहुंचे तो प्रधानाचार्य कक्ष में ताला लटका हुआ था। जो शिक्षिकाएं और स्टाफ के सदस्य थे, वह सभी जेडी से परिचय पूछते नजर आए। जब उन्होंने रुख कड़ा किया तो सब के सब लाइन पर आ गए। स्थिति तब और विषम हो गई, जब जेडी द्वारा मांगें गए एक भी अभिलेख उन्हें नहीं दिखाए गए और कोई जानकारी भी नहीं दी गई। सभी का एक ही जवाब था कि उन्हें पता नहीं है। इसके अलावा उन्होंने तीन अन्य कॉलेजों का भी निरीक्षण किया।


जेडी ने बताया कि वह बुधवार सुबह सबसे पहले शहर के राजकीय कन्या इंटर कॉलेज निरीक्षण को पहुंचे, तो प्रधानाचार्य कक्ष में ताला पड़ा हुआ था।


राजकीय इंटर कॉलेज में डीआईओएस हरिवंश कुमार और प्रधानाचार्य अनिल कुमार से शैक्षिक गतिविधियों के बारे में जानकारी लेते जेडी राकेश कुमार। ● अमृत विचार

पता चला कि प्रधानाचार्य सोनिया गुप्ता बहुत कम आती हैं। कक्षाएं अस्त-व्यस्त थीं। स्टाफ में जो भी आता उन्हीं से परिचय पूछने लगता। जब उन्होंने तल्खी दिखाई तब स्थिति सामान्य हो पाई। मांगने पर किसी ने कोई अभिलेख दिखाया और न ही कोई संतोषजनक उत्तर दिया। सभी का एक ही जवाब था कि उन्हें कुछ नहीं पता।

जेडी कॉलेज का अधूरा निरीक्षण छोड़ बैरंग हो लिए। इसके बाद उन्होंने जनता इंटर कॉलेज, देवी प्रसाद इंटर कॉलेज और अंत में राजकीय इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानाचार्य अनिल कुमार से परीक्षा समेत अन्य गतिविधियों की जानकारी ली।

जीआईसी में जेडी ने डीआईओएस हरिवंश कुमार से जीजीआईसी की शैक्षिक दुर्दशा के बारे में चर्चा करते हुए चिंता व्यक्त की और स्थिति सुधारने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद जेडी मंडलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता देखने स्टेडियम पहुंचे। उनके स्टेडियम पहुंचने के चंद मिनट बाद ही जीजीआईसी की प्रधानाचार्य सोनिया गुप्ता भी वहां पहुंच गईं। जेडी ने स्टेडियम में ही कड़ी नाराजगी जताते हुए उनसे जवाब तलब किया।


प्रधानाचार्य कक्ष में ताला देखते जेडी।

- पूछताछ में नहीं मिला सही जवाब, होती रही टाल-मटोल
- डीआईओएस को दिए स्थिति में सुधार लाने के निर्देश
- जेडी ने तीन अन्य कॉलेजों का भी किया निरीक्षण

# युवक को दुकान पर बुलाकर पीटा पैर टूटा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला आतिशबजान निवासी मुश्ताक अहमद ने बताया कि वह दरदौजी लहंगे का काम कराता है। उसने कढ़ाई के लिए सात लहंगे शमीम निवासी गौरा थाना जलालाबाद को दिए थे। आरोपी शमीम ने उसे जलालाबाद में नन्हे लाला की दुकान पर 12 अक्टूबर की दोपहर 12 बजे लहंगे देने के लिए बुलाया था। वह लाला की दुकान पर गया। जहां आरोपी शमीम व उसका पुत्र कामिल और एक व्यक्ति पहले से खड़े थे। तीनों लोग मुश्ताक को गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे पीटकर घायल कर दिया। उसका एक पैर टूट गया। घायल को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# उत्कृष्ट मॉडल बनाने वाले बच्चे पुरस्कृत

संवाददाता, तिलहर

- एलबीजेपी इंटर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**अमृत विचार :** वैज्ञानिक पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर नगर के एलबीजेपी इंटर कॉलेज में बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. दिवाकर शर्मा एवं वरिष्ठ डायट प्रवक्ता बीएल मौर्या फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके बाद मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन किया गया।

विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने तकनीक, स्वचालित प्रणालियों, जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, आधुनिक यातायात प्रणाली , सड़क सुरक्षा , आधुनिक सिचाई पद्धति, डीएनए आधारित एवं जीवन को सरल व सुगम बनाने में उपयोगी तकनीकों पर अनेक मॉडलों का निर्माण कर प्रदर्शन किया। अतिथियों ने मॉडल अवलोकन कर प्रतिभागियों के कार्य एवं मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम का संयोजन भारत भूषण एवं सोमी वसीम जैदी ने किया। संचालन आशीष कुशवाहा कुमार एवं राम किशोर ने किया। निर्णायक मंडल में एसएसकॉलेज के भौतिकी विभागाध्यक्ष शिशिर शुक्ला , सत्येंद्र कुमार सिंह एवं भौतिकी प्रवक्ता डॉ. अनिल कुमार रहे। इस दौरान प्रधानाचार्य बृजपाल ने कहा कि बच्चों में उत्साहवर्धन और वैज्ञानिक मनोदशा के समावेश के लिए प्रतिवर्ष विद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन करता है।


विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा तैयार किए मॉडल देखते अतिथि। ● अमृत विचार

### कार्तिकेय, आहम और अर्पित रहे प्रथम

सीनियर वर्ग में कार्तिकेय रस्तोगी प्रथम, प्रतिभा द्वितीय तथा फैजान तृतीय, जूनियर वर्ग अ में आहम कश्यप प्रथम, कौशिक मिश्रा द्वितीय, प्रिया तृतीय, सब जूनियर वर्ग में ब में अर्पित, अंकित तथा आयुष क्रमश : प्रथम , द्वितीय, तृतीय रहे। कार्यक्रम में विजेताओं को अतिथियों ने प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया।

## एक नजर

### डीएनए टेस्ट को लिया सैंपल

**तिलहर, अमृत विचार :** ऑनलाइन जुआ हार जाने पर दोस्तों ने खिरिया उदैत गांव के अमित सिंह(20) की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी थी। ढाई माह बाद गन्ने के खेत में मिली हड्डियों को डीएनए टेस्ट के लिए पुलिस ने सैंपल लिए।बुधवार को थाना पुलिस ने मृतक अमित सिंह के पिता राजेश सिंह और मां मीरा देवी को बुलाकर तिलहर सीएचसी पर उसकी हड्डियों का डीएनए टेस्ट के लिए लेकर उनके सैंपल लिए। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि अमित की हड्डियों को डीएनए टेस्ट के लिए भेजा जा रहा है इसलिए उनके माता-पिता को बुलाकर सैंपल लिए गए हैं।

### वांछित गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांट थाने के उप निरीक्षक कुलदीप कुमार ने बताया कि 26 सितंबर को राजेश कुमार निवासी आवास विकास कॉलोनी बरेली मोड़ चौक कोतवाली ने रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मुकेश गुप्ता व इरफान निवासी रुफस चरनलेन थाना सदर बाजार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। पुलिस ने बुधवार की सुबह थाना सदर बाजार क्षेत्र में मंडी से आरोपी मुकेश को गिरफ्तार कर लिया है।

# दुर्घटनाओं में युवक की मौत, दो हेड कांस्टेबल घायल

## रोजा में हाईवे किनारे खाई में गई रामपुर पुलिस की बस, इसी बस में सवार थे दोनों कांस्टेबल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** निगोही क्षेत्र में बुधवार तड़के सतवां खुर्द के पास धान भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। उधर, मंगलवार रात रोजा क्षेत्र में हाईवे पर बनतारा गांव के पास रामपुर पुलिस की बस खाई में चली गई। इसमें सवार दो कांस्टेबल घायल हो गए। दोनों कुंभ मेला की चल रही तैयारियों के दौरान लगाई गई ड्यूटी पर सिपाहियों को छोड़कर लौट रहे थे। दोनो कांस्टेबल की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।



मृतक रावेंद्र।



रोजा क्षेत्र में बरतारा के पास हाईवे किनारे खाई में घुसी रामपुर पुलिस की बस।

- निगोही क्षेत्र में धान भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराया पीलीभीत जा रहा बाइक सवार युवक

**निगोही/कुर्रिया कलां।** थाना कांट के गांव कुर्रिया कलां निवासी रावेंद्र कुमार(22) पुत्र वेदप्रकाश एक प्राइवेट फाइनेंस कंपनी में बतौर एजेंट पीलीभीत में काम करता था। वह बुधवार तड़के घर से बाइक द्वारा पीलीभीत के लिए निकला था। शाहजहांपुर पार करने के बाद निगोही-पीलीभीत रोड पर थाना निगोही क्षेत्र के गांव सतवां खुर्द के पास सुबह करीब 4: 45 बजे पहुंचा, तभी सामने से धान भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली आ गई। दोनों वाहनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। बाइक सवार रावेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। कुछ ही देर में उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने उसके पास से मोबाइल, आधार कार्ड आदि के जरिये उसकी पहचान कर घर वालों को सूचना दी। शव पोस्टमार्टम को भेज दिया गया। वहीं घटना के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर चालक फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया है। घटना के बाद मृतक की मां रीना देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

**रोजा।** लखनऊ-सीतापुर नेशनल हाईवे पर रोजा क्षेत्र में गांव बरतारा के पास मंगलवार रात करीब दस बजे रामपुर पुलिस की बस अनियंत्रित हो गई खाई में चली गई। दुर्घटना में बस में सवार दो हेड कांस्टेबल चालक नवप्रीत और सह चालक शिशुपाल घायल हो गए। दोनों बस से कुंभ मेला तैयारियों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में लगाई पुलिस ड्यूटी में सिपाहियों को छोड़कर लौट रहे थे। पीआरबी के बाद रोजा थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार भी पहुंच गए और घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया। रामपुर पुलिस लाइन के प्रतिसार निरीक्षक को जानकारी दी। क्रेन मंगवाकर रात में ही बस को खाई से निकलवा कर सुरक्षित स्थान पर खड़ा कर दिया गया।

### आमने-सामने दो बाइक टकराने से चार घायल, दो रेफर

**खुटार।** लखीमपुर खीरी के थाना हैदराबाद के गांव रामापुर निवासी हीरालाल का पुत्र हरिओम (24) गांव हरिहरपुर निवासी अपनी बहन के घर गया था। साथ में गांव धनसिंहपुर निवासी चंद्रसेन और खीरी के कस्बा गोला निवासी विश्वजीत जीत थे। दोपहर बाद तीनों खुटार किसी काम से बाइक से आ रहे थे। गांव चतुरपुर के पास उनकी बाइक में गांव चतुरपुर निवासी राजीव कुमार की बाइक टकरा गई। हादसे में चार लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव वालों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों को खुटार सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने गंभीर घायल हरिओम, राजीव को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। जबकि अन्य घायलों की मरहम पट्टी करने के बाद छुट्टी दे दी गई है।

# बरेली पुलिस ने टायर व्यापारी के घर दी दबिश, लटका मिला ताला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- व्यापारी और बेटे के खिलाफ नकली नोट प्रकरण में दर्ज है मुकदमा

**अमृत विचार :** नकली नोटों की तस्करी करने वाले टायर व्यापारी के घर बरेली की पुलिस ने दबिश दी। पुलिस को मकान में ताला लटका मिला। पड़ोसियों से पूछताछ करने के बाद पुलिस लौट गयी। टायर व्यापारी और उसके बेटे के खिलाफ बरेली के एक थाने में नकली नोट प्रकरण में मुकदमा दर्ज है। बरेली पुलिस ने एक आरोपी को नकली नोट के साथ गिरफ्तार किया था और बाप-बेटे कार समेत भाग निकले थे।

बरेली के इज्जतनगर थाने की पुलिस ने 11 अक्टूबर को चौक कोतवाली के मोहल्ला सिंजई निवासी विवेक मौर्या को नकली नोट के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने अभियुक्त के पास से 500 रुपये के तीन नकली नोट बरामद किए थे। जबकि चौक कोतवाली के मोहल्ला बक्सरिया निवासी टायर व्यापारी रवि अरोड़ा व उसका बेटा आयुष अरोड़ा मौका पाकर कार से भाग गए थे। मामले में टायर व्यापारी और उसके बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। आरोपी की चारखंभा पर टायर की दुकान है। विवेक पूर्व में भी जेल जा चुका है। एसओजी व तिलहर पुलिस ने एक अप्रैल 2023 को तिलहर क्षेत्र के अखिलेश और सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस ने सचिन को गिरफ्तार किया था। दोनों आरोपियों के पास 100-100 के 4200 नकली नोट बरामद हुए थे। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया था कि विवेक मौर्या ने उसे नकली नोट दिए थे। मंगलवार की शाम बरेली की इज्जतनगर थाना की पुलिस फरार टायर व्यापारी रवि अरोड़ा के घर पर दबिश दी तो मकान में ताला लटका मिला। पुलिस पड़ोसियों से जानकारी कर लौट गयी। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि बरेली पुलिस की दबिश के दौरान आरोपी के मकान में ताला लटका मिला।

# तालाब में डूबी 14 माह की बच्ची, मौत

संवाददाता, निगोही/ शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** थाना निगोही क्षेत्र के गांव मधवामई में बुधवार सुबह 14 माह की बच्ची की तालाब में डूबकर मौत हो गई। ढाई घंटे बाद उसका शव तालाब में उतराता मिला, तब परिजनों को जानकारी हो पाई।

गांव मधवामई निवासी नरेंद्र सिंह की 14 माह की बच्ची नेहा सुबह सात बजे घर के बाहर गांव के बच्चों के साथ खेल रही थी। नरेंद्र सिंह व उनकी पत्नी व तीन अन्य बेटियां अपने-अपने काम में लगे हुए थे। नेहा गांव के छोटे बच्चों के साथ खेलते-खेलते अचानक कुछ दूरी पर बने तालाब के पास पहुंच गई, जहां वह तालाब में गिर गई। करीब ढाई घंटे बाद 9:30 बजे जब काम से निपटने के बाद नरेंद्र ने बेटी नेहा के बारे में पूछा तो कोई बता नहीं पाया। उसके गायब हुए ढाई घंटा हो चुका था, इसलिए परिवार के सभी लोग परेशान हो गए और उसकी तलाश शुरू कर दी। तभी तालाब में मासूम बच्ची का शव उतराता दिखाई दिया। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। बच्ची के शव को देखकर उसकी मां सबसे अधिक बिलख रही थी।



घटना के बाद गुमसुम बैठीं परिवार की महिलाएं।

- निगोही क्षेत्र के गांव मधवामई में बुधवार सुबह हुई घटना
- ढाई घंटे बाद उतराता मिला शव तब हुई जानकारी

### घायल वृद्ध की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव उधौपारा निवासी शिवराज(68) पांच अक्टूबर को साइकिल से कहीं से शाम को लौट रहा था। हाईवे पर बरेली मोड़ और गर्रा पुल के बीच अज्ञात वाहन ने उसकी साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। मंगलवार की रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## सिलेंडर का रेगुलेटर पेट में लगने से बच्चे की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** पांच वर्षीय बालक के पेट में खेल के दौरान गैस सिलेंडर का रेगुलेटर लगने से उसकी मौत हो गई।

घटना कलान क्षेत्र के पटना देवकली गांव की है। यहां शाहिद(5) पड़ोस के रहने वाले वाले अन्य बच्चों के साथ घर के बाहर खेल रहा था। एक छह साल के बच्चे के हाथ में मय पाइप गैस सिलेंडर वाला रेगुलेटर था। वह पाइप पकड़कर रेगुलेटर को जोर से घुमा रहा था। तभी शाहिद रेगुलेटर की चपेट में आकर जमीन पर गिरा तो दर्द से तड़पने लगा। बच्चों ने जानकारी परिजनों को दी। परिजन बच्चे को वाहन से बदायूं के अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी प्रभाष चंद्र ने बताया कि पुलिस गई थी। बच्चे आपस में खेल रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया।

# चालान से बचने को दो कारों पर लगाई एक ही नंबर प्लेट

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के दो वाहनों पर एक ही नंबर प्लेट लगी मिलने पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर वाहन सीज कर दिए है। हालांकि पुलिस ने पकड़े गए लोगों को थाने से जमानत पर भी छोड़ दिया।

खुटार मेन रोड पर स्थित ठेका देशी शराब की दुकान के समीप एक दुकान के सामने मंगलवार रात करीब दस बजे दो वाहन खड़े थे। जिनकी नंबर प्लेट पर उत्तराखंड से रजिस्टर्ड एक ही नंबर पड़ा था। मुखबिर की सूचना पर दरोगा गौरव कुमार साथी दरोगा अशोक कुमार, सिपाही अनुराग गौतम, राहुल दयाल पहुंच गए। इस बीच दोनों युवक गाड़ी स्टार्ट करने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया और गाड़ी के कागज मांगे। पूछताछ में पता चला कि रामपुर के थाना बिलासपुर के गांव बिसरात नगर निवासी निशान सिंह पुत्र बलविंदर सिंह और शाहजहांपुर के कस्बा खुटार के गांव गईया फार्म हंसपुर निवासी गुरलेख सिंह पुत्र दतार सिंह है। दोनों ने पुलिस को बताया कि उत्तराखंड के रुद्रपुर में लेओट्रॉनिक स्केल्स पीवीटी, एलटीडी कंपनी में काम करते है। जहां तुलाई करने वाले कांटे बेचने व लगाने का काम करते है। दोनों गाड़ी कंपनी की है। स्विफ्ट वीडीआई गाड़ी सही है और आरसी भी है। लेकिन कागज मौजूद नहीं है। स्लेटी रंग की मारुति सुजुकी का रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया था। चालान से बचने को उस गाड़ी की नंबर प्लेट लगा ली थी। मंगलवार रात को वह दोनों खुटार में कंपनी के काम से आए थे। लेकिन पुलिस ने पकड़ लिया था। पुलिस वाहन सहित दोनों को थाने ले आई थी। बुधवार को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद वाहन सीज कर दिया और धारा 420 के तहत कार्रवाई के बाद दोनों को थाने से जमानत पर छोड़ दिया गया है।




थाने में खड़ी एक ही नंबर प्लेट लगीं गाड़ियां। • अमृत विचार

- दोनों वाहनों को किया सीज, थाने से जमानत पर छोड़े गए आरोपी
- एक आरोपी शाहजहांपुर और दूसरा रामपुर का रहने वाला
- रुद्रपुर में तुलाई वाले कांटे बेचने और लगाने का करते हैं काम

## सार-संक्षेप

### 20 पत्रावली की हुई सुनवाई, एक दंपती का समझौता

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पुलिस लाइन परिसर में बुधवार को परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन किया गया। इस दौरान 20 पत्रावली की सुनवाई हुई, जिसमें एक दंपती का समझौता हुआ और विदा किया गया। तिलहर क्षेत्र के एक दंपती जिनकी शादी चार साल पूर्व हुई थी। दोनों पति-पत्नी में कुछ समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था। बुधवार को दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केंद्र पर बुलाया गया था। दोनों पक्षों की आपस में वार्ता करा उन्हें समझाया गया। दोनों पक्ष एक साथ रहने को तैयार हो गए। दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया। जिसके बाद दोनों को विदा किया गया। इस मौके पर उप निरीक्षक मधु यादव, महिला सिपाही पूनम मिश्रा, करुणा, मोनिका रानी, सिपाही सौरभ कुमार मौजूद रहे।

### पराली न जलाने को रवाना किए जागरूकता वाहन



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिले में पराली जलाने को लेकर कृषकों को जागरूक करने के लिए बुधवार को एडीएम वित्त एवं राजस्व डॉ. सुरेश कुमार और उप कृषि निदेशक धीरेंद्र सिंह ने झंडी दिखाकर प्रचार- प्रसार वाहनों को रवाना किया। पराली जलाने की अब तक 28 घटनाओं के बारे में सेटेलाइट के माध्यम से पता लगने पर टीमों को सूचित किया गया। पराली जलाने वाले कृषकों पर शासन ने जुर्माना वसूलने और कंबाइनों को सीज करने की कार्रवाई की गई। वाहन से गांव-गांव जाकर कृषकों को पराली न जलाए जाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। किसानों को पराली से कंपोस्ट खाद बनाने की जानकारी दी जाएगी।

### कुत्ते नोंच रहे थे नवजात का शव, पुलिस ने उठवाया



**जलालाबाद/शाहजहांपुर, अमृत विचार :** फर्रुखाबाद नेशनल हाईवे पर एक धार्मिक स्थल के सामने खेत में एक नवजात शिशु का शव मिला। शव के पड़ोस में अस्पताल में उपयोग की जाने वाली सर्जिकल पन्नी थी। कुत्ते नवजात के शव को नोंच रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। जलालाबाद थाना क्षेत्र में फर्रुखाबाद रोड पर बुधवार की सुबह नौ बजे ग्रामीणों ने देखा कि एक धार्मिक स्थल के सामने सड़क के किनारे खेत में कुत्ते किसी चीज को नोच रहे थे। पास जाकर देखने पर पता चला कि नवजात का शव था। उसके पड़ोस में अस्पताल में उपयोग की जाने वाली सर्जिकल पन्नी थी। ग्रामीणों ने कुत्ते को भगाया। लोगों की भीड़ लग गयी और पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवाया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच की जा रही है।

### 25 हजार रुपये का इनामी गैंगस्टर चौसा गिरफ्तार



**जमुका/रोजा, अमृत विचार :** जुलाई माह से फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी आईटीआई कॉलोनी निवासी गैंगस्टर रजनीश उर्फ चौसा को एसओजी, सर्विलांस सेल व रोजा पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया। चौसा और उसके साथियों गांव बल्लिया निवासी कुंदन, मढिया कॉलोनी निवासी मोहित के खिलाफ थाना रोजा में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार की सूचना के आधार पर 31 जुलाई 2024 को उप्र. गिरोह बंद व समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम में मामला दर्ज किया गया था। जिसमें चौसा वांछित चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए एसपी ने 16 सितंबर को उस पर 25 हजार रुपये पुरस्कार घोषित किया था। चौसा को पुलिस टीम ने बुधवार सुबह 9 .30 बजे अटसलिया पुल के नीचे से गिरफ्तार कर लिया।

# खेतों में धान काट रहे थे किसान, तेंदुआ देख छूटे पसीने

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** तेंदुआ की चहलकदमी कई गांवों में बरकरार है और ग्रामीणों ने उसे देखा भी है लेकिन उसे पकड़ना तो दूर सूचना पर वनकर्मी पहुंचने की जरूरत तक नहीं समझते हैं। मंगलवार रात गांव हंसपुर में धान कटाई के समय तेंदुआ दिखाई दिया तो किसानों के पसीने छूट गए। लोगों के शोर मचाने पर तेंदुआ वापस गन्ने के खेत में लौट गया। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। लेकिन वनकर्मियों ने जानकारी से इनकार किया है। हालांकि, वनकर्मी तेंदुआ खीरी में देखे जाने का दावा कर रहे है। तेंदुआ देखे जाने से ग्रामीण दहशत में है।



किसानों के शोर मचाने पर भागता तेंदुआ। • अमृत विचार

गांव हंसपुर के रहने वाले किसान खेत में कंबाइन से धान कटा रहे थे। रात करीब आठ बजे गांव के रहने वाले हरप्रीत सिंह के खेत में तेंदुआ टहलता दिखाई पड़ा। जिसे देखकर उनके होश उड़ गए। खेत में मौजूद सुखविंदर सिंह, भोजराम, गयाप्रसाद, मनप्रीत सिंह सहित कई किसानों ने शोर मचा दिया, साथ ही लाठी डंडे जमीन पर पटक कर फटकार लगाई। इसके बाद ट्रैक्टर, कंबाइन की आवाज के साथ ही लाइट की रोशनी डाली। इससे तेंदुआ वापस हरप्रीत सिंह के खेत में वापस गन्ने के खेत में चला गया। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। लेकिन वनकर्मी नहीं पहुंचे। किसानों ने बताया कि तेंदुआ लगातार देखा जा रहा है। खेत में डेरा डाले हुए हैं। किसान खेतों में आने से घबराते है। किसानों ने तेंदुआ को जंगल में खदेड़ने की मांग की है।

- ए किसानों के शोर मचाने पर गन्ने के खेत में चला गया तेंदुआ
- वन विभाग ने जानकारी से किया इंकार, ग्रामीणों में दहशत

> किसी के द्वारा कोई सूचना नही दी गई है। सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी हुई थी। मौके पर पहुंचकर जांच की गई, तो मामला मैलानी खीरी का पाया गया। – **मनोज श्रीवास्तव, रेंजर खुटार**

## सीएमओ ने दो स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** सीएमओ डॉ. आरके गौतम ने बुधवार को पुवायां और सिधौली स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। पुवायां मे ओपीडी में 16 मरीज देखे जा चुके थे। संचारी रोग के बारे में आशा सुशीला से जानकारी ली। ओपीडी में एनसीडी पंजिका, औषधि पंजिका, डायग्नोसिस जांच की पंजिका का अवलोकन किया, जो सही पाया गया। आशा ने बताया कि 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चे या लक्षण युक्त टीबी के रोगी होते है, उनके घरों में स्टीकर चिपकाए जाते है। इधर सिंधौली में स्वास्थ्य केंद्र पर निरीक्षण के समय सीएमओ ने निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए। आयुष्मान कार्ड अधिक से अधिक बनाए जाएं।

# 15 दिन में निस्तारण नहीं होने पर करेंगे आंदोलन

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** नगर की तमाम समस्याओं को लेकर समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। साथ ही 15 दिनों में समस्याओं के निराकरण की मांग की, अन्यथा की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी दी।

समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के नगराध्यक्ष मोहम्मद रेहान अंसारी के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ता आंबेडकर पार्क पर एकत्रित हुए। उसके बाद सभी कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए तहसील पहुंचे, जहां उन्होंने एसडीएम जीत सिंह राय को दिए गए ज्ञापन में बताया कि तिलहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टरों द्वारा बाहर की दवा लिखी जा रही है, इस पर तत्काल अंकुश लगाया जाए। उन्होंने विद्युत विभाग द्वारा चेकिंग के नाम पर गरीबों का उत्पीड़न करने के आरोप लगाए। इसके साथ ही नगर पालिका के जलकल विभाग द्वारा पाइप लाइन डालने के दौरान खोदी गई सड़कों को ठीक न कराए जाने से जनता को होने वाली परेशानियों से अवगत कराया। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी, यदि 15 दिन में सभी समस्याओं का निस्तारण नहीं होता, तो उनका संगठन आंदोलन को बाध्य होगा। इस दौरान शब्बन अंसारी, जलील अहमद, रिजवान, धीरज कुमार सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।



एसडीएम जीत सिंह राय को ज्ञापन सौंपते सपा अल्पसंख्यक कार्यकर्ता। • अमृत विचार

- विभिन्न समस्याओं को लेकर सपा अल्पसंख्यक सभा ने सौंपा ज्ञापन

# प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त, अराजकता फैली



सत्यपाल सिंह यादव की समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते शिवपाल सिंह यादव।

संवाददाता, मीरानपुर कटरा

- शाहजहांपुर पहुंचे सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल बोले सरकार विफल
- पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यपाल सिंह की समाधि पर अर्पित किए श्रद्धा सुमन

**अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है और चारों ओर अराजकता का माहौल है। उन्होंने पूर्व विधायक राजेश के पैतृक गांव सिउरा में पहुंचकर पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यपाल सिंह की समाधि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव बुधवार की दोपहर लखनऊ से दातागंज जाते समय पूर्व विधायक राजेश यादव के गांव कटरा पहुंचे। जहां सपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। उन्होंने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय सत्यपाल सिंह और उनकी पत्नी शकुंतला यादव की समाधि पर जाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि प्रदेश की सरकार पूरी तरह विफल हो गयी। जनता में भय व्याप्त है और चारों ओर अराजकता का माहौल है। हत्या आदि की घटनाएं बढ़ गयी है। एक वर्ग विशेष जाति के लोगों का सरकार द्वारा खुला शोषण किया जा रहा है। बहराइच में हुए सांप्रदायिक दंगे पर खेद प्रकट करते हुए सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में प्रदेश की जनता में हाहाकार मचा हुआ है। कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गयी है। इस दौरान पूर्व विधायक रोशन लाल, पूर्व विधायक राजेश यादव, अमित यादव, हाजी आरिफ हुसैन उर्फ पप्पू, हरि शंकर सिंह, वेदराम यादव, केपी सिंह यादव, सुरेंद्र पाल सिंह, राधेश्याम यादव, राजेश मिश्रा, बदन सिंह, मिर्जा इल्यास बेग, शाहरुख खान, मनसूब हसन आदि मौजूद रहे।

# कार में सवार एक व्यक्ति की जेब कटी, 82 हजार रुपये गायब

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** मिर्जापुर थाना क्षेत्र में कार में सवार एक व्यक्ति की जेब कट गयी। पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कलान थाना क्षेत्र के गांव जल्लापुर निवासी रघुवीर ने बताया कि मंगलवार की सुबह पौने नौ बजे वह और उसका बेटा सचिन बझारा नकासा जाने के लिए जल्लापुर बैरियर के पास सवारी के इंतजार में खड़े थे।

उनके पास एक कार आकर रुकी और चालक ने पूछा कि कहां जाओगे। उसने कहा कि जलालाबाद जाएंगे। चालक ने उन दोनों को कार में बैठाने के बाद एक और सवारी बैठा ली। दो सवारियां नौगवां मुबारकपुर से बैठाई। चालक ने मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव जरियनपुर के निकट नखासा के पास कार रोकी तो कार से एक व्यक्ति उतरकर तेजी से भागा। रघुवीर ने देखा कि उनकी पैंट की जेब कटी हुई थी और 82 हजार रुपये गायब थे। उन्होंने मिर्जापुर थाना में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### जिम से हजारों का सामान चोरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला खलील शर्की निवासी मलिक साकिब खां ने बताया कि डाक बंगले के सामने स्थित कॉलोनी में उसका जिम है। 28 सितंबर की रात वह जिम बंद करके घर चला गया। अगले दिन सुबह छह बजे गया तो दरवाजा खोला तो देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोर अलमारी में रखे 2200 रुपये, हेडफोन, जिम के डंबल, प्लेट, रॉड, मशीनों के टूल चुराकर ले गए। बताया कि चोर रौशनदान में लगा एगजॉस्ट पंखा तोड़कर अंदर घुसे थे। पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांट थाना क्षेत्र के गांव टीचर्स कॉलोनी निवासी संजय प्रजापति ने बताया कि सोमवार की रात साढ़े दस बजे वह सीतापुर से अपने घर वापस बाइक से आ रहा था। कॉलोनी के गेट पर बाइक खड़ी कर मोबाइल से बात करने लगा। बाइक में चाबी लगी हुई थी। इस दौरान एक व्यक्ति उसकी बाइक चुराकर ले गया। उन्होंने बाइक को तलाश किया और नहीं मिली। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शिखर नर्सिंग होम
SHIKHAR NURSING HOME
Your Health... Our Priority
24 x 7 इमरजेंसी सुविधा
पैनल ऑफ डॉक्टर्स:-
Dr. R.K. Verma
M.D., P.D.C.C. Critical Care
Fellowship in Diabetes
(General & Critical Care Physician)
Dr. Jaya
M.S.
(Obstetrician & Gynaecologist)
Dr. A.K. Gupta
M.S.
(General Surgeon)
Dr. T. Singh
M.S.
(Orthopaedic Surgeon)
सुविधाएँ :
सभी प्रकार के रोगों का योग्य एवं अनुभवी चिकित्सक द्वारा उचित इलाज
वातानुकूलित जनरल एवं प्राइवेट वार्ड
आधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं लेबर रूम
डिजिटल एक्स-रे एवं ई.सी.जी.
ए.बी.जी (ब्लड गैस) की जाँच
पी.एफ.टी. (सांस सम्बन्धी रोगो की कम्यूटराइज्ड जाँच)
24x7 पैथोलॉजी लैब एवं फार्मेसी की सुविधा
गंभीर रोगो के इलाज हेतु एस.डी.यू. की सुविधा
मंगलवार को ओ.पी.डी. नि:शूल्क
बी.पी.एल. तथा अंत्योदय कार्ड धारक मरीजों के लिए सप्ताह के सातों दिन 24 घटे चिकित्सक परामर्श (ओ.पी.डी.पर्चा) फ्री
पता- निकट घंटाघर, मेन मार्केट उझानी (बदायूँ)
7465002020
7669891208

शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग
Courses Offered :-
ए.एन.एम.
(A.N.M.) For Females only*
Course Code- 13
Recognized by Indian Nursing Council
Affiliated to UP State Medical Faculty, Lucknow
College Code - 092
बी. फार्मा.
Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I.
Affiliated to A.K.T.U. (Lucknow)
College Code - 969
डी. फार्मा.
Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I.
Affiliated to B.T.E. (Lucknow)
College Code - 2065
कॉलेज परिसर : केन्द्रीय विद्यालयसे 600 मी. आगे (कादरचौक की तरफ), शेखूपुर, बदायूँ
shikharinstituteofpharmacy@gmail.com,
shikharinstituteofnursing@gmail.com
www.sip-budaun.co.in
8267000006, 9690028500
7669291208, 9412295244

# राशन में मिट्टी: एफसीआई, विपणन के छह अफसर निलंबित

## कोटेदार ऊपर से ही गंदा राशन आने की बात कहते हुए झाड़ रहे थे पल्ला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



- **जिले में बंट रहा था मिट्टी मिला खाद्यान्न, शिकायत पर डीएम ने कराई जांच तो फूटा भंडा**

**अमृत विचार :** मिट्टी मिला खाद्यान्न बांटने के मामले में डीएम ने कार्रवाई करते हुए एफसीआई और खाद्य एवं विपणन विभाग के छह अधिकारियों को निलंबित कर दिया है।

जिले में मिट्टी मिला खाद्यान्न बंट रहा था, लेकिन लोग आवाज नहीं उठा रहे थे। कोटेदार ऊपर से ही गंदा राशन आने की बात कहते हुए अपना पल्ला झाड़ रहे थे। एफसीआई और विपणन के अधिकारी भी ऊपर से ही मिलावटी खाद्यान्न आने की बात कहकर जिम्मेदारी से बच रहे थे। शिकायत मिलने पर डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने पूर्ति विभाग, खाद्य सुरक्षा और विपणन विभाग की संयुक्त टीम बनाकर जांच कराई तो भांडा फूट गया। जांच के दौरान कई ग्राम पंचायतों में खाद्यान्न की गुणवत्ता बहुत खराब पाई गई। इसके बाद जनता को मिट्टी मिला खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर गाज गिर गई।

बुधवार को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत वितरित होने वाले गेहूं के भंडारण स्थल भारतीय खाद्य निगम के गोदाम रौसरकोठी पर जिलाधिकारी की ओर से गठित टीम से जिला पूर्ति अधिकारी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी व अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी पहुंचे। संयुक्त टीम की ओर से रखे खाद्यान्न (गेहूं) का भौतिक सत्यापन व जांच की गई। जांच में एफसीआई गोदाम, रौसरकोठी में रखे गेहूं की गुणवत्ता सही मिली। एफसीआई टीम की ओर से मौके पर मौखिक रूप से बताया गया कि तीन दिन पहले एफसीआई गोदाम में रखे गेहूं की डस्टर से सफाई कराई गई है। प्रकरण में जांच के दौरान जिम्मेदार पाए गए एफसीआई के गुण नियंत्रक विशाल शर्मा, तकीनीकी सहायक प्रथम पूनम व हरिकांत को निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को लिखा गया। इसके साथ ही विपणन विभाग के प्रेषण प्रभारी विपणन निरीक्षक रामकृष्ण दुबे, रविकांत मिश्रा, मोहित कुमार को भी निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई करने की संस्तुति जिलाधिकारी की ओर से उच्चाधिकारियों व शासन से की गई है।

### एफसीआई की ओर से ये दी गई जानकारी

एफसीआई की ओर से बताया गया कि सितंबर महीने में खाद्यान्न का निर्गमन व उठान के लिए तैनात प्रभारी विपणन निरीक्षक, आरएफसी शाहजहांपुर व एफसीआई के गुणवत्ता नियंत्रण तकनीकी सहायक जिम्मेदार हैं। उनके द्वारा सही तरीके से खाद्यान्न के गुणवत्ता की परख नहीं की गयी और खराब खाद्यान्न का निर्गमन विक्रेताओं को कराया गया।

# सचिव के फर्जी हस्ताक्षर कर मनरेगा में हो रहा कार्य

- **बिना यूजर आईडी और पासवर्ड के पास हो रहे भुगतान**

**बंडा, अमृत विचार :** बंडा ब्लॉक में सचिव के हस्ताक्षर के बिना मनरेगा के कार्य किए जा रहे हैं। चार माह से तैनाती होने के बाद भी उसे अब तक यूजर आईडी और पासवर्ड नहीं दिया गया जबकि ब्लॉक का एक प्राइवेट कर्मचारी लगातार फर्जी हस्ताक्षर कर मनरेगा का भुगतान करवा रहा है।

बंडा ब्लॉक में आलमपुर पिपरिया, लुकमानपुर बहेड़ा, बिराहिमपुर झंझरिया, कुंवरपुर रत्ती, ददिउरी, बिलंदपुर सुंदरपुर ग्राम पंचायतों में बिना सचिव के हस्ताक्षर के फर्जी तरीके से मनरेगा भुगतान किया जा रहा है। वहीं सचिव बंडा ब्लॉक में चार माह से तैनात है लेकिन अब उसे उसे ग्राम पंचायत का यूजर आईडी और पासवर्ड नहीं मिल सका है। इतना ही नहीं ब्लॉक में तैनात एक प्राइवेट कर्मचारी के द्वारा लगातार सचिव के फर्जी हस्ताक्षर करके कार्य करवाया जा रहा है। सचिव ने इस मामले की शिकायत डीसी मनरेगा से की है। इतना ही नहीं सचिव के बिना हस्ताक्षर के मनरेगा के सारे कार्य हो रहे हैं।

> ब्लॉक में एक कंप्यूटर ऑपरेटर तैनात है, जिसके पास यूजर आईडी है, वह कार्य कर रहा है।
>
> – **सर्वेश कुमार**, बीडीओ

# धूमधाम से मना शनिदेव का स्थापना दिवस

संवाददाता, तिलहर



शनिदेव का पूजन करते भक्त। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नवग्रह एवं बारह राशि समन्वय शनिदेव मंदिर का आठवां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर भव्य श्रृंगार कर हवन पूजन कर भोग अर्पण कर केक भी काटा गया।

नगर की पंजाबी कॉलोनी स्थित गीता मंदिर प्रांगण में बुधवार शाम छह बजे पंडित नवनीत शर्मा के सानिध्य में मुख्य यजमान बतौर सुमित गुप्ता , शिल्पी गुप्ता, धीरज साहनी, मनोज प्रबल ने पूजन किया। तदोपरांत मंदिर में शनिदेव प्रतिमा, शनि सिला, नवाग्रह व बारह राशियों पर शनि भक्तों ने माल्यार्पण किया। सरसों तेल से सिला का अभिषेक करने के बाद आरती की गई। इसके बाद केक काटा गया।

कार्यक्रम में सुधीर अरोड़ा , अमित गुप्ता, गोपी अरोड़ा, रामकुमार गुप्ता, भोगेंद्र सिंह, छोटेलाल, ज्ञानचंद गुलाटी, प्रेमकुमार, पूनम साहनी, दीपिका साहनी, चेतना सेठी, वंदना अरोड़ा, रिया सेठी, प्रदीप गुप्ता, संजीव कुमार समेत बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए।

# बंडा में जल्द होगा बस अड्डे का निर्माण



भूमि पूजन करते विधायक चेतराम व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, बंडा

- **विधायक ने सैदापुर में पंचायत घर निर्माण के लिए किया भूमि पूजन**

**अमृत विचार :** विधायक ने सैदापुर गांव में पंचायत घर की नींव रखते हुए भूमि पूजन किया। इस दौरान उन्होंने बंडा को जल्द से जल्द बस अड्डे की सौगात देने की बात कही।

बुधवार को बंडा के गांव सैदापुर डावचाट में विधायक चेतराम ने पंचायत घर की नींव रखते हुए भूमि पूजन किया। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि अर्जुन यादव ने ग्रामीणों को पंचायत भवन के निर्माण के बाद होने वाली सभाओं के बारे में बताया। कहा कि पंचायत भवन बनने के बाद किसी ग्रामीण को बंडा ब्लॉक के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। यहां सभी की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। वहीं विधायक चेतराम ने ग्रामीणों को भाजपा सरकार की उपलब्धियां बताते हुए जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने बंडा के लोगों के लिए जल्द से जल्द सरकारी बस अड्डे की सौगात दिलवाने की बात कही। इस दौरान बीडीओ सर्वेश कुमार, सचिव राकेश शुक्ला, डॉ. महेश योगी, थाना प्रभारी सोनी शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

Lifelines OF BAREILLY
MEDICAL
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा नि:शुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये नि:शुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव
प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुश्शरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली

चरक हैल्थ केयर
चरक पैथलैब
डॉ. राकेश मिश्रा
(MD, Dip Cardiology)
हृदय, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर एवं श्वांस रोग विशेषज्ञ
नियर चाट बाजार रोड़, 39-बी, एकता नगर, बरेली
समय : प्रातः 9:00 am-10 am एवं सायं 3:00 pm-5:30 PM
मो. 9410200042, 9410200047

# झोलाछापों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**बंडा, अमृत विचार:** बंडा में झोलाछाप के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष ने डीएम को पत्र लिखते हुए जल्द कार्रवाई किए जाने की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक गुट के प्रदेश अध्यक्ष मनजीत सिंह धालीवाल ने बुधवार को डीएम को पत्र लिखते हुए बताया कि मुख्यमंत्री योगी ने हाल ही में पूरे राज्य में झोलाछाप, गैर पंजीकृत अस्पतालों और डायग्नोस्टिक सेंटरों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे, तो बंडा में झोलाछाप के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है ? जो लोगों की जिंदगियों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। कई लोग जान गंवा चुके हैं लेकिन प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।

आरोप लगाते हुए कहा कि बंडा के मोहल्ला बृजपाल नगर कॉलोनी में करीब तीस वर्षो से अपनी दुकान चला रहे एक डॉक्टर और स्टाफ के पा कोई डिग्री है और न ही डिप्लोमा। गांव बिराहिमपुर झंझरिया में भी एक झोलाछाप मरीजों को भर्ती करके उनसे पैसे लूट रहा है। बिना लाइसेंस के इस डॉक्टर के यहां मेडिकल स्टोर संचालित किया जा रहा है। लगभग हर गांव में एक झोलाछाप है।

# कोरों के पेड़ काटने के मामले में माफियाओं का नहीं लगा सुराग

संवाददाता, खुटार

- **वनकर्मी की तरफ से अज्ञात में केस काटकर लीपापोती शुरू**

**अमृत विचार :** सिहुरा वनचौकी के पास कोरों के चार पेड़ काटे जाने के मामले में छह दिन हो चुके है। लेकिन वन विभाग की कार्रवाई अधर में लटकी है। इसमें वनकर्मी की तरफ से अज्ञात में केस काटने के बाद अब लीपापोती शुरू कर दी गई है। लेकिन अधिकारी जांच का बहाना बनाकर पल्ला झाड़ रहे है।

जंगल से अवैध कटान को धीरे-धीरे छह दिन गुजर गए हैं। इसके बावजूद वन विभाग के हाथ न तो लकड़ी लग पाई है और न ही पेड़ काटने वाले माफियाओं का कोई सुराग। जबकि एसडीओ डॉ. सुशील कुमार ने जांच में अवैध कटान पाया था और लापरवाही बरतने वाले वनकर्मियों पर कार्रवाई तय होने का दावा भी किया था। इसके बावजूद जांच का बहाना किया जा रहा है। खुटार के सिहुरा वनचौकी के पास बरनई जंगल में 11 अक्टूबर को माफियाओं ने बेशकीमती चार पेड़ काट दिए थे। लकड़ी को वाहन से ले जाया गया था। करीब दो बोटा लकड़ी छोड़ गए थे। इस मामले की सूचना पर खुटार के वनकर्मियों ने 13 अक्टूबर को जांच की थी लेकिन वनकर्मी मामला दबाने में जुटे थे। लेकिन लोगों ने इसकी शिकायत वन विभाग के अधिकारियों से कर दी थी। डीएफओ के आदेश पर 14 अक्टूबर को एसडीओ ने शाहजहांपुर की टीम के साथ मौके पर पहुंच कर जांच की थी तो अवैध कटान पाया था।

> मामले में अभी जांच चल रही है, जांच के बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी और आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।
>
> – **डॉ. सुशील कुमार** एसडीओ वन विभाग

## खेत में घुसे जानवर, विरोध करने पर ग्रामीण को पीटा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जैतीपुर क्षेत्र के गांव पलिहुरा निवासी झंडू ने बताया कि मंगलवार की शाम पांच बजे वह खेत पर नदी के किनारे जानवर चरा रहा था। गांव के दृगपाल ने अपने जानवर उसके तिल की खड़ी फसल में कर दिए, जिससे जानवर उसकी फसल खाने लगे। उसने जानवर खेत से निकालने के लिए कहा तो आरोपी नाराज हो गया और उसे पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## महिला के साथ की अश्लील हरकतें

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि मंगलवार की रात 8 बजे गांव के रामजी व राजा उसके दरवाजे पर आए और गाली देने लगे। विरोध करने पर उसे मारा पीटा और कपड़े फाड़ दिए। आरोपियों ने उसके साथ अश्लील हरकतें की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# आए दिन जाम से जूझ रहे लोग... जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

संवाददाता, कलान



हाईवे पर लगे जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

- **स्टेट हाईवे के किनारे अतिक्रमण होने के कारण लगता है जाम**

**अमृत विचार :** कस्बे में जाम की समस्या दिन पर दिन विकराल होती जा रही है। यहां तक कि लोगों को पैदल निकलने में भी कठिनाई होती है। स्टेट हाईवे से लेकर अन्य सड़कों पर अतिक्रमण के कारण जाम बढ़ रहा है आए दिन जाम लगता है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी जानकर भी अंजान बने हुए हैं जाम के समय स्थानीय पुलिस भी नजर नहीं आती है। आज जाम की समस्या से लोग परेशान रहे।

स्टेट हाईवे से लेकर परौर रोड समेत अन्य सड़कों पर भी लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। स्टेट हाईवे का तो हाल ही खराब है। यहां तो दुकानदारों ने अपने दुकानों के सामने अतिक्रमण कर रखा है। खोखे रख लिए हैं, तख्त आदि पड़े हुए हैं वहीं रोडवेज बसें भी सड़क पर खड़ी होकर सवारी भरती हैं। प्राइवेट बस संचालकों ने भी सड़क को भी अपना अड्डा बना लिया है। दोनों तरफ हाईवे के प्राइवेट बसें खड़ी होती हैं और सवारियां भी भरती हैं। वहीं डग्गामार वाहन चालक ऑटो ई रिक्शा स्टेट हाईवे से लेकर अन्य सड़कों पर खड़े रहते हैं। जिस कारण जाम की समस्या सामने आ रही है। बुधवार को जाम की समस्या दिखी, एक तो त्योहारों के कारण बाजार में भीड़ भाड़ भी बढ़ गई है। मंगलवार को साप्ताहिक बाजार होने के कारण सुबह से ही कस्बे में भीड़ रही, जिस स्टेट हाईवे पर भी कई बार जाम लगा। लेकिन पुलिस का कहीं अता-पता नहीं था, केवल होमगार्ड ही नजर आ रहे थे। जाम लगने के राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नागरिकों ने बताया कि अतिक्रमण हटवाने को लेकर नगर पंचायत व स्थानीय पुलिस भी ध्यान नहीं दे रही है। नगर पंचायत को अतिक्रमण की समस्या को देखते हुए अभियान चलाने की जरूरत है, लेकिन अधिकारी व जिम्मेदार उदासीन हैं।

> कस्बे में जाम न लगे इसके लिए पुलिस की ड्यूटी लगाई जाती है, स्टेट हाईवे पर पुलिस की टीम में तैनात की जाती है इसके बाद भी अगर जाम की समस्या सामने आती है तो अतिरिक्त पुलिस फोर्स तैनात किया जाएगा।
>
> –**प्रभाष चंद्र**, थाना प्रभारी, कलान

## एक नजर

### नाबालिग को भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया बताया कि 14 अक्टूबर की रात लगभग एक बजे गांव चादर गोटिया निवासी अमित उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया ।पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### किशोरी को अगवा कर ले गया युवक

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** तिलहर क्षेत्र के एक मोहल्ले की महिला ने बताया कि 26 सितंबर की शाम सात बजे उसकी 19 वर्षीया पुत्री को सलमान अगवा करके ले गया है। उसने पुत्री को तलाश किया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। आरोपी का मोबाइल बंद आ रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### युवक को डंडे से पीटकर किया लहूलुहान

**जलालाबाद, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला सादुल्लागंज निवासी राजेंद्र ने सुबह थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मंगलवार की रात उनका छोटा भाई गालियां दे रहा था, जब उसने गालियां देने से मना किया, तो उसने बड़े भाई राजेंद्र के डंडों से पीट दिया। जिससे उसका सिर फट गया और वह लहूलुहान हो गया। पुलिस ने तहरीर लेने के बाद पीड़ित को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी।

# मंडल चैंपियन बनने को खिलाड़ियों में कड़ा मुकाबला

## एक-एक पदक के लिए बहाया पसीना, जेडी ने खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर बढ़ाया उत्साह

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** 68वीं मंडलीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का दूसरा दिन खिलाड़ियों के लिए काफी उत्साह भरा रहा। परमवीर चक्र नायक जदुनाथ सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम हथौड़ा बुजुर्ग में बुधवार को मंडल के चारों जनपदों से जुटे खिलाड़ियों ने चैंपियन बनने के लिए जी-तोड़ कोशिश की और विजेता बन मेडल पर कब्जा जमाया। संयुक्त शिक्षा निदेशक (जेडी) राकेश कुमार ने उपस्थिति दर्ज कराते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। दूसरे दिन बरेली और बदायूं के खिलाड़ियों का दबदबा रहा।

इस दौरान प्रतियोगिता अध्यक्ष जेडी राकेश कुमार ने खिलाड़ियों और व्यवस्था से जुड़े शिक्षकों से व्यवस्था संबंधी जानकारी भी ली। इतना ही नहीं, उन्होंने प्रतियोगिता संयोजक डीआईओएस हरिवंश कुमार, आयोजक प्रधानाचार्य अनिल कुमार के साथ 400 मीटर बालक हर्डल रेस का आरंभ कराया और विजेताओं को मेडल पहनाकर उनका उत्साह बढ़ाया। इससे पहले सुबह आठ बजे से दूसरी दिन की प्रतियोगिताएं शुरू करा दी गईं, ताकि लंबी दूरी की दौड़ में खिलाड़ी धूप और गर्मी से बचे रह सकें। दिनभर चलीं तमाम प्रतियोगिताएं कराने में गुरमीत सिंह, राहुल कुमार सिंह, अनिल मालवीय, राम निरंजन वर्मा, रत्नेश शुक्ला, अंग्रेज सिंह, योगेंद्र कुमार, सचिन प्रेमी, सुमित सिंह, रबी उल्ला, संजय राठौर, अनूप मिश्रा, सौरभ कुमार, रुचि सिंह, सत्यपाल सिंह, चारु पवार, कंचन सक्सेना, सौरभ सक्सेना, शैलेंद्र, गंगाराम प्रेमी, वैभव सिंह, सुदीप दास, रवि कुमार, मनोज कुमार, पवन कुमार राजपूत, सदफ खान आदि खेल शिक्षकों का सहयोग रहा। जबकि विभिन्न व्यवस्थाओं में राकेश कुमार, ब्रजेश सावर्ण, नवाब अली अंसारी, रामफल सिंह, योगेश कुमार, प्रधानाचार्य संजय कुमार मौर्य, डॉ. अमीर सिंह, धनवीर सिंह, मोहम्मद अयूब खां, जेपी मौर्य, ओम प्रकाश, नईम अहमद, सियाराम, विमला देवी, खुशनुमा बानो, गौरी शंकर वर्मा, शिवेंद्र कुमार आदि शिक्षकों और प्रधानाचार्यों का योगदान रहा।



मेडल दिखाकर खुशियां मनाते बाधा दौड़ के विजेता। साथ में हैं जेडी राकेश कुमार और संयोजक हरिवंश कुमार। ● अमृत विचार

- मंडलीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का दूसरा दिन

### सब जूनियर: 600 मीटर दौड़ में मुनाजिर और नंदिनी विजयी

सब जूनियर वर्ग की 600 मीटर दौड़ में बरेली के मुनाजिर को प्रथम, अवनीश को द्वितीय, पीलीभीत के पुष्पेंद्र सिंह को तृतीय, बालिकाओं में बदायूं की नंदिनी को प्रथम और अंजू कुमारी को द्वितीय, शाहजहांपुर की प्रांजलि को तृतीय स्थान मिला। इसी तरह 200 मीटर दौड़ में बरेली के मुनाजिर और पुष्पेंद्र, पीलीभीत के अभय प्रताप सिंह, ऊंची कूद में पीलीभीत के अर्पित कुमार, बदायूं के मोहित, बदायूं के शशांक गुप्ता, बालिकाओं की ऊंची कूद में बदायूं की कविता, पीलीभीत की सलोनी, बदायूं की राज कुमारी, 200 मीटर दौड़ में बदायूं की लक्ष्मी पाल, शाहजहांपुर की रंजना देवी और बदायूं की अनामिका ने क्रमश : प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया।

### सीनियर: भाला फेंक में शाहजहांपुर के अलीमुद्दीन विजेता

दूसरे दिन हुई सीनियर वर्ग की चक्का फेंक प्रतियोगिता में बदायूं के तर्वशु चौधरी ने प्रथम और अतुल ने द्वितीय, पीलीभीत के रवि कुमार ने तृतीय और बालिका वर्ग में बरेली की पूजा कुमारी ने प्रथम, बदायूं की महक ने द्वितीय और शिवानी ने तृतीय स्थान पाया। इसी तरह हैमर थ्रो में शाहजहांपुर के आशुतोष प्रताप सिंह, बदायूं के नदीम अब्बास ओर तर्वशु चौधरी, त्रिकूद में बदायूं के नदीम अब्बास और राघवेंद्र कुमार, पीलीभीत के अंकित कुमार, 200 मीटर रेस में पीलीभीत के हरिश्चंद्र, बरेली के कदीर खां और मो. जुनैद खां, 5000 मीटर वाक रेस में पीलीभीत के ऋषि कुमार, बदायूं के नंद किशोर, शाहजहांपुर के राज कुमार, 5000 मीटर दौड़ में बदायूं के अर्जुन मौर्य, बरेली के शेखर सिंह और रोहित भदौरिया, लो हर्डल रेस में बदायूं के अजय कुमार, बरेली के हितांशु कनौजिया, शाहजहांपुर के अजय पाल, भाला फेंक में शाहजहांपुर के मो. अलीमुद्दीन, बदायूं के सूर्य प्रकाश, शाहजहांपुर के अंश सक्सेना, बालिकाओं की त्रिकूद में बदायूं की निशा और अंशिका, पीलीभीत की छाया मौर्या, 3000 मीटर दौड़ में शाहजहांपुर की गुनगुन मौर्या और बदायूं की छाया देवी, बरेली की यशिका सागर और सोमश्री, 3000 मीटर वाक रेस में शाहजहांपुर की दुर्गा, बरेली की यशिका सागर, पीलीभीत की ज्योति पंत, 200 मीटर दौड़ में बरेली की अनुष्का कुमारी, बदायूं की पूनम और अंजली तथा शाहजहांपुर की नेहा, हैमर थ्रो में बदायूं की गुंजन सिंह और शिवानी, शाहजहांपुर की शीजरा आलम, 400 मीटर बाधा दौड़ में बरेली की रिद्धम, बदायूं की अंजली यादव और अनिष्का, ऊंची कूद में बरेली की आकांक्षा, बदायूं की अनुष्का चौधरी और मुस्कान ने क्रमश : प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाया।



एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 400 मीटर हर्डल रेस में बाधा पार करती खिलाड़ी।



प्रतियोगिता के दूसरे दिन ऊंची कूद में जीत को जोर लगाता खिलाड़ी।

### जूनियर: 3000 मीटर वाक रेस में आदित्य-काजल की जीत

जूनियर वर्ग की प्रतियोगिताओं में हैमर थ्रो में बदायूं के अमृतांक कौशिक को प्रथम, पीलीभीत के समी अखलाक रजा को द्वितीय, बदायूं के शिवराज को तृतीय, बालिकाओं में बदायूं की आशी सैनी को प्रथम, पीलीभीत की गीतिका गिरी को द्वितीय और शाहजहांपुर की अलीशा को तृतीय स्थान मिला। इसी तरह 3000 मीटर वाक रेस में शाहजहांपुर के आदित्य, पीलीभीत के जीत कुमार और कामरान अली, 200 मीटर दौड़ में पीलीभीत के ताजीम खां, बरेली के फैजान, शाहजहांपुर के आयुष गंगवार, त्रिकूद में बदायूं के रशिक शर्मा, पीलीभीत के रोहित सिंह और मो. अवि, भाला फेंक में शाहजहांपुर के विशाल पटेल, बदायूं के रशिक शर्मा, शाहजहांपुर के अभिनव कुमार, 100 मीटर बाधा दौड़ में बरेली के मोहित शर्मा, पीलीभीत के आर्यराज सिंह, शाहजहांपुर रवि प्रताप सिंह, बालिकाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में बदायूं की मुस्कान, शाहजहांपुर की वंदना, पीलीभीत की काजल, चक्का फेंक में बदायूं की अर्पिता सिंह और स्वाति, शाहजहांपुर की वंदना, त्रिकूद में बदायूं की मुस्कान, पीलीभीत की कशिश और निशा मौर्या, 3000 मीटर वाक रेस में बरेली की काजल, शाहजहांपुर की कावेरी, बदायूं की सलोनी, 3000 मीटर दौड़ में बरेली की अंजलि, पीलीभीत की भावना, बदायूं की मानसी, ऊंची कूद में पीलीभीत की कशिश, बरेली की अंशु और प्राची, 200 मीटर दौड़ में बरेली की रूबी गंगवार, बदायूं की हिना और शाहजहांपुर की राधिका ने क्रमश : पहला, दूसरा और तीसरा स्थान पाया।

# गोल्डन फ्लावर स्कूल के छात्रों ने लखनऊ की टीम को हराया

संवाददाता, खुटार

- गोल्ड मेडल जीता, विजेता टीम को प्रबंधक ने किया सम्मानित
- 15 अक्टूबर को लखनऊ में आयोजित हुई थी वालीबॉल प्रतियोगिता

**अमृत विचार :** प्रदेश के कई स्थानों से आए छात्रों ने लखनऊ के एक स्कूल में हुए वालीबॉल प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में खुटार के गोल्डन फ्लावर पब्लिक स्कूल के छात्रों ने भी भाग लिया और अच्छा प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया। विजेता टीम के लौटने पर स्कूल के प्रबंधक हरदेव सिंह ने उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

प्रबंधक हरदेव सिंह ने बताया कि लखनऊ के विलीबर क्रिकेट अकादमी में पेसिफिक स्पोर्ट्स एसोसिएशन सातवां ओपन स्टेट कप लखनऊ में वॉलीबॉल मैच का आयोजन 15 अक्टूबर को किया गया था। जिसमें प्रदेश के हर जिले से तमाम स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया था। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में गोल्डन फ्लावर पब्लिक स्कूल की टीम ने अन्य टीमों को हराकर अच्छा प्रदर्शन कर जीत हासिल की।

प्रतियोगिता में लखनऊ की टीम को हराकर वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल का गौरव बढ़ाया है। साथ ही गोल्ड मेडल जीता है। बुधवार को विजेता टीम स्कूल लौटी। टीम की कोच जसविंदर सिंह की देखरेख में वॉलीबॉल टीम के कप्तान गुरलाल सिंह ने अपनी टीम को गोल्ड मेडल विजेता बनाया। इसमें उप कप्तान वंश शर्मा, लवप्रीत सिंह, शाहनवाज खान, विक्रम सिंह, करनदीप सिंह, दिलराज सिंह सहित अन्य ने टीम को विजेता बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई। विजेता टीम को स्कूल के प्रबंधक हरदेव सिंह सिद्धू, निदेशक डॉक्टर नवदीप सिंह सिद्धू और प्रधानाचार्य राजकुमार साहू ने बच्चों एवं कोच जसविंदर सिंह को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

स्कूल के प्रबंधक हरदेव सिंह सिद्धू ने विजेता टीम को शुभकामनाएं दी। इस दौरान स्कूल के अध्यापकों ने भी टीम का गौरव बढ़ाया।



विजेता टीम को पुरस्कृत करते स्कूल प्रबंधक हरदेव सिंह। ● अमृत विचार







## रिसेप्शन में बुलाईं नर्तकियां, पुलिस पहुंची तो मची भगदड़

**विजय नगला/बिनावर, अमृत विचार :** शादी समारोह में नर्तकियों के डांस की सूचना पर पुलिस पहुंची तो भगदड़ मच गई। पुलिस ने चेतावनी दी।

मामला थाना बिनावर क्षेत्र के गांव मिलक गौटिया निवासी इस्फाक के बेटे अफाक की शादी 14 अक्टूबर को बरेली की युवती से हुई थी। मंगलवार को रिसेप्शन में नर्तकियां बुलाई गई थीं । रात को रिश्तेदार खाना खा रहे थे। तो कुछ रिश्तेदार नर्तकियों का डांस देख रहे थे। किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वीडियो बिनावर पुलिस तक पहुंचा। प्रभारी निरीक्षक ने रात लगभग 12 बजे गांव में पुलिस बल भेजा। पुलिस को देखते ही भगदड़ मच गई। कुछ लोगों के मामूली चोट आईं। कार्यक्रम स्थल खाली हो गया। अपराध निरीक्षक सहंसरवीर सिंह ने बताया कि डांस पार्टी का वीडियो वायरल हुआ था। पुलिस पहुंची तब तक लोग भाग गए।वीडियो के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## चीनी मिलों को फिर दिए बकाया भुगतान के निर्देश

**बदायूं, अमृत विचार :** चीनी मिलों को अंतिम चेतावनी दी गयी है। अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह तक यदि भुगतान नहीं किया गया तो कार्यवाही की जाएगी।

यदु शुगर मिल पर गन्ना किसानों का 26 करोड़ रुपया बकाया है। जबकि न्योली शुगर मिल पर 8 करोड़ रुपये बकाया है। जिला गन्ना अधिकारी ने बुधवार को दोनों चीनी मिलों को अंतिम चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि इस माह के अंतिम सप्ताह तक शत प्रतिशत भुगतान कर दिया जाए। अन्यथा इस साल उनके गन्ना सेंटर काट दिए जाएंगे। जिला गन्ना अधिकारी अशर्फीलाल ने कहा कि गन्ना किसानों का पुराना बकाया भुगतान कराना पहली प्राथमिकता है। इस महीने के अंतिम सप्ताह तक भुगतान नहीं किया गया तो चीनी मिलों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## अधिकारियों की छुट्टियां हुईं रद्द

**बदायूं,अमृत विचारः** जिला मजिस्ट्रेट निधि श्रीवास्तव ने आगामी त्यौहारों पर शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से अधिकारियों की छुट्टियां रदद कर दी हैं। कहा कि बिना इजाजत कोई भी अधिकारी जिले से बाहर नहीं जाएगा और न ही अवकाश स्वीकृत किया जाएगा।

## ग्राम सभाओं में बैठक कराने के डीएम ने दिए आदेश

**बदायूं,अमृत विचार :** ग्राम पंचायतों में अधिकारियों की मौजूदगी के दौरान बैठकों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें गांव के विकास संबंधी प्रस्ताव तैयार कर उसकी जियो टैगिंग की जाएगी। इसके निर्देश डीएम ने सचिवों और एडीओ पंचायत को दिए हैं। डीएम ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्य योजना तैयार करने का आदेश दिया है। कहा है कि प्रत्येक ग्राम सभा में 03 से 15 नवम्बर के मध्य ग्राम सभा की बैठक आयोजित कर ली जाएं। जिसमें सभी विभागों की योजनाओं को शामिल करते हुए प्रस्ताव तैयार किया जाए। जिसे 15 दिसंबर तक जियो टैग कर दिया जाए। जिसके निर्देश डीएम ने डीपीआरओ, एडीओ पंचायत को दिए हैं।

## बिल्सी में शुरू हुई धान की खरीद

**बिल्सी।** गल्ला मंडी में स्थापित धान खरीद केंद्र पर मंगलवार की शाम धान की खरीद शुरू हो गई। उपजिलाधिकारी रिपुदमन सिंह ने केंद्र पर धान बेचने आए प्रथम किसान दुगरईया ब्राह्मपुर निवासी मोहम्मद वारिस को उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया। किसान ने यहां करीब 25 कुंटल धान को बेचा है। उपजिलाधिकारी ने क्षेत्र के किसानों से केंद्र पर ज्यादा से ज्यादा धान बेचने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि सरकार ने जो भी धान को निर्धारित किया है उसी के हिसाब से धान की खरीद की जाएगी। केंद्र पर बिचौलियों पर किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। इस मौके पर मंडी सचिव अरविंद चौहान, एसएमआई धर्मवीर सिंह आदि मौजूद रहे।


सही परामर्श सही इलाज



डा. कक्कड़
(बी.एच.एम.एस.)
09897052236

नासमझी या जानबूझ कर की गई गलतियों का पता तब लगता है जब आप अपने अन्दर कुछ कमी सी महसूस करते हैं मेरे नौजवान दोस्तों-यदि आप किसी कारणवश आप बुरी आदतों, स्त्री-पुरूष रोग, पेशाब में जलन, उत्साह, आनन्द, जोश की कमी, सिर में चक्कर आना, मर्दाना कमजोरी, शुक्राणु की कमी एव सन्तान न होने के कारण अपने जीवन की सच्ची खुशियों से वंचित है तो अच्छे इलाज के लिए यहाँ से चिकित्सा लें।

यदि आप
- मर्दाना कमजोरी
- शुक्राणु की कमी
- शीघ्रपतन

का अच्छा इलाज करवाना चाहते हैं तो यहाँ से चिकित्सा लें

- जगह-जगह इलाज करवाकर बिगड़े हुए मरीज, लखनऊ, दिल्ली जाने से पहले परामर्श लें।
- क्वालीफाईड अनुभवी चिकित्सक से मिलकर लाभ प्राप्त करें।

डा. आर.पी. कक्कड़
110-सी, मॉडल टाउन, निकट बड़ा गुरूद्वारा, (इन्द्रापार्क के पास) बरेली
09897052236
www.drrpkakkarclinic.com
मिलने का समय
प्रातः 10 से 5 बजे तक

खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षो से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic



पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।



नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 13 अक्टूबर 2024, रविवार
27 अक्टूबर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# बंद नहीं किए गए टेंपो, बसें सरेंडर करने पहुंचे यूनियन के लोग

## जिला बस ऑपरेटर्स यूनियन ने अधिकारियों से की थी चौराहों से टेंपो, ई-रिक्शा का संचालन बंद कराने की मांग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बस ऑपरेटर्स यूनियन के कई बार मांग करने के बाद भी टेंपो का चौराहों से संचालन बंद नहीं हो रहा है। गुस्साए यूनियन के पदाधिकारी, प्राइवेट बसों के मालिक और स्टाफ बसों को सरेंडर कराने के लिए दर्जनों बस लेकर एआरटीओ कार्यालय पहुंचे। इससे जाम लग गया। कार्यालय के बाहर दरी बिछाकर धरना शुरू किया। सुरक्षा के मद्देनजर सिविल लाइन, उझानी और कुंवरगांव पुलिस के अलावा पीएसी के जवान तैनात रहे। एआरटीओ प्रवर्तन और सीओ सिटी के आश्वासन के बाद यूनियन के पदाधिकारी और बस मालिक माने।

बस ऑपरेटर्स यूनियन के जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह ने बताया कि टेंपो को उनके निर्धारित स्थान से ही चलवाया जाए। वह शहर में कहीं भी खड़े होकर सवारियां भरकर ले जाते हैं। बसों को सवारियां नहीं मिलतीं। आज बसों की इतनी कमाई भी नहीं बची है कि स्टाफ को वेतन दें, टैक्स और इंश्योरेंस करा सकें। पार्किंग शुल्क भी 700 रुपये लिया जाता है। डग्गामारों की वजह से बसों के संचालन में अपने पास से खर्च करना पड़ रहा है। कई बार अधिकारियों से मांग की। धरना दिया और ज्ञापन भी सौंपा लेकिन समस्या का निस्तारण नहीं किया गया। जिसके चलते बस ऑपरेटर्स यूनियन के पदाधिकारी, बस मालिक और स्टाफ दर्जनों बसें लेकर बुधवार दोपहर एआरटीओ कार्यालय पहुंचे। कार्यालय के गेट पर दरी बिछाकर नारेबाजी करने लगे। कार्यालय में कर्मचारी अपनी सीटों से हट गए। कार्यालय में सन्नाटा पसर गया।

एआरटीओ प्रवर्तन अंबरीश कुमार पहुंचे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि समस्या तो अधिकारी सुन नहीं रहे तो इससे अच्छा है कि अपनी बसों को सरेंडर कर दिया जाए। एआरटीओ प्रशासन ने पदाधिकारियों को कार्यालय में बैठाकर बात की और समझाया। इसके बाद एआरटीओ प्रवर्तन, एआरटीओ प्रशासन रामवचन गुप्ता, सीओ ट्रैफिक संजीव कुमार कार्यालय के बाहर बैठे बस मालिक और स्टाफ से बात की। उनकी समस्याओं को भी विस्तार से सुना। जिलाध्यक्ष ने कहा कि अगर जल्द समस्याओं का निस्तारण नहीं होता है तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। एआरटीओ प्रवर्तन ने कहा कि वह शहर में भामाशाह चौराहे से लाबेला चौराहे, डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क, वॉटर वर्क्स रोड से टेंपो हटवाकर समस्या का जल्द निस्तारण कराएंगे। आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया गया।

इस मौके पर यूनियन के उपाध्यक्ष अनिल रस्तोगी, महासचिव मुज्तहिद खान, राजीव जैन, भरत गुप्ता, पप्पू फारूकी, मिंटू, अच्छे मियां, विनोद, प्रदीप, रामू, वीरेंद्र, वाजिद, जाकिर, बबलू, रहिसुल, हसन, शराफत, अवधेश, नबी आलम, संजू, प्रमोद आदि उपस्थित रहे।


बस ऑपरेटर्स यूनियन के पदाधिकारी, बस मालिक और स्टाफ को आश्वासन देते एआरटीओ प्रवर्तन अंबरीश कुमार। साथ में मौजूद एआरटीओ प्रवर्तन रामवचन गुप्ता, सीओ ट्रैफिक संजीव कुमार, यूनियन के जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह।

- **मांग पूरी न होने पर दर्जनों बसें लेकर एआरटीओ कार्यालय पहुंचे बस ऑपरेटर्स यूनियन के पदाधिकारी, लग गया जाम**

> बस ऑपरेटर्स ने अपनी समस्याएं बताई थीं। उनकी समस्या का निस्तारण कराया जाएगा। टेंपो को उनके निर्धारित स्थान से ही संचालित कराने का आश्वासन दिया है। अन्य किसी स्थान से चलाने पर कार्रवाई होगी।
> – **अंबरीश कुमार**, एआरटीओ प्रवर्तन


एआरटीओ कार्यालय में सीटों से हट गए कर्मचारी। ● अमृत विचार


बस आपरेटर्स के पहुंचने पर कार्यालय में पसर गया सन्नाटा। ● अमृत विचार


एआरटीओ कार्यालय के बाहर धरना देते बसों के चालक व परिचालक। ● अमृत विचार


एआरटीओ कार्यालय के बाहर लगी बसों की कतार और गेट पर तैनात पुलिस व पीएसी। ● अमृत विचार


एक साथ दर्जनों बसें आने की वजह से लग गया जाम। ● अमृत विचार

## शाहजहांपुर से आ रहे संगठन के कार्यकर्ता भाकियू चढ़ूनी का तेज होगा आंदोलन


मालवीय आवास गृह पर धरना देते भाकियू चढ़ूनी के कार्यकर्ता।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भाकियू चढ़ूनी के कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे के विरोध में चल रहा धरना प्रदर्शन बारहवें दिन भी जारी रहा। वहीं कुंवरगांव निवासी इरफान की जमीन पर किए गए अवैध कब्जे के विरोध में तीसरे दिन धरना जारी रहा।

कलेक्ट्रेट स्थित मालवीय आवास गृह पर भाकियू चढ़ूनी गुट के धरने में जिला अध्यक्ष सतीश साहू ने कहा कि अलापुर पुलिस ने खिरिया रहलू स्थित गौशाला की संचालन कमेटी के दबाव में भाकियू कार्यकर्ताओं पर झूठा मुकदमा दर्ज कर दिया है। जब तक मुकदमा वापस नहीं लिया जाएगा तब जक धरना जारी रहेगा। महासचिव आसिम उमर ने जिलाधिकारी से मांग की कि संगठन जल्द समाधान कराया जाए। धरना स्थल पर बताया गया कि प्रदेश अध्यक्ष सूबे सिंह डागर के आदेश पर शाहजहांपुर के जिलाध्यक्ष भारत सिंह यादव यहां पहुंच रहे हैं। उनके आने से संगठन बड़े स्तर पर आंदोलन करेगा। उधर कुंवरगांव निवासी इरफान अहमद की जमीन पर कुछ दबंगों ने अवैध कब्जा कर लिया था। उसके विरोध मे धरना तीसरे दिन जारी रहा। रामेश्वर, लटूरी, छोटेलाल, इरफान अहमद, कासिम अली, अध्यक्ष आरिफ रज़ा, रग्घू लाल, राजेन्द्र सिंह, भगवान दास, जयपाल, अवधेश, सुमरन, सत्यपाल, चंद्रमोहन वर्मा, सत्यवीर सिंह यादव, आदि लोग उपस्थित रहे।

## बुखार पीड़ित किशोर को बरेली ले जाते समय मौत

**उघैती ,अमृत विचार :** ग्राम शरह बरौलिया निवासी इखलास का 18 वर्षीय पुत्र इमरान काफी समय से दिल्ली में फास्ट फूड की दुकान चला रहा था। इमरान को वहां कुछ दिन पूर्व बुखार आया। उसने वहां दवाई ले ली। बुखार ठीक नहीं हुआ तो परिजनों ने इमरान को एक सप्ताह पूर्व घर बुला लिया । यहां पर पहले गांव के एक डॉक्टर को दिखाया। उसके बाद बिसौली लेकर गए, जहां इमरान की हालत और बिगड़ गयी। परिजन बुधवार को उसे बरेली ले जा रहे थे जहां रास्ते में उसकी मौत हो गयी। इमरान की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि शरह बरौलिया में भी कई लोग बुखार पीड़ित हैं।


मृतक इमरान।

# दुर्घटना में मृतक चाचा-भतीजा निकले

संवाददाता, उघैती

- **मंगलवार देर रात कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव कोट रतनपुर के पास हुई थी दुर्घटना**
- **दुर्घटना में घायल साले के इलाज के लिए रुपये देने भतीजे के साथ ससुराल जा रहा था प्रेमपाल**

**अमृत विचार :** कोतवाली बिसौली क्षेत्र में मंगलवार देर रात सहसवान मार्ग पर सड़क हादसे में मृत युवकों की शिनाख्त चाचा-भतीजा के रूप में हुई। पुलिस ने बुधवार का शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। शव गांव पहुंचे तो चीत्कार मच गया।

मंगलवार को बिसौली क्षेत्र में सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई थी। पुलिस ने युवकों की शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस ने दोनों के शव मोर्चरी में रखवा दिया। बाइक की नंबर प्लेट के आधार पर जानकारी की। बाइक उघैती क्षेत्र के गांव रियोनाई निवासी प्रेमपाल (40) पुत्र गेंदनलाल की थी। पुलिस ने उनके परिजनों को सूचना दी। बुधवार सुबह परिजन पहुंचे। प्रेमपाल और उसके भतीजा नरेश पुत्र ताराचंद के रूप में पहचान की।


प्रेमपाल की मौत पर बेसुध हो गई बेटी।

परिजनों ने बताया कि कुछ समय पहले प्रेमपाल के साले का एक्सीडेंट हो गया था। उसका इलाज चल रहा है। प्रेमपाल अपनी ससुराल बरेली के आवंला क्षेत्र के गांव कुसुमरा ससुर को रुपये देने भतीजे नरेश के साथ 50 हजार 220 रुपये लेकर बाइक से जा रहे थे। कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव कोट रतनपुर के पास किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिसमें दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को शवों का पोस्टमार्टम कराया। परिजन शव लेकर शाम पांच बजे घर पहुंचे। परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि चाचा-भतीजा खेती करते थे। प्रेमपाल की पत्नी चरन देवी की लगभग दो साल पहले कैंसर से मौत हो गई थी। उनकी चार बेटियां हैं जिनकी शादी नहीं हुई है। वही मजदूरी करके अपनी बेटियों का पालन पोषण करते थे।


मृतक प्रेमपाल।


मृतक नरेश।

# चैंबर में बैठे अधिवक्ता पर किया हमला, दो आरोपी पकड़े

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **फायर हुआ मिस तो तमंचे की नाल और चाकू से किया हमला**
- **अधिवक्ता के क्लाइंट के विरोधी पक्ष के हैं हमला करने के आरोपी**

**अमृत विचार :** अधिवक्ता पर चार-पांच लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। फायर मिस हो गया तो तमंचे की नाल से हमला किया। अधिवक्ताओं ने दो हमलावरों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव मझारा निवासी अधिवक्ता मनोज कुमार सिंह बुधवार दोपहर अपने चैंबर में बैठकर क्लाइंट थाना अलापुर क्षेत्र के गांव कुतरई निवासी सनी से बात कर रहे थे। इसी दौरान दूसरे पक्ष के गांव खुनक निवासी हसनू शाह, बुंदा शाह, आसिफ, इमरान, गांव मोहम्मदपुर बिहार निवासी नवासे और दो अन्य लोग चैंबर में घुस गए। धमकाया कि आज वकालत करने लायक नहीं छोड़ेंगे। आरोप है कि हसनू शाह ने तमंचा निकालकर फायर किया। फायर मिस हो गया तो तमंचे की नाल अधिवक्ता को मारी। अन्य लोगों ने चाकू से हमला किया। अधिवक्ता की जूनियर नीतू बचाने आईं तो उन पर भी हमला किया। वह चोटिल हो गईं। शोर सुनकर अधिवक्ता पंकज सिंह, राजीव कुमार सिंह, आलोक पाराशरी, अरविंद परमार, केपी सिंह व अन्य अधिवक्ता आ गए। आरोपी आसिफ व इमरान को पकड़ लिया जबकि उनके अन्य साथी भाग गए। प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि अधिवक्ता की तहरीर पर हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।


जानकारी देते अधिवक्ता।


अधिवक्ताओं ने पकड़े हमला करने के आरोपी।

## दो चोर दबोचे, बाइक बरामद

**बिल्सी, अमृत विचार :** एसआई अशोक कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गांव अगोल रोड से दो लोगों को हिरासत में ले लिया, जिसमें एक नगर के मोहल्ला संख्या तीन और दूसरा मोहल्ला गद्दी टोला उझानी निवासी है। दोनों ही नाबालिग हैं। दोनों चोरों ने बाइक चोरी की घटना स्वीकार की ।दोनों को बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बड़े पुत्र राघवेन्द्र को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **पुतान सिंह पुत्र बाबू सिंह निवासी मो. देवस्थान कस्बा व थाना बण्डा जिला शाहजहांपुर।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

वरुण अर्जुन
मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
NH-24, बन्थरा, शाहजहांपुर (उ.प्र.)
Ph.: 7521001988, 7521001989
विशेष कैम्प 2 अक्टूबर से प्रारम्भ
मुफ्त परामर्श
मुफ्त आपरेशन दवाईयों का खर्चा अतिरिक्त
डिलीवरी एवं सिजेरियन मुफ्त सहयोग राशि 1000/- प्रति डिलीवरी
मुफ्त टीकाकरण
मुफ्त भर्ती व भर्ती मरीजों का
कलर अल्ट्रासाउण्ड 200/- रूपये, एक्स-रे 50/- रूपये मात्र, ECG 20/- रूपये मात्र व सिर का सी.टी. स्कैन 800/- रूपये मात्र सिर का एम. आर. आई. 2000/- रूपये मात्र
वाहय रोगी विभाग की जांचों पर 50 प्रतिशत की छूट
मरीजों का रजिस्ट्रेशन मुफ्त
भर्ती मरीजों की जांचें 75% छूट पर
मोतियाबिन्द ऑपरेशन व लैंस मुफ्त
ओ.पी.डी. का समय सुबह 9 से 3 बजे तक
इमरजेन्सी 24 घंटे ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे
दवाईयों में 20% छूट
कैम्प द्वारा भर्ती मरीजों का खाना मुफ्त
उपलब्ध विभाग एवं सुविधायें
अस्थिरोग विभाग
नेलिंग, प्लेटिंग, इन्टर लॉकिंग नेलिंग, जोड़ों का बदलना कूल्हे एवं घुटनें के जोड़ की आधुनिकतम सर्जरी।
सर्जरी विभाग
पेट के समस्त आपरेशन, कैंसर के जटिल ऑपरेशन, हार्निया, पित्त की थैली आदि के आपरेशन।
जच्चा बच्चा व स्त्री रोग विभाग
डिलीवरी की सुविधा, सिजेरियन, बच्चेदानी के ऑपरेशन
बाल रोग विभाग
नवजात शिशुओं एवं बच्चों की सभी प्रकार की बीमारियों की जांच व इलाज
मेडिसिन विभाग
पेट, जिगर रोड एवं पीलिया, तेजाब, अल्सर,ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग आदि।
नेत्र रोग विभाग
आंख की समस्त बीमारियों का इलाज व मोतियाबिन्द का ऑपरेशन।
नाक, कान, गला विभाग
नाक, कान एवं गले से सम्बन्धित बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन।
दन्त रोग विभाग
समस्त प्रकार के दांतों के रोग का इलाज
त्वचा रोग विभाग
त्वचा से सम्बन्धित बीमारियों का इलाज।
फिजियोथेरेपी विभाग
जोड़ों के दर्द, फालिज, नसों का सुन्नपन, रीड़ की हड्डी की बीमारियों, गठिया आदि का इलाज।
छाती व सांस रोग विभाग
सांस टी.बी. की बीमारियों के लिए।
मस्तिष्क रोग विभाग
मिर्गी के दौरे तथा दिमागी परेशानी के लिये।
आई.सी.यू.
सभी विभाग में आई.सी.यू. अत्याधुनिक वैन्टीलेटरों के साथ गम्भीर मरीजों, एक्सीडेन्ट, पायजनिंग, दौरे व बेहोशी के मरीजों के लिए अत्याधुनिक गहन चिकित्सा कक्षा।
रेडियोलॉजी विभाग
सभी प्रकार के एक्स-रे अल्ट्रासाउण्ड, सी.टी.स्कैन, एम.आर.आई. एवं डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध।
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
NH-24, ग्रा. बन्थरा, शाहजहांपुर

## मज़ाक मियां के उर्स में लोगों ने मांगीं दुआएं

**बदायूं, अमृत विचार :** सागरताल स्थितदरगाह ख्वाजगाने चिश्त हजरत मज़ाक मियां के तीन रोज़ा सालाना उर्स के आखिरी दिन पूरी रात चले कव्वाली के बाद कुल शरीफ की रस्म अदा कर लोगों ने वतन व कौम की सलामती व खुशहाली के लिये दुआयें कीं।

उर्स में में दूरदराज से आये दर्जन भर कव्वालों ने कलामों से लोगों का दिल जीत लिया। लोगों ने खुश होकर कव्वालों पर रुपयों की बरसात कर दी। बाद में कुल शरीफ की रस्म अदायगी की गई। अकीदतमंदों ने मज़ार पर गुल व चादरपोशी के साथ दुआयें व मन्नतें मांगी। बाद में मिलादे पाक व कव्वाली के बाद महफिलें रंग सजाई गई। साथ ही लोगों को तबर्रुक तकसीम किया गया। दरगाह के सज्जादानशीनों के अलावा खान मोहम्मद वली जुम्मा, अफ़ज़ल अज़ीज़ खान, मोहम्मद इकरार, असरार अहमद, असगर अली, इकबाल हुसैन कुरैशी, मोहम्मद फैजान, मौलाना कारी रफीक हुसैन, सरफराज, अब्दुल हफीज़, गुलाम मुस्तफा, मु. सलमान, मु. आदिल, मजहर हुसैन, आबिद अली, मोहम्मद नासिर आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# जहां घाट चिह्नित वहां गंगा में पानी नहीं

### बाढ़ खंड को पत्र लिखकर नरौरा और टिहरी बांध से पानी पास कराने का किया जाएगा आग्रह

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मेला ककोड़ा में स्नान के लिए घाट बनाने को जिला पंचायत ने चिह्नित की है जगह
- चिन्हित जगह पर नहीं है गंगा की धारा, टिहरी बांध से पानी छोड़ने की मांग करेगा प्रशासन

**अमृत विचार :** मिनी कुंभ मेला ककोड़ा में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्नान घाट तैयार कराए जा रहे हैं लेकिन गंगा में पानी कम होने पर मेला प्रशासन चिंतित है। मेला प्रशासन ने गंगा किनारे पहुंच कर पानी की धार का निरीक्षण किया। बाढ़ खंड से कहा है कि नरौरा व अन्य जगहों से पानी पास कराया जाए।

मेला ककोड़ा को इस साल कादरगंज पुल की ओर हटा दिया गया है। यहां पर स्नान घाट बनाए जा रहे हैं। लेकिन जिला पंचायत के सामने एक नई समस्या पैदा हो गयी है। जिस जगह पर स्नान घाट तैयार कराए जा रहे हैं वहां गंगा में पानी बहुत कम है। इतने कम पानी में श्रद्धालु स्नान नहीं कर पाएंगे।

बुधवार को निरीक्षण करने पहुंचे जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी मासूम रजा ने देखा कि गंगा में पानी दो फुट के आस पास है। गंगा में पानी और बढ़ाने को अब बाढ़ खंड को पत्र लिखा जाएगा। गंगा किनारे से जेसीबी से मिट्टी निकाल कर स्नान घाट बनाए गए हैं जिससे श्रद्धालु आराम से स्नान कर सकें। लेकिन पानी की धार हर रोज कम होती जा रही है। मासूम रजा ने कहा कि बाढ़ खंड को पत्र लिख कर नरौरा और टिहरी बांध से पानी पास कराने का आग्रह किया जाएगा।



गंगा में पानी की धार देखने पहुंचे अपर मुख्य अधिकारी मासूम रजा।

### बस स्टैंड बनाने की तैयारी, चिन्हित की जाएगी जगह

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला पंचायत ने बुधवार को मेला स्थल पर बस स्टैंड बनाने के लिए चिह्नित एक किमी जगह को चिन्हित किया है। किसान धान की फसल काटने को तैयार हो गये हैं। ऊबड़ खाबड़ जमीन को मजदूरों से समतल कराया जा रहा है। जिन खेतों में ईख खड़ी है उनकी तारकशी कराई जा रही है। मेला स्थल पर कच्ची सड़क बनाने का कार्य चल रहा है। बुधवार को भी करीब सोलह सौ मीटर कच्ची सड़क बनायी गयी।

### डीएम को करनी होगी लिखा-पढ़ी

बाढ़ खंड ने कहा है कि इस समय पहाड़ों पर बारिश नहीं हो रही है इसलिए ऊपर से पानी नहीं आ रहा है। यदि गंगा में पानी को बढ़ाना होगा तो जिलाधिकारी के आदेश से ही संभव होगा। बाढ़ खंड स्वयं पानी के लिए नरौरा बैराज या अन्य किसी बैराज से नहीं कह सकता।

## पेड़ों का कटान रोकने की मांग, दिया ज्ञापन

**बिल्सी, अमृत विचार :** अरिहंत वृक्षारोपण समिति के संस्थापक प्रशांत जैन व पदाधिकारियों ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी रिपुदमन सिंह को सौंपा। जिसमें बिल्सी क्षेत्र में हरे पेड़ों का कटान रोकने की मांग की।

कहा कि विगत माह में 10 से अधिक स्थानों पर अवैध तरीके से हरे पेड़ों का कटान किया गया है। जिसकी सूचना समिति ने वन विभाग एवं सम्बन्धित अधिकारियों को दी, लेकिन कार्यवाही के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई है। बिल्सी तहसील तो बन गई है मगर यहां पर अभी तक वन विभाग की ओर से कार्यालय की स्थापना नहीं की गई है। लोगों को सहसवान रेंज कार्यालय की दौड़ लगानी पड़ रही है। शीघ्र बिल्सी तहसील मुख्यालय पर कार्यालय खुले। उन्होंने कहा कि हरे भरे पेड़ों का कटान शीघ्र नहीं रोका गया तो समिति आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

# शिवपाल ने रचित गुप्ता को सपा में किया शामिल

संवाददाता, दातागंज



रचित गुप्ता को आशीर्वाद देते शिवपाल यादव।

**अमृत विचार :** सपा प्रदेश महासचिव एवं विधायक शिवपाल सिंह यादव बुधवार को दातागंज पहुंचे। विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी रहे रचित गुप्ता ने उनके सामने सपा का दामन थाम लिया। शिवपाल यादव ने कहा कि आने वाला समय सपा का है। प्रदेश में सपा की सरकार बनेगी और सभी को विकास से जोड़ा जाएगा।

शिवपाल यादव बुधवार को दातागंज आए। सबसे पहले वह रचित गुप्ता के प्रतिष्ठान पर पहुंचे। रचित ने अपने समर्थकों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। शिवपाल ने कहा कि मौजूदा सरकार फेलियर सरकार है। समाजवादी पार्टी गरीब व्यापारी छात्र नौजवान दलित पिछड़े सभी की पार्टी है। जिला अध्यक्ष आशीष यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष विधायक प्रेमपाल सिंह यादव, सुरेश पाल सिंह चौहान, विधायक बृजेश यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख अवनीश यादव, सतीश यादव, भारतीय किसान यूनियन के प्रांतीय सदस्य राजीव कुमार गुप्ता उर्फ गुड्डू बाबू, गिरीश यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हिमांशु यादव ने सपा की नीतियों का किया बखान



गढ़िया हरदो पट्टी में ग्रामीणों को पार्टी की नीतियां बताते विधायक हिमांशु यादव।

संवाददाता, उसहैत

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने सदस्यता अभियान शुरू कर दिया है। सांसद, विधायक अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को पार्टी से जोड़ रहे हैं। बुधवार का शेखूपुर विधायक हिमांशु यादव ने उसहैत क्षेत्र के गांव गढ़िया हरदो पट्टी, हरेंडी, पहुंच कर ग्रामीणों को पार्टी की नीतियों से अवगत कराया। कई लोगों को सपा की सदस्यता दिलाई।

सपा विधायक हिमांशु यादव आज उसहैत के गढ़िया हरदो पट्टी, हरेंडी, बारी खेड़ा पहुंचे। इन गांवों में लोगों को एकत्र कर पार्टी की नीतियों के बारे में बताया। कहा अगले विधानसभा चुनाव में सपा सरकार बनाएगी। इसलिए पार्टी प्रमुख के हाथों को मजबूत बनाएं। इस मौके पर कई लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलायी गयी। सपा के अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि आज देश व प्रदेश में विकास ठप है। भाजपा ने किसानों को धोखा दिया है। इस मौके पर सहदेव, लल्लू सिंह, अभिषेक, ववलू, रामवीर सिंह मौजूद रहे।

## किसान दिवस में छाया डीएपी की किल्लत का मुद्दा

**बदायूं, अमृत विचार:** बुधवार को विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें डीएपी की किल्लत का मुद्दा छाया रहा। किसानों ने समितियों पर डीएपी न मिलने की शिकायत दर्ज कराई। वहीं बकाया गन्ना भुगतान के लिए मांग रखी। किसान चिंरजीव सिंह ने अधिकारियों को बताया कि समितियों पर डीएपी नहीं मिल रही है। किसानों को अधिक दाम पर उसे निजी दुकानों से खरीदना पड़ रहा है। जिला कृषि अधिकारी ने किसानों को बताया कि सभी समितियों पर डीएपी लगातार भेजी जा रही है। अगर कोई दुकानदार अधिक दाम में डीएपी बेच रहा है तो कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उप कृषि निदेशक ने किसानों को पराली न जलाने के प्रति जागरूक किया। सीडीओ की अध्यक्षता में हुए किसान दिवस में कुल 15 शिकायतें आईं, इनका निस्तारण करने के आदेश सीडीओ ने संबंधित अधिकारी को दिए हैं।

# वारंटी को पहुंचा लाभ तो पुलिस जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- एक फैक्ट्री में तोड़फोड़ के मामले में सात लोगों पर 2013 में दर्ज की गई थी रिपोर्ट
- आरोपी ने जमानत ली न ही कोर्ट में हुआ हाजिर, कोर्ट ने एसएसपी को भेजा पत्र

**अमृत विचार :** बलवा का वारंटी फरार है। वह शहर के एक मैरिज लॉन में चल रही अश्लील डांस पार्टी मामले में भी पकड़ा जा चुका है। अन्य छह आरोपी भी फरार हैं। सप्तम अपर सिविल जज, जूनियर डिवीजन ने एसएसपी को पत्र जारी किया है जिसमें आरोपियों को वारंट व 82 सीआरपीसी का तामीला कराने के निर्देश दिए हैं। तामीला प्राप्त न होने पर पत्रावली अग्रिम कार्रवाई के लिए नियत करने की चेतावनी दी। कहा कि अगर मुख्य अभियुक्त को लाभ पहुंचता है तो उसके लिए एसएसपी व पुलिस विभाग उत्तरादायी होंगे।



राजेंद्र मथुरिया, आरोपी।

एक फैक्ट्री में तोड़फोड़ मामले में 2013 में सिविल लाइन कोतवाली में राजेंद्र मथुरिया, वशीर खां, मनोज मूसा, देवेंद्र कुमार मिनोचा, संजय साहू, अमित कुमार मूहा, कंचन लता के खिलाफ बलवा, आपराधिक अतिचार करने, नुकसान पहुंचाने, लोकसेवक को उसके कर्तव्यों से रोकने, दो या दो से ज्यादा लोगों के अपराध करने आदि की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। उस दौरान एक नेता के कहने पर पुलिस ने राजेंद्र मथुरिया को छोड़ दिया था लेकिन आरोपियों ने जमानत नहीं कराई न ही कोर्ट में उपस्थित हुए। पुलिस भी आरोपियों को पेश नहीं कर सकी। आरोपियों के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी हैं। आरोपियों के उपस्थित न होने की वजह से पत्रावली का लंबे समय से निस्तारण नहीं हो पा रहा है।

> वारंटियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। वारंटियों को पकड़कर कोर्ट के समक्ष पेश किया जा रहा है। कोर्ट के नोटिस के बारे में जानकारी की जाएगी। इन वारंटियों को भी पकड़ा जाएगा।
>
> – डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एसएसपी।

सप्तम अपर सिविल जज, जूनियर डिवीजन ने एसएसपी को पत्र भेजकर आरोपियों को वारंट का तामीला कराते हुए खुद या संबंधित अधिकारी को आख्या प्रस्तुत करने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि वांरटी को किसी तरह का लाभ पहुंचेगा तो पुलिस व एसएसपी जिम्मेदार होंगे। बताया जा रहा है कि आरोपी राजेंद्र मथुरिया सत्तापक्ष के नेताओं का करीबी है। शहर में जगह-जगह उसके होर्डिंग लगे हैं। राजेंद्र मथुरिया को पुलिस ने 26 जनवरी की रात शहर के एक मैरिज लॉन में अश्लील डांस व शराब पार्टी के दौरान भी पकड़ा था। जिसमें 29 लोगों के अलावा नर्तकियां भी पकड़ी गई थीं।

### सार-संक्षेप

## डीएम ने चेकडैम का किया निरीक्षण



**बदायूं, अमृत विचार :** लघु सिंचाई विभाग द्वारा सोत नदी के तीन स्थानों पर दो साल पूर्व चकडैम बनाए थे। इनमे से एक चेक डैम का डीएम ने किया। शुक्रवार को डीएम निधि श्रीवास्तव ने लघु सिंचाई विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों ने बिसौली में दो स्थानों पर तालाब बनाए जाने के लिए पत्रावली डीएम के समक्ष प्रस्तुत की। जिसे अनुमोदन दिया गया। डीएम ने पाया कि मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के अन्तर्गत वर्षा जल संरक्षण के लिए 39 रैन वाटर हार्वेस्टिंग लगाए गए हैं। साथ ही सोत नदी पर चकडैम बनाए गए थे। डीएम ने लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियन्ता वीएस सुमन के साथ चकडैम का निरीक्षण किया। डीएम ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की समीक्षा की। विभागीय अधिकारी ने डीएम को बताया कि योजना के तहत 1363 लाभार्थी का चयन किया गया है। जिसे स्वीकृति के लिए भेजने के आदेश डीएम ने दिए।

## धनुपुरा में शुरू हुआ रामलीला महोत्सव



**कादरचौक, अमृत विचार :** कादरचौक क्षेत्र के ग्राम धनूपुरा में श्री रामलीला महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि शशिकांत शर्मा ने फीता काटकर किया। कहा कि श्री राम की लीलाओं के मंचन से लोगों में धार्मिक भावना जाग्रत होती हैं। मेला अध्यक्ष राजीव शर्मा वीरेंद्र शर्मा, रामनरेश शर्मा, निर्दोष शर्मा, जितेंद्र मिश्रा, रामबाबू शर्मा, रामकृष्ण शर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा, रामरूम शर्मा, एवं समस्त कमेटी सदस्यों ने मुख्य अतिथि शिवकांत शर्मा का माल्यार्पण कर एवं उन्हें भगवान श्री राम जी की प्रतिमा भेंट की। इस मौके पर पंडित गौतम शर्मा प्रदेश समीक्षा अधिकारी अजय शर्मा, आशुतोष शर्मा, कथा वाचक पंडित सत्य नारायण शर्मा, गौतम मिश्रा, सतीश मिश्रा, गिरीश गुप्ता, मनोज यादव, वीर सिंह यादव, लखन शर्मा, जितेंद्र शर्मा इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## राम ने तोड़ा धनुष, सीता का किया वरण

**उघैती, अमृत विचार :** कस्बे में चल रामलीला में बुधवार को श्री राम ने शिव का धनुष तोड़कर सीता का वरण कर लिया। जनक नंदिनी सीता ने श्रीराम को वरमाला पहनाई। परिसर जयकारों से गूंज उठा। मंचन में दिखाया गया कि राजा जनक के राज्य में काफी दिनों तक बरसात नहीं हुई। हाहाकार मचा था। राजा ने ब्राह्मणों की आज्ञा मानकर सोने का हल चलाया। हल घड़े से टकराने पर सुंदर कन्या निकली। काफी समय से जनक के घर में भगवान शिव का पुराना धनुष रखा था। सीता ने एक दिन उस धनुष को उठा कर अन्यत्र रख दिया। जनक ने तभी तय किया कि जो इस धनुष को तोड़ेगा उसी से सीता का विवाह होगा। स्वयंवर में सभी राजाओं ने धनुष तोड़ने की कोशिश की, लेकिन धनुष हिला तक नहीं। विश्वामित्र के आदेश पर श्री राम ने धनुष तोड़ दिया। इसके बाद कस्बे में राम बारात निकाली गई। बाबू सिंह, प्रधान मनोज पालीवाल, प्रेमपाल, मुनीम जी, चंद्रपाल गुप्ता, उमेश चित्तौड़िया, रामनिवास चित्तौड़िया, दिनेश झा, हरपाल झा, साकिर हुसैन मौजूद रहे।

## छात्र- छात्राओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



**बदायूं, अमृत विचार :** मदर एंथीना स्कूल में हेल्थ क्लब की ओर से छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डा. सुबूर खान, डा. रविन्द्र कुमार जोशी, डा. अनुराधा सक्सेना, डा. दमयंती वर्मा, एवं डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उनको बेहतर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया गया। संतुलित आहार के प्रयोग एवं फास्ट फूड से बचने को कहा। विद्यालय की निदेशिका चयनिका सारस्वत ने बताया कि छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## हाईवे पर बाइक को रौंदा, दंपती समेत तीन घायल

**बिल्सी, अमृत विचार :** कछला–शाहाबाद हाइवे स्थित गांव बैरमई बुजुर्ग के निकट एक कार ने बाइक को रौंद दिया। जिसमें बाइक सवार दंपती समेत तीन लोग घायल हो गए। उनका इलाज बरेली के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। चंदौसी निवासी गौरव मौर्य पुत्र इतवारी लाल, पत्नी गुंजन शाक्य एवं पुत्र कृशांग के साथ मंगलवार की शाम नगर के मोहल्ला संख्या दो में ससुराल आए थे। कुछ देर बाद वह वापस चंदौसी को जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक हाइवे पर स्थित गांव बैरमई बुजुर्ग के पास पहुंची तभी सामने से तेज रफ्तार से आ रही कार ने उनकी बाइक को रौंद दिया। जिससे बाइक पर सवार तीनों लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। आनन–फानन में पुलिस ने नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उनकी प्राथमिक चिकित्सा के बाद बरेली को रेफर कर दिया। जहां उनका इलाज चल रहा है।

## मलेरिया के 19 और डेंगू के निकले तीन मरीज

**बदायूं, अमृत विचार :** 11 गांवों में स्वास्थ्य शिविरों में लोगों के ब्लड की जांच की गयी जिसमें 17 पीवी मलेरिया के मरीज निकले और दो पीएफ के मलेरिया मरीज सामने आए जबकि तीन मरीज डेंगू के निकले हैं। इन सभी मरीजों को गांवों में ही दवा दी गयी। उधर ब्लॉक सहसवान के ग्राम हरदत्तपुर में और ब्लॉक बिसौली के ग्राम मलिकपुर में मच्छर नाशक दवा का छिड़काव कराया गया।

– खबरें पेज 11 और 12 पर भी

# सात किमी दूरी का 9 रुपये बढ़ाया किराया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए डीएम ने नवादा होते हुए बसें आने का दिया निर्देश
- इसके चलते दिल्ली जाने वाले यात्रियों के किराए में हुआ इजाफा, 372 रुपये होगा किराया

**अमृत विचार:** बदायूं से दिल्ली रूट पर चलने वाली रोडवेज बसों को सात किलोमीटर का अतिरिक्त फेर लगाना पड़ रहा है। जिसकी वजह से निगम ने दिल्ली रूट पर चलने वाली रोडवेज बसों के किराए में नौ रुपए की बढ़ोत्तरी की है। दिल्ली तक जाने के लिए यात्रियों को पहले 363 रुपये किराए के देने पड़ते थे, अब 372 रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं।

> दिल्ली जाने वाली रोडवेज बसों के किराए में नौ रुपये की बढ़ोत्तरी की गई है। यह सब डीजल औसम कम होने और हर माह होने वाली हानि को देखते हुए किया गया है।
>
> –अजय कुमार सिंह, एआरएम

रोडवेज बसों से कचहरी से लालपुल चौराहे तक रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती थी। जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए बाहरी डिपो की बसों का सुबह आठ से शाम आठ बजे तक बस स्टैंड पर आने पर प्रतिबंध लगा दिया। साथ ही स्थानीय रोडवेज की बसों को दातागंज तिराहा, नवादा, पटेल चौक होते हुए निकाला जाने लगा। लालपुल रोड से दिल्ली जाने वाली रोडवेज बसों का संचालन बंद होने से सात किमी का अतिरिक्त फेर बढ़ने से डीजल औसत कम हो गया। जिससे बसों की आय में हानि होने लगी। इस स्थिति से निपटने के लिए रोडवेज निगम के अधिकारियों ने दिल्ली रूट पर चलने वाली सभी 82 बसों के किराए में नौ रुपये की बढ़ोत्तरी कर दी। पहले दिल्ली जाने वाले यात्रियों से 363 रुपये किराए के वसूले जाते थे। अब 372 रुपये किराया वसूला जा रहा है।

## उपभोक्ता और बैंक मैनेजर में नोकझोंक

**ओरछी, अमृत विचार :** कस्बा निवासी आकाश गुप्ता ने बताया कि उसने स्टेट बैंक में मुद्रा लोन के लिए आवेदन किया था। सभी कागजों की पूर्ति कर दी। परंतु लोन पास नहीं हुआ। आरोप है कि एक माह तक लगातार चक्कर काटने के बाद बैंक मैनेजर ने 10 हजार रुपये मांगे जिसकी ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा दी। बुधवार को वह लोन की जानकारी करने बैंक पहुंचा तो बैंक मैनेजर और गार्ड ने यह कहते हुए पकड़ने की कोशिश कि जब तक शिकायत का निस्तारण नहीं करा दिया जाता तब तक जाने नहीं दिया जाएगा। इसको लेकर तीखी नोकझोंक हो गई। इस संबंध में बैंक मैनेजर से बात करने की कोशिश की गई, परंतु वह कुछ भी बोलने को तैयार नहीं दिखे और फोन काट दिया।

# बंद कराये मेडिकल स्टोर पर बेची जा रहीं दवाइयां, डीएम से शिकायत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** अवैध रूप ये चल रहे मेडिकल स्टोर को ड्रग्स विभाग ने बंद करा दिया था। लेकिन मेडिकल स्टोर लगातार खुल रहा है। जिस गोदाम से लाखों रुपये की दवाइयां जब्त की गई थी। वहां भी वहां दवाइयों का जखीरा एकत्र हो चुका है। इसकी शिकायत डीएम से की गई है। 12 सितंबर को ड्रग्स विभाग ने ककराला में हिंदुस्तान मेडिकल पर छापा मारकर करीब 50 हजार की दवाइयां जब्त की थीं। साथ ही कई दवाइयों का सैंपल लिया था। गोदाम में भी करीब डेढ़ लाख की दवाइयां पकड़ी थीं। मेडिकल संचालक के पास मेडिकल और न ही गोदाम का लाइसेंस था। अधिकारी ने मेडिकल और गोदाम को बंद करा रिपोर्ट दर्ज कर दी थी। दो दिन बाद से ही मेडिकल स्टोर रोजाना खुल रहा है। कस्बा निवासी खालिद ने ड्रग्स अधिकारी पर रुपये लेने का आरोप लगाते हुए डीएम से शिकायत की है।

> ककराला में जिस मेडिकल से दवाइयां पकड़ी थी उस पर गोदाम का लाइसेंस नहीं था। मेडिकल सील करने का अधिकार हमारे पास नहीं है। सील करने के लिए प्रशासन से अनुमति ली जाती है। मेडिकल स्टोर के खुलने की शिकायत हुई है तो पुन: वहां जाकर स्थिति देखेंगे।
>
> –लव कुश प्रसाद, ड्रग्स अधिकारी

# मेडिकल कालेज के छात्रों ने किया सीएचसी का दौरा



सीएचसी उझानी का दौरा करते एमबीबीएस के छात्र–छात्राएं। ● अमृत विचार

**बदायूं, अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस 2024 बैच ने सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा शिक्षण कार्यक्रम के तहत उझानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य छात्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं और ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधा कार्यप्रणाली का व्यावहारिक अनुभव करना था। सीएचसी उझानी के कर्मचारियों ने स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में आने वाली दैनिक चुनौतियों और उनके समाधान के बारे में जानकारी दी। छात्र–छात्राओं ने रोगी परामर्श, बुनियादी निदान प्रक्रियाएं और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों को भी देखा।

## श्रम विभाग ने आठ बाल श्रमिकों को कराया मुक्त

बदायूं, अमृत विचार : श्रम प्रवर्तन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार के नेतृत्व में विभाग के कर्मचारियों ने शहर के लाबेला चौक, वाटर वर्क्स रोड, इंदिरा चौक, रेलवे फाटक, सिविल लाइन्स, रेलवे रोड, ककराला आदि स्थानों पर कार्यरत बाल श्रमिकों का चिन्हांकन किया गया। अभियान के दौरान अधिकारियों को आठ बाल श्रमिक प्रतिष्ठानों पर काम करते हुए मिले उन्हें मुक्त कराया। इसके बाद सेवायोजकों को बालश्रम के विरुद्ध जागरूक करते हुए नोटिस दिया गया है। इस मौके पर विचित्र कुमार सक्सेना, रूबेश यादव, मान बहादुर सिंह, उपदेश कुमार, रितु उपाध्याय, सत्य प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## राजकीय डिग्री कॉलेज में हुई नवाचार कार्यशाला

**बदायूं, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा जागरुकता अभियान के अन्तर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को बौद्धिक सम्पदा अधिकार के अनुरक्षण की जानकारी दी गई। हुए प्राचार्य डॉक्टर नरेंद्र कुमार बत्रा ने बताया कि राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा जागरूकता मिशन का उद्देश्य उच्च शिक्षा के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में नवाचार और रचनात्मकता की भावना विकसित करना है।

**बदहाली** — नालियां बंद, खड़ंजा निर्माण रूका, अधिकारी नहीं सुन रहे ग्रामीणों की फरियाद

# भूरीपुर कुसैना में जलभराव और गंदगी के बीच रह रहे लोग

संवाददाता, कुंवर गांव

**अमृत विचार :** सलारपुर ब्लाक क्षेत्र के गांव भूरीपुर कुसैना में जाटव बस्ती की गलियों में जलभराव की समस्या बनी हुई है। हर घर के आगे गंदा पानी भरा है। जिसमें मच्छर पनप रहे हैं। गांव में कई महीने से सफाई नहीं कराई गयी है। डीएम से शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

ग्राम भूरीपुर कुसैना में लगभग एक हजार की आबादी है। इस गांव में हर जगह गंदगी है। विशेषकर जाटव बस्ती में गलियों में महीनों से गंदा पानी भरा है जिससे दुर्गंध आ रही है। खड़ंजा टूटा पड़ा है। खड़ंजा निर्माण के लिए मिट्टी डाली गई है जिससे नालियां चोक हो गई हैं। पानी का निकास बंद हो गया है। गंदे पानी में मच्छर पनप रहे हैं। मच्छरों के कारण संक्रामक बीमारियां फैल रही हैं। दर्जनों लोग मलेरिया से पीड़ित हैं जबकि चार दर्जन से अधिक लोग बुखार से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों ने पानी को जबरन रोकने की शिकायत 25 सितम्बर को डीएम से की थी। उसके बाद 5 अक्टूबर को एसडीएम और डीपीआरओ से शिकायत की गयी। फिर भी किसी अधिकारी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। उसके बाद परेशान ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने गांव पहुंच कर दोनों पक्षों के 25 लोगों को मुचलका में पाबंद कर दिया। जाटव समाज के लोगों का आरोप है कि लोधी समाज के लोग पानी तालाब में नही जाने दे रहे हैं। तत्कालीन डीपीआरओ श्रेया मिश्रा ने घूरे हटाने के निर्देश दिए थे मगर घूरे नहीं हटाए गये।




भूरीपुर कुसैना में एक गली में भरा गंदा पानी।



जाटव समाज का पानी लोधी समाज के लोग तालाब में नहीं जाने दे रहे हैं। जिसकी शिकायत हम ग्रामीण कई बार अधिकारियों से कर चुके हैं। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

–सियाराम



गलियों में जलभराव की समस्या बनी हुई है। पानी गड्ढों में जा रहा है, जिससे बीमारी फैल रही है। खड़ंजा निर्माण के बाद नालियों का पानी तालाब में जाएगा जिससे नालियां साफ हो जाएंगी।

–सोहनपाल



खड़ंजा निर्माण के लिए मिट्टी डाली गई है जिससे अन्य गलियां नीची हो गई हैं, घर नीचे हो गए। पानी गलियों में भरा हुआ है जिनमें मच्छर पनप रहे हैं जिससे लोग बीमर हो रहे हैं।

–राज प्रकाश



गलियों में जलभराव होने के कारण ईंट रखकर निकलना पड़ रहा है। दूषित पानी घरों में घुस रहा है बीमारी फैल रही है। हमें मलेरिया हो गया था 11 दिन जिला अस्पताल में भर्ती रहे।

–जयसिंह

### 40 से अधिक लोग बुखार से पीड़ित

भूरीपुर में 40 से अधिक लोग बुखार से पीड़ित हैं। वह झोलाछापों व घटपुरी सीएससी से इलाज करा रहे हैं। गांव के लाल बहादुर के पुत्र शनि को पिछले आठ दिनों से बुखार आ रहा है। वहीं अनन्या 2 वर्ष को दस दिन से बुखार आ रहा है। कौशल्या, व श्रीपाल छह दिन से बुखार में तप रहे हैं। यह लोग घटपुरी सीएचसी से दवा ले रहे हैं।

इस संबंध में ग्राम प्रधान बदन सिंह का कहना है कि दोनों पक्ष समस्या लेकर सदर विधायक के यहां गए थे लेकिन दूसरा पक्ष मानने को तैयार नहीं है। निर्माण कार्य रुका हुआ है। डीपीआरओ ने निर्माण कराने के आदेश दिए हैं। जिससे नाली का पानी तालाब में जा सके।

## शहर में आज

- बाल्मीकि समाज की प्रभात फेरी सुबह छह बजे से।
- शहर में महर्षि बाल्मीकि जयंती शोभायात्रा शाम छह बजे से।
- कांग्रेस कमेटी की बैठक छोटी बीएबी में दोपहर दो बजे से।
- मांगों को लेकर सिंचाई कर्मियों का धरना सुबह दस बजे से।

## एक नजर

### 21 क्वार्टर शराब सहित एक गिरफ्तार

**कासगंज।** सहावर थाना पुलिस ने मिली सूचना के आधार पर बुधवार को ग्राम ताली से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 21 क्वार्टर अवैध देशी शराब के बरामद हुए हैं। इंस्पेक्टर प्रवेश राणा ने बताया कि आरोपी रामजीलाल निवासी गांव ताली को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया।

### छत से गिरकर बालक गंभीर घायल, रेफर

**कासगंज।** शहर के मुहल्ला नवाब में सुबह आठ बजे जाकिर का पुत्र नुरुल(8) घर की छत पर खेल रहा था। अचानक वह छत से नीचे आ गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए शहर के निजी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# सड़क पर खड़े दो कैंटर धूं धूंकर जले, लाखों का हुआ नुकसान

## कैंटर मालिकों ने दो नामजदों के विरुद्ध पुलिस को दी तहरीर

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


धूं- धूं कर जलते कैंटर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** गंजडुंडवारा सुजावलपुर सुन्नगढी रोड पर खड़े दो कैंटरों में देर रात अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग पर जैसे तैसे काबू पाया गया, लेकिन तब तक दोनो कैंटर जलकर खाक हो गए।मामले मे वाहन स्वामी ने दो नामजदो पर आग लगाए जाने का आरोप लगाया है।

गांव सुजावलपुर निवासी दानिश व अंसार के कैंटर प्रतिदिन की भांति सुजावलपुर सुन्नगढी रोड स्थित मंदिर के पास खड़े थे, रात्रि लगभग 3 बजे दोनों कैंटर से अचानक आग की भीषण लपटें उठने लगीं। आसपास के लोगों द्वारा सूचना वाहन स्वामियो एवं कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे वाहन स्वामियों एवं पुलिस द्वारा जैसे-तैसे आग पर काबू पाया तब तक दोनों कैंटरों के टायर आदि जलकर

- वाहनों में आग लगने से क्षेत्र में मची अफरा-तफरी

खाक हो चुके थे। स्वामी दानिश व अंसार ने बताया घटना में दोनों कैंटरों में लगभग 3 -3 लाख का नुकसान हुआ है। पुरानी कहासुनी की बात को लेकर सुजावलपुर निवासी फरमान व उवैस पर आग लगाने का आरोप लगाया गया है। दोनों नामजदों के विरुद्ध थाना पुलिस को तहरीर दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने बताया घटना के सम्बंध मे नामजद लोगों के विरुद्ध तहरीर प्राप्त हुई है। आग लगने की घटना की जांच की जा रही है

## नाबालिग को बहलाफुसला कर ले गए आरोपी

**कासगंज, अमृत विचार:** सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव से आरोपी नाबालिग को बहला फुसला कर ले गए। मामले में भाई ने नामजदों के विरुद्ध सोरों कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर किशोरी और आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

भाई द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि उसकी नाबालिग बहन 13 अक्टूबर की सुबह लगभग चार बजे गांव के ही प्रेमपाल, रजनेश, अनिल बहलाफुसला कर ले गए हैं। आरोपियों के कहने पर किशोरी अपने घर में रखी 25 हजार रुपये की नकदी और सोने चांदी के जेवरात भी ले गई है। किशोरी के भाई ने घटना के संबंध में सोरों कोतवाली में आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। सोरों कोतवाली के इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया कि तहरीर के आधार पर नामजदों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# घर में फंदे पर लटका मिला महिला का शव

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


पोस्टमार्टम गृह पर गुमसुम खड़े परिजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** अमांपुर थान क्षेत्र के अभयपुरा में एक महिला का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। मृतका के पिता ने हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


मृतका श्रीदेवी।

अभयपुरा निवासी अशोक कुमार की पत्नी श्रीदेवी(25) का शव बुधवार की सुबह फांसी के फंदे पर घर के कमरे में लटका हुआ मिला है। घटना की जानकारी मिलते ही मायके पक्ष के लोग गांव अभयपुरा पहुंच गए और शव देखकर विलाप करने लगे। जानकारी अमांपुर थाना पुलिस को दी गई।

पुलिस ने ग्रामीणों ओर परिजनों से जानकारी की। शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

- मृतका के पिता ने लगाया हत्या कर शव फंदे पर लटकाने का आरोप

मृतका के पिता अमर सिंह निवासी छीतेरा बहरोजपुर थाना सिकंदरपुर वैश्य ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी श्री देवी के शादी अभयपुरा निवासी अशोक कुमार के साथ की थी। अशोक कुमार ईंट भट्टे पर काम करता है। उसने फांसी लगाकर बेटी की हत्या कर दी और शव को फांसी के फंदे पर लटका कर फरार हो गए।

### फोरेंसिक टीम ने एकत्रित किए साक्ष्य

एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर जिले की फोरेंसिक टीम गांव अभयपुरा पहुंची। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा घटना से संबंधित फोटो ग्राफ और साक्ष्य एकत्रित किए हैं। जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा।

> मायका पक्ष महिला की हत्या का आरोप लगा रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कार्यवाही की जाएगी।
> **- चंचल सिरोही**, थानाध्यक्ष, अमांपुर।

### धान काट रही महिला को सर्प ने डसा

कासगंज, अमृत विचार : सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगागढ में बुधवार की दोपहर खेत पर धान काटने गई महिला किसान अनीता देवी पत्नी किताब सिंह को धान काटते समय सर्प ने डस लिया। परिवार के लोग बेहोशी की हालत में उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार किया है। परिजनों के मुताबिक उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार है।

# विहिप और बजरंग दल ने किया शस्त्र पूजन


शस्त्र पूजन करते विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, सोरों जी

**अमृत विचार:** बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद द्वारा बुधवार को शस्त्र पूजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग संयोजक अमरीश वशिष्ठ ने शस्त्र पूजन का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक हिंदू के घर में वैध शस्त्र होना चाहिए। उन्हें शस्त्र और शास्त्र का ज्ञान होना चाहिए। अन्य वक्ताओं ने भी शस्त्र पूजन कार्यक्रम में विचार रखे। शस्त्रों का विधि-विधान पूर्वक पूजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यवाह शिवांशु दुबे, गोविंद महेरे, राजेंद्र मौर्य, विजय ठाकुर, शेर सिंह, उपेंद्र सूरज, सुधांशु भारद्वाज, कन्हैयालाल त्रिवेदी, रामनिवास ठाकुर, राजा ठाकुर, आकाश गोस्वामी, सचिन कुमार, दिवाकर मिश्रा, राज वैभव, महेरे भोला ठाकुर, हरगोविंद ठाकुर, यश महेरे, आकाश गोस्वामी, गोलू रावत, अभिषेक वशिष्ठ, आकाश अरोड़ा, गोपाल मौर्य, तरुण तिवारी, अभय निर्भय आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दिव्य अयोध्या मोबाइल एप पर भव्य दीपोत्सव का उठाएं लाभ

**कासगंज, अमृत विचार:** जिलाधिकारी मेधा रूपम ने बताया कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिव्य अयोध्या मोबाइल एप्लिकेशन एवं वेब पोर्टल आरंभ किया गया है। यह एप अयोध्या में आने वाले पर्यटकों, तीर्थयात्रियों के लिए होमस्टे, गाइडेड टूर, टैक्सी सेवाएं एवं अन्य आवश्यक सेवाओं को एकल पटल पर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसका उद्देश्य अयोध्या आने वाले पर्यटकों के अनुभव को अत्यधिक सुविधा जनक बनाना है।

अयोध्या में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष दिव्य अयोध्या एप के माध्यम से विश्व भर से डिजिटल दीप प्रज्ज्वलित करने की भी व्यवस्था की गयी है। इस एप्लिकेशन का उद्देश्य जागरुकता बढ़ाना है।

# विषम परिस्थितियों में महिला सुरक्षा योजना का उठाएं लाभ

- एंटी रोमियों टीम ने महिलाओं व छात्राओं को किया जागरूक
- मिशन शक्ति अभियान के तहत सार्वजनिक स्थलों पर अभियान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



महाविद्यालय में छात्राओं को जागरूक करतीं महिला पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मिशन शक्ति अभियान के तहत जिले की जागृति एवं एंटी रोमियों टीम द्वारा महिला सुरक्षा को लेकर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को स्कूल-कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थलों पर महिला पुरुष कर्मियों ने महिलाओं और छात्राओं को जागरूक किया। उन्हें महिला सुरक्षा एवं महिला कल्याण की जानकारी दी और लाभ उठाने के प्रेरित किया।

नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन कार्यक्रम के बारे में जागरूक कर उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने को समझाया गया। महिलाओं एवं बच्चियों को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा 112 पुलिस आपातकालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही साइबर अपराधों के बारे में साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी गई।

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार गंभीर

**कासगंज।** शहर के मालगोदाम चौराहे पर बुधवार की सुबह लगभग पांच तेज रफ्तार बाइक चालक ने साइकिल को टक्कर मार दी। जिससे साइकिल सवार राहुल(35) निवासी मुहल्ला जयजयराम घायल हो गया। जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया। मामले में कोई विधिक कार्रवाई नहीं कराई गई।

### छह पेटी पटाखा बरामद

**कासगंज, अमृत विचार :** अमांपुर थाना पुलिस ने मिली सूचना के आधार पर बुधवार को कस्बे के मुहल्ला जवाहर नगर के गोदाम से अवैध रूप से भंडार कर रखे गए बारुदी पटाखा को बरामद किया है। एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष चंचल सिरोही ने बताया कि छह पेटी बारुदी पटाका को बरामद किया। आरोपी देव गुप्ता के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की गई है।

# शिवसेना की बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा


जिलाध्यक्ष मानपाल सिंह को पटुका पहनाते आगरा मंडल प्रमुख आचार्य रामानुज।

**कासगंज, अमृत विचार:** शिवसेना की बैठक बुधवार को अहरौली स्थित सैयद नगला में आयोजित की गई। जिसमें मथुरा से आए आगरा मंडल प्रमुख आचार्य रामानुज ने संगठन का विस्तार करते हुए मानपाल सिंह उर्फ मंत्री को शिवसेना जिला अध्यक्ष घोषित किया। इस मौके पर आचार्य रामानुज ने कहां सनातन धर्म के उत्थान के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता है, क्योंकि देश में बढ़ता इस्लामीकरण आज राष्ट्र के लिए खतरा बन चुका है। जिसे अनदेखा करना हिंदुओं के हित में नहीं होगा। कासगंज में धर्मस्थल मां चामुंडा मंदिर प्रभुपार्क पर भी हस्तक्षेप बढ़ रहा है। जिसे रोकने के लिए कार्य करना अति आवश्यक है। गैर सनातनियों का प्रभुपार्क और मां चामुंडा मंदिर में प्रवेश निषेध होना चाहिए।

# शिक्षक उन्नयन एवं निपुण भारत मिशन पर चर्चा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज:

- शिक्षक संगठनों के तत्वाधान में हुई संगोष्ठी
- सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया गया सम्मानित


संगोष्ठी में सेवानिवृत्त शिक्षकों और अतिथियों को सम्मानित करते शिक्षक नीरज गुप्ता व अन्य शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ व विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को रानी लक्ष्मीबाई कम्यूनिटी हॉल में शिक्षक उन्नयन, सम्मानित सम्मान समारोह एवं निपुण भारत संगोष्ठी हुई। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया। शिक्षक उन्नयन और निपुण भारत मिशन पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम का आरंभ अथितियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम अध्यक्ष पालिकाध्यक्ष मीना माहेश्वरी ने शिक्षक को समाज का दर्पण बताया। उनके उन्नयन पर चर्चा की। मुख्य अतिथि मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक कृपा शंकर ने कहा कि निपुण भारत मिशन का लक्ष्य है, बच्चों में बुनियादी रूप से भाषा की समझ विकसित करना। कहा कि इसके लिए स्कूल अभिभावक और सरकार सभी को मिलकर एक रणनीति के तहत मिलकर काम करना होगा। शिक्षकों को इसकी गुणवत्ता की निगरानी करनी होगी। कार्यक्रम को शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष योगेश तिवारी, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक आज भी अपने उन्नयन की राह देख रहा है। विशिष्ट अतिथि वित्त एवं लेखाधिकारी नेहा सिंह, अंजट सिंह यादव, रामनाथ शाक्य ने भी अपना संबोधन दिया। कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षको को पगड़ी व फूल माला पहना कर सम्मानित कर स्मृति चिन्ह दिए गए। नीरज गुप्ता, देवेंद्र यादव, हाशिक वेग, राहुल मिश्रा, लक्ष्मी पाठक, मुहम्मद असलम, हर्ष सोलंकी, मुहम्मद जावेद, जितेंद्र पाल सिंह, अखंड प्रताप, श्याम बिहारी, अरबिंद पाल, धर्मेंद्र यादव, राजीव राठौर मौजूद रहे।

## डीजीपी के आदेश पर युवक के साथ धोखाधड़ी की एफआईआर

**उझानी, अमृत विचार :** कोतवाली उझानी क्षेत्र के मोहल्ला बाजार कलां निवासी रोहित गोयल पुत्र राजेंद्र गोयल ने डीजीपी को प्रार्थना पत्र भेजकर बताया कि 23 जून 2023 को फरमान ने हैदराबाद की रेड्डी कंपनी से रुपये आने की बात कही थी। 10 लाख 90 हजार रुपये खाते में आए तो उन्होंने रुपये निकालकर फरमान को दे दिए। वहीं रेड्डी ने तीसरे दिन फोन करके गलत एंट्री की वजह से रुपये उनके खाते में चले जाने की बात कही। कहा कि अगर रुपये वापस नहीं किए तो मुकदमा दर्ज करा देगा। जिसकी वजह से रोहित ने चार किश्तों में उसे पूरे रुपये वापस कर दिए। फरमान से रुपये वापस मांगे तो नहीं दिए। जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। उपनिरीक्षक मनोज कुमार जांच करेंगे।

# बुखार से किशोर की मौत आगरा में चल रहा था उपचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- 17 वर्षीय किशोर को चार दिन पहले बुखार आया था
- सावधानी बरतें खासकर बच्चों को लेकर रहें सतर्क

**अमृत विचार:** बुखार से पीड़ित एक किशोर की उपचार के दौरान मौत हुई है। मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

ढोलना क्षेत्र के गांव जहांगीरपुर निवासी 17 वर्षीय रवि पुत्र ओमप्रकाश को चार दिन पहले बुखार आया था। उसे परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती किया। यहां से जब राहत नहीं मिली तो अलीगढ़ भेजा गया। अलीगढ़ से भी उच्च स्वास्थ्य केंद्र के लिए रेफर कर दिया गया। परिजन आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज में ले गए। यहां उपचार के दौरान बुधवार को किशोर की मौत हो गई है। किशोर की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

सीएमएस डॉ. संजीव कुमार सक्सेना ने कहा कि मौसम बदल रहा है। ऐसे मौसम में सावधानी बरतें। खासकर बच्चों को लेकर सावधान रहें।

यदि किसी प्रकार की कोई समस्या है और स्वास्थ्य में दिक्कत दिख रही है तो तत्काल चिकित्सक से परामर्श लें।

### मच्छरों का प्रकोप, तेजी से बढ़ रहा है खतरा

इन दिनों मच्छरों का प्रकोप तेजी के साथ बढ़ रहा है। इसी कारण बीमारी का खतरा भी तेजी के साथ बढ़ा हुआ है। चिकित्सकों की सलाह है कि साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें, जिससे कि मच्छरों से फैलने वाले संक्रमण से बचाव किया जा सके।

**उदासीनता** | अच्छी व्यवस्थाओं के चलते निजी पुस्तकालयों में पैसा चुकाकर जा रहे विद्यार्थी

# सरकारी पुस्तकालयों में बढ़ें व्यवस्थाएं, जुटाई जाएं किताबें

संवाददाता, गंजडुंडवारा


नगर पालिका स्थित पं दीनदयाल पुस्तकालय में पढ़ते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** पुस्तकें लोगों का भविष्य गढ़ती हैं। वर्तमान को आकार देती हैं। पुस्तकों से मोहभंग का मतलब है कि अपने वर्तमान के साथ भविष्य के प्रति भी उदासीनता। कभी सरकारी पुस्तकालयों में पढ़ने वालों की भीड़ उमड़ती थी व्यवस्थाएं भी बेहतर थीं लेकिन अब दोनों ही स्तरों पर उदासीनता नजर आ रही है।

नगर पालिका स्थित पण्डित दीनदयाल उपाध्याय पुस्तकालय में विधार्थियों को बैठने के इंतजाम तो सही हैं लेकिन जगह का अभाव है। विषयओं व प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकों की भी कमी है। इसके चलते विधार्थी निजी पुस्तकालयों की तरफ रुख कर रहे हैं। दिन-प्रतिदिन पुस्तकालय में विधार्थियों की संख्या मे गिरावट हो रही है। कस्बे में कुछ दिनों पूर्व कैनाल रोड व तेल मिल कालोनी में खुले निजी पुस्तकालयों में बड़ी संख्या में विधार्थी जा रहे हैं। वहां हर हरत की किताबें आसानी से मिल जाती हैं। यहां विधार्थी 500 से 600 रुपए माह का भुगतान करते हैं।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय पुस्तकालय में 60 छात्र - छात्राएं पंजीकृत हैं। अन्य कोई भी इसका लाभ ले सकता है। पुस्तकालय की अलमारियों में किताबें हैं। इनमें प्रतियोगी परीक्षाओं व जरूरत की अन्य पुस्तकों का अभाव है। छात्र गौरव दयाल व गोविंद चौधरी ने भी कम्पटीशन एवं अन्य आवश्यक विषयक पुस्तकों के अभाव की बात कही।



> पुस्तकालय विधार्थियों के सपनों को साकार देने में सहायक सिद्ध होती हैं। सरकारी पुस्तकालय में पुस्तकों के आभाव, बैठने हेतु हाल के विस्तार की आवश्यकता है। पालिका प्रशासन को जरूरतों को पूर्ण करने हेतु रूपरेखा बनाने की आवश्यकता है।
> **-डा. राजीव गुप्ता**, समाजसेवी



> पण्डित दीनदयाल उपाध्याय पुस्तकालय का लाभ विधार्थियों को मिल रहा है लेकिन छात्राओं हेतु पृथक से पुस्तकालय की स्थापना की आवश्यता है। पालिका प्रशासन को छात्राओं के शिक्षा हित में इस मांग पर विचार करने की आवश्यकता है।
> **-अब्दुल हफीज** गांधी, समाजसेवी

### क्या बोले अधिशासी अधिकारी

अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि पुस्तकालय आने वाले छात्र छात्राओं से पुस्तकों की सूची ली गई थी। सूची को पब्लिकेशन को भेज भी दिया गया है। पब्लिकेशन द्वारा पुस्तकें भेजने में देरी के चलते इनका अभाव है। पुस्तकालय में व्यवस्थाओं में और सुधार हेतु रुपरेखा तैयार की गई है। छात्राओं के लिए अलग पुस्तकालय निर्माण कराए जाने का प्रस्ताव भी पूर्व में हुई बोर्ड बैठक में सभासदों द्वारा सुझाया गया है। इस पर भी विचार किया जा रहा है।

# सिंचाई कर्मियों का नलकूप कार्यालय पर धरना

कार्यालय संवाददाता, कासगंज:

- मांगों को लेकर अधिशासी अभियंता को दिया मांग पत्र
- मांगे पूरी न होने पर धरना प्रदर्शन जारी रखने की चेतावनी


नलकूप खंड कार्यालय के बाहर धरना देते सिंचाई कर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सिंचाई कर्मियों की समस्याओं को लेकर सिंचाई संघ के बैनर तले कर्मचारियों ने बुधवार को नलकूप खंड कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। मांगों से संबंधित ज्ञापन अधिशासी अभियंता को देकर उन्हें पूरा किए जाने की गुहार लगाई। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगे पूरी न होने तक प्रदर्शन जारी रहेगा।

सिंचाई संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र वर्मा ने कहा कि नलकूप चालकों, सींच पर्यवेक्षको का मानव संपदा पोर्टल पर वास्तविक नियुक्ति तिथि व संपूर्ण विवरण अंकित नहीं किया गया। जिससे सिंचाई कर्मियों में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं हो जाती है, तब तक कर्मचारियों को यह प्रदर्शन अनवरत जारी रहेगा। कर्मचारियों ने अपनी मांगो से संबंधित ज्ञापन अधिशासी अभियंता को दिया। मंत्री विजय कुमार, अजय सिंह सोलंकी, आलोक कुमार, सुरेंद्र सिंह, हरीश चंद्र, रामवरन, प्रेमपाल सिंह, सोरन लाल, साहब सिंह, संतोष कुमार, राहुल कुमार, अजय प्रताप, सुंदरलाल, चंद्रभान, रणजीत सिंह, मुकेश कुमार आदित्य कुमार, तेजवीर सिंह, राजबहादुर सिंह, नीरज कुमार, सतेंद्र सिंह सहित अन्य सिंचाई कर्मी मौजूद रहे।

### वराह जन सेवा दिव्यांग समिति का प्रदर्शन कल

**कासगंज, अमृत विचार :** वराह जन सेवा दिव्यांग समिति द्वारा मांगों को लेकर 18 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष कुलदीप निर्भय ने बताया कि यदि मांगे पूरी नहीं की गई तो धरना स्थल पर ही सामूहिक मुंडन करायेंगे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

सहसा विदधीत न क्रियामविवेकः परमापदां पदम्।
वृणते हि विमृश्यकारिणं गुणलुब्धाः स्वयमेव संपदः ॥

विवेक में न रहना सबसे बड़ा दुर्भाग्य है इसलिए बिना सोचे समझे कोई काम नहीं करना चाहिए। जो व्यक्ति सोच समझकर कार्य करता है मां लक्ष्मी स्वयं उसका चुनाव करती हैं।

## संपादकीय

# एससीओ में भारत

पाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन का समय ऐसा है जब दुनिया कठिनाई के दौर से गुजर रही है। दो बड़े संघर्ष जारी हैं, जिनका असर पूरे विश्व पर पड़ रहा है। ऐसे में आतंकवाद क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा है। क्षेत्र में आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारत अभिसरण का एक मजबूत समर्थक है और उसने एससीओ में राज्य प्रायोजित आतंकवाद के मुद्दों को हमेशा उठाया है। भारत पहले ही एससीओ में चीन-पाकिस्तान धुरी के खिलाफ अपनी नाराजगी प्रकट कर चुका है। बुधवार को सम्मेलन में भारत की ओर से विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आतंकवाद से लड़ने और संयुक्त राष्ट्र जैसे विश्व निकायों को अधिक समावेशी, प्रतिनिधि और लोकतांत्रिक बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। भारत ने एससीओ के मंच का इस्तेमाल चीन के अपने पड़ोसियों के प्रति आक्रामक दृष्टिकोण अपनाने के मुद्दे को उठाने के लिए किया। भारत एससीओ का एकमात्र देश है, जिसने चीन की विवादास्पद 'वन बेल्ट वन रोड' संपर्क परियोजना का समर्थन नहीं किया है। एससीओ राजनीति, व्यापार और अर्थव्यवस्था, अनुसंधान तथा प्रौद्योगिकी एवं संस्कृति में प्रभावी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक स्थायी अंतर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन है। पिछले दो दशकों में एससीओ पूरे एशियाई क्षेत्र में शांति, समृद्धि और विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बनकर उभरा है। एससीओ का उद्देश्य आतंकवाद, उग्रवाद, अलगाववाद की 'तीन बुराइयों' से लड़ना रहा है। शुरुआती दिनों में और क्षेत्र की स्थिति के कारण, एससीओ ने सदस्य देशों के सामने आने वाली तत्काल चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया, जिसमें आतंकवाद, अलगाववाद, उग्रवाद और नशीले पदार्थों की तस्करी का खतरा शामिल था।

विदेश मंत्री ने साफ कर दिया कि यदि सीमा पार गतिविधियां आतंकवाद, उग्रवाद और विभाजनवाद से प्रभावित हैं, तो वे संभवतः व्यापार, ऊर्जा प्रवाह, कनेक्टिविटी और लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन नहीं देंगे। वास्तव में सहयोग आपसी सम्मान और संप्रभुता की समानता पर आधारित होना चाहिए। इसमें क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को मान्यता दी जानी चाहिए। विकास और वृद्धि को शांति व स्थिरता की आवश्यकता होती है। अगर वैश्विक व्यवस्थाओं, खासकर व्यापार और पारगमन के क्षेत्रों में अपने फायदे के हिसाब से चयन करेंगे तो सहयोग आगे नहीं बढ़ सकता। एससीओ के मंच से क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। चुनौतियों से निपटने के लिए सदस्य देशों के बीच सहयोग के महत्व पर जोर दिया। अंततः यह कहा जा सकता है कि सम्मेलन में भारत ने विचार-विमर्श में सकारात्मक और रचनात्मक योगदान दिया।

# बेमौसम बस्ती में क्यों आ रहा है तेंदुआ



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

उत्तर प्रदेश में तो भेड़िये, सियार, कुछ जगह गुलदार और बाघ के कारण लोगों में दहशत है, लेकिन असम, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश से भी तेंदुए के गांवों तक आने की खबर को सामान्य नहीं माना जा सकता। यह सच है कि जंगलों में बाघ की संख्या बढ़ने से तेंदुओं को पलायन अकरना पड़ रहा है, लेकिन बरसात में पलायन का बड़ा कारण बदलता मौसम है।

ऐसा कहा जाता है कि बरसात के मौसम में जंगल में मंगल होता है। घने वन झूमते हैं और हर जानवर के लिए पर्याप्त भोजन होता है, लेकिन इस बार अकेले उत्तर प्रदेश ही नहीं देश के अलग-अलग हिस्सों में तेंदुए ऐसे मौसम में बस्ती की तरफ आ रहे हैं और उनकी भिड़ंत इंसान से हो रही है। मुरादाबाद- अमरोहा के सैंकड़ों किसान तेंदुए के डर से खेत नहीं जा रहे तो लोगों ने दिन में भी जंगल या एकांत से गुजरना छोड़ दिया है। हापुड़ और मेरठ में भी घनी बस्ती में तेंदुआ पालतू जानवरों का शिकार कर चुका है। बिजनौर में तेंदुआ 25 से अधिक जान ले चुका है। पीलीभीत के आसपास एक हजार से अधिक तेंदुओं के घूमने की बात जंगल महकमा कह रहा है।

उत्तर प्रदेश में तो भेड़िये, सियार, कुछ जगह गुलदार और बाघ के कारण लोगों में दहशत है, लेकिन असम, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश से भी तेंदुए के गांवों तक आने की खबर को सामान्य नहीं माना जा सकता। यह सच है कि जंगलों में बाघ की संख्या बढ़ने से तेंदुओं को पलायन अकरना पड़ रहा है, लेकिन बरसात में पलायन का बड़ा कारण बदलता मौसम है। तेंदुए जैसे जानवर को क्या जलवायु अपरिवर्तन से जूझने में दिक्कत हो रही है? यह सच है कि जब जंगल का जानवर बस्ती में दिखता है तो इंसान में भी डर की भावना आती है। एक तो संशय होगा कि तेंदुआ बस्ती की तरफ आ क्यों रहा है, दूसरा यह स्वीकार करना होगा कि कोई भी जानवर इंसान पर हमला करने के लिए गांव-शहर में आता नहीं, फिर इस बात का ऐसा निदान खोजा जा सकता है कि प्रकृति की यह सुंदर देन अपने नैसर्गिक पर्यावास में निरापद रहे।

गत 9 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय बेंच, जिसमें जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल थे, ने दुर्लभ पक्षी ग्रेट इंडिया बस्टर्ड को संरक्षण वाले मामले में माना है कि लोगों को मौलिक अधिकारों के दायरे में जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों से मुक्त होने का अधिकार है। वहीं धरती के अन्य जीव भी उतने ही कीमती हैं जितना इंसान।



तेंदुआ अपना जंगल छोड़कर यदि लंबी यात्रा करता है तो उसका कारण भोजन के अलावा अपनी यौन क्रिया के लिए साथी तलाशना होता है। एक जंगल से दूसरे जंगल में जाने के लिए, तेंदुए प्राकृतिक गलियारों का उपयोग करते हैं, जो ज्यादातर नदियों और खेतों के माध्यम से होते हैं। चूंकि ये कॉरिडोर मानव बस्तियों के अंधाधुंध विस्तार के चलते टूट गए हैं, इसलिए तेंदुए मानव संपर्क की संभावना बन जाती है। हालांकि तेंदुए जितना हो सके मानव संपर्क से बचने की कोशिश करते हैं। तेंदुए को यदि एक बार इंसान के खून की लत लग जाए तो यह खतरनाक होता है। जंगल का अपने एक चक्र हुआ करते था।

चीता हमारे सामने उदाहरण है कि आजादी के बाद कैसे वह हमारे देश से लुप्त हुआ था। आज भले ही तेंदुए की संख्या पर्याप्त है, लेकिन जब उसका इंसान से टकराव बढ़ेगा तो जाहिर है कि उसके प्रजनन, भोजन, पर्यावास सभी पर कुप्रभाव पड़ेगा, खासकर जब जलवायु परिवर्तन की मार अब जानवरों पर बुरी तरह से पड़ रही है। यह बात गौर करने की है कि कुछ साल पहले तक तेंदुए के शावक जनवरी से मार्च तक दिखाई देते थे, लेकिन इस बार भारी बरसात में अर्थात जुलाई में जगह-जगह शावक दिख रहे हैं। जाहिर है कि बदलते मौसम ने तेंदुए के प्रजनन काल में बदलाव कर दिया है। हो यह रहा है कि बाघ के कारण तेंदुए गहन जंगल को छोड़ने पर जब मजबूर होते हैं तो वे बस्ती-शहर के पास डेरा डालते हैं, जहां तापमान बढ़ने का कुप्रभाव सबसे अधिक है और इसने उनके मूल स्वभाव में परिवर्तन ला दिया है। घने जंगल कम होने से तेंदुए के इलाके में बाघ का कब्जा हो गया और जब पानी और घास पर जीने वाले जीव, जोकि मांसाहारी जानवरों के भोजन होते हैं, उनकी पर्याप्त संख्या होने के बावजूद तेंदुए को अधिक गरम इलाके में आना पड़ रहा है। जान लें कि जंगल का जानवर इंसान से सर्वाधिक भयभीत रहता है और वह बस्ती में तभी घुसता है जब वह पानी या भोजन की तलाश में बेहाल हो जाए। चूंकि तेंदुआ कुत्ते से लेकर मुर्गी तक को खा सकता है, अतः जब एक बार लोगों की बस्ती की राह पकड़ लेता है तो सहजता से शिकार मिलने के लोभ में बार-बार यहां आता है। यदा-कदा जंगल महकमे के लोग इन्हे पिंजड़ा लगाकर पकड़ते हैं और फिर पकड़े गए स्थान के करीब ही किसी जंगल में छोड़ देते हैं। चूंकि तेंदुए की याददाश्त बेहतरीन है सो वह लौटकर वहीं आ जाता है। घने जंगल में बिल्ली मौसी के परिवार के बड़े सदस्य बाघ का कब्जा होता है और इसीलिए परिवार के छोटे सदस्य जैसे तेंदुए या गुलदार बस्ती की तरफ भागते हैं। विडंबना है कि जंगल के संरक्षक जानवर हों या फिर खेती-किसानी के सहयोगी मवेशी, उनके के लिए पानी या भोजन की कोई दूरगामी नीति नहीं है। तेंदुआ एक अच्छा शिकारी तो है ही, किसी इलाके के पारिस्थितिकी तंत्र की गुणवत्ता का मानक चिन्ह भी होता है। दुर्भाग्य है कि आज इसका अस्तित्व ही खतरे में है। जंगली बिल्लियों के कुनबे के मूलभूत गुणों से विपरीत इनका स्वभाव हालात के अनुसार खुद को ढाल लेने का होता है। जैसे कि ये चूहों और साही से लेकर बंदरों और कुत्तों तक किसी भी जानवर का शिकार कर सकते हैं। वे गहरे जंगलों और मानव बस्तियों के पास पनप सकते हैं। यह अनुकूलन क्षमता, इन्हें कही भी छिपने और इंसान के साथ जीने के काबिल बना देती है, लेकिन जब तेंदुए जंगलों के बाहर उच्च मानव घनत्व वाले क्षेत्रों में पाए जाते हैं तो हमें लगता है कि वे भटक गए हैं। हम भूल जाते हैं कि यह उनका भी उतना ही घर है, जितना हमारा है।

तेंदुआ अपना जंगल छोड़कर यदि लंबी यात्रा करता है तो उसका कारण भोजन के अलावा अपनी यौन क्रिया के लिए साथी तलाशना होता है। एक जंगल से दूसरे जंगल में जाने के लिए, तेंदुए प्राकृतिक गलियारों का उपयोग करते हैं, जो ज्यादातर नदियों और खेतों के माध्यम से होते हैं। चूंकि ये कॉरिडोर मानव बस्तियों के अंधाधुंध विस्तार के चलते टूट गए हैं, इसलिए तेंदुए मानव संपर्क की संभावना बन जाती है। हालांकि तेंदुए जितना हो सके मानव संपर्क से बचने की कोशिश करते हैं। तेंदुए को यदि एक बार इंसान के खून की लत लग जाए तो यह खतरनाक होता है। जंगल का अपने एक चक्र हुआ करते था। जंगलों की अंधाधुंध कटाई और उसमें बसने वाले जानवरों के प्राकृतिक पर्यावास के नष्ट होने से इंसानी दखल से दूर रहने वाले जानवर सीधे मानव के संपर्क में आ गए। यदि इंसान चाहता है कि वह तेंदुए जैसे जंगली जानवरों का निवाला न बने तो जरूरत है कि नैसर्गिक जंगलों को छेड़ा न जाए, जंगल में इंसानों की गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगे। खासकर जंगलों में नदी-नालों को खनिज या रेत उत्सर्जन के नाम पर नैसर्गिक संरचनाओं को उजाड़ा न जाए।

## प्रसंगवश

# शरद पूर्णिमा का वैज्ञानिक महत्व

श्रीमद्भागवत महापुराण के अनुसार चन्द्रमा को औषधि का देवता माना जाता है। इस दिन चांद अपनी 16 कलाओं से पूरा होकर अमृत की वर्षा करता है। मान्यताओं से अलग वैज्ञानिकों ने भी इस पूर्णिमा को खास बताया है, जिसके पीछे कई सैद्धांतिक और वैज्ञानिक तथ्य छिपे हुए हैं।

शरद पूर्णिमा स्वास्थ्य की दृष्टि से एक ऐसी रात्रि मानी जाती है जब क्षितिज से अमृत की रश्मियां संजीवनी बनकर बरसती हैं। तत्व दर्शन यह है कि शरद पूर्णिमा की रात को चूंकि चंद्रमा धरती के सर्वाधिक निकट होता है, इस कारण इसकी किरणें धरती पर छिटक कर अन्न-जल व वनस्पति को अपने औषधीय गुणों से अधिक सघनता से सिंचित करती हैं। इस पूर्णिमा पर चावल और दूध से बनी खीर को चांदनी रात में रखकर प्रातः 4 बजे सेवन किया जाता है। इससे रोग खत्म हो जाते हैं और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। एक अन्य वैज्ञानिक शोध के अनुसार इस दिन दूध से बने उत्पाद का चांदी के पात्र में सेवन करना चाहिए। चांदी में प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती है। इससे विषाणु दूर रहते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम 30 मिनट तक शरद पूर्णिमा का स्नान करना चाहिए। इस दिन बनने वाला वातावरण दमा के रोगियों के लिए विशेषकर लाभकारी माना गया है।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

एक अध्ययन के अनुसार शरद पूर्णिमा पर औषधियों की स्पंदन क्षमता अधिक होती है। यानी औषधियों का प्रभाव बढ़ जाता है रसाकर्षण के कारण जब अंदर का पदार्थ सांद्र होने लगता है, तब रिक्तिकाओं से विशेष प्रकार की ध्वनि उत्पन्न होती है। लंकाधिपति रावण शरद पूर्णिमा की रात किरणों को दर्पण के माध्यम से अपनी नाभि पर ग्रहण करता था। इस प्रक्रिया से उसे पुनर्योवन शक्ति प्राप्त होती थी। चांदनी रात में 10 से मध्यरात्रि 12 बजे के बीच कम वस्त्रों में घूमने वाले व्यक्ति को ऊर्जा प्राप्त होती है। सोमचक्र, नक्षत्रीय चक्र और आश्विन के त्रिकोण के कारण शरद ऋतु से ऊर्जा का संग्रह होता है और बसंत में निग्रह होता है। क्यों बनाई जाती है खीर?- वैज्ञानिकों के अनुसार दूध में लैक्टिक अम्ल और अमृत तत्व होता है। यह तत्व किरणों से अधिक मात्रा में शक्ति का शोषण करता है। चावल में स्टार्च होने के कारण यह प्रक्रिया और भी आसान हो जाती है। इसी कारण ऋषि-मुनियों ने शरद पूर्णिमा की रात्रि में खीर खुले आसमान में रखने का विधान किया है और इस खीर का सेवन सेहत के लिए महत्वपूर्ण बताया है। इससे पुनर्योवन शक्ति और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। यह परंपरा विज्ञान पर आधारित है। इससे वनस्पतियों में नया प्राणतत्व आ जाता है। इसीलिए प्राचीनकाल में शरद पूर्णिमा की रात को आयुर्वेद के मनीषियों द्वारा विभिन्न जड़ी बूटियों से जीवनदायी औषधियों के निर्माण की परंपरा शुरू की गई थी,जो आज भी कायम है। भगवान श्रीकृष्ण भी गीता में कहते हैं-"पुष्णामि चौषधीः सर्वाः सोमो भूत्वा रसात्मकः।।" अर्थात मैं ही रसस्वरूप अमृतमय चन्द्रमा होकर संपूर्ण औषधियों को अर्थात वनस्पतियों को पुष्ट करता हूं। उनका यह कथन भी शरद पूर्णिमा की उपादेयता को पुष्ट करता है। ऋतु परिवर्तन स्वास्थ्य से जुड़ा है महत्व आयुर्वेद विशेषज्ञों के अनुसार इस पूर्णिमा के चंद्रमा से एक विशेष प्रकार का अमृत रस झरता है, जो अनेक रोगों में संजीवनी की तरह काम करता है। आयुर्वेद के मनीषियों ने शरद पूर्णिमा के इस चंद्र अमृत का लाभ जनसामान्य तक पहुंचाने के लिए मिट्टी के बर्तन में खीर बनाकर उसे घरों की छतों पर खुले आकाश के नीचे रखने तथा अगले दिन प्रातः काल इस अमृतमय खीर का प्रसाद के रूप में सेवन करने की परंपरा बनाई थी।

शरद पूर्णिमा की रात को खुले आकाश तले रखी जाने वाली इस खीर की औषधीय महत्ता अब वैज्ञानिक प्रयोगों से भी परखी जा चुकी है। काशी के आयुर्वेदाचार्य शांतनु मिश्र बताते हैं कि शरद पूर्णिमा पर काशी के गढ़वाघाट मठ से अनेक वर्षों से अस्थमा पीड़ितों के लिए खास तरह औषधि का वितरण किया जाता है, जो चंद्रकिरणों से तैयार की जाती है। वे कहते हैं कि शरद पूर्णिमा को ब्रह्म मुहूर्त में चन्द्रमा की किरणों के बीच जब गंगा में स्नान किया जाता है तो मनुष्य के शरीर में अनूठी रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। रोग का कारण त्रुटिपूर्ण जीवनशैली हमारी वैदिक मनीषा द्वारा सदियों पूर्व बनाए गए स्वास्थ्य संरक्षण के नियम-उपनियम आज भी उतने ही कारगर हैं तथा समूची दुनिया इनकी वैज्ञानिकता को जान-परख कर चमत्कृत है। आज के समय में रोगों की भरमार का मूल कारण हमारी त्रुटिपूर्ण जीवन शैली है। इससे उबरने के लिए प्रयोगों पर कसौटी पर खरे उतरे। शरद पूर्णिमा के दिन किए जाने वाले स्वास्थ्य संरक्षण के उपचारों को हर भारतवासी को अपनाना चाहिए।

# आधुनिक समाज में वाल्मीकि के आदर्शों का क्षय

वाल्मीकि का महाकाव्य रामायण न केवल साहित्यिक, बल्कि नैतिक आदर्शों का भी प्रतीक है। उनके द्वारा स्थापित धर्म, सत्य, कर्तव्य और करुणा के सिद्धांत, जो कभी मानवता के लिए मार्गदर्शन का स्रोत थे, आज के समाज में कहीं खोए हुए प्रतीत होते हैं। वाल्मीकि ने कहा था, "धर्मो रक्षति रक्षितः" अर्थात धर्म की रक्षा करो, तो धर्म तुम्हारी रक्षा करेगा, लेकिन आज धर्म की रक्षा नहीं, बल्कि उसका कुशल प्रबंधन किया जाता है, जैसे कि यह कोई व्यावसायिक प्रोडक्ट हो। आज लोग मंदिरों में लंबी कतारों में खड़े होते हैं, धक्का मुक्की के बीच ईष्ट के दर्शन करते हैं पर घर पहुंचते ही 'धर्म' और 'अधर्म' की परिभाषा अपनी सहूलियत के अनुसार बदल लेते हैं। धर्म और सत्य आज के युग में 'वैल्यू प्रोपोजिशन' बन गए हैं। सत्य तब तक सही है जब तक वह हमारे हित में हो और धर्म का पालन तब तक होता है जब तक वह हमारे लाभ में हो। वाल्मीकि अगर आज यह देखते, तो शायद सोचते, "धर्म की रक्षा की बात तो मैंने मानवता की भलाई के लिए की थी, न कि स्वार्थ सिद्धि के लिए।"



जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी

यह समय है कि हम इन विचारों को फिर से जीवन में उतारें और सही मायनों में 'रामायण' का सार समझें, ताकि हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकें।

वाल्मीकि ने राम के चरित्र के माध्यम से कर्तव्य पालन का आदर्श प्रस्तुत किया था। आज के दौर में हर किसी के पास कर्तव्य के बारे में बात करने का समय है, लेकिन जब इसे निभाने की बात आती है तो लोग अचानक व्यस्त हो जाते हैं। आधुनिक कर्तव्य एक ऐसी 'टू-डू लिस्ट' बन गया है, जिसे हम रोज देखते हैं और फिर कहते हैं, "कल करेंगे।" कर्तव्य पालन अब केवल भाषणों की शोभा रह गया है। असल में इसे निभाने की फुर्सत नहीं है। वाल्मीकि का हृदय करुणा से भरा हुआ था। उन्होंने क्रौंच पक्षी के वध पर जो श्लोक रचा, वह उनकी करुणा और संवेदनशीलता का प्रतीक हैः "मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः, यत्क्रौंचमिथुनादेकमवधीः काममोहितम्।" (हे निषाद, तुमको कभी शांति प्राप्त न हो, क्योंकि तुमने प्रेम में लगे हुए क्रौंच पक्षी के जोड़े में से एक को मार डाला)।

आज करुणा अब संवेदनशीलता का नहीं, बल्कि 'मौके' का प्रतीक बन गई है। लोगों को मदद करनी हो तो सबसे पहले यह देखा जाता है कि इससे उनका लाभ होगा या नहीं। असहाय की पुकार सुनने से पहले लोग ये सोचने लगते हैं कि इससे उनकी सामाजिक छवि पर क्या असर पड़ेगा। वाल्मीकि ने राम के जीवन को त्याग और संयम का आदर्श माना था। आदर्श जीवन अब माया और दिखावे से घिरा हुआ है। त्याग और संयम जैसी बातें अब केवल कहानियों तक सीमित हो गई हैं। वाल्मीकि ने रामराज्य का आदर्श प्रस्तुत किया था,जहां सत्य, न्याय और धर्म की प्रधानता थी। "रामो विग्रहवान धर्मः" अर्थात राम धर्म के साक्षात स्वरूप हैं, लेकिन आज की राजनीति को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि सत्य, न्याय और धर्म की जगह केवल वादों और स्वार्थ ने ले ली है। चुनाव से पहले बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं और चुनाव जीतने के बाद जनता सोचती रह जाती है कि यह वादे थे या सपने। वाल्मीकि के विचारों को जितनी गहराई से समझा जाए, उतने ही विविध पहलू उनके दर्शन में सामने आते हैं। उनके विचार सिर्फ नैतिकता, धर्म और कर्तव्य तक सीमित नहीं थे, बल्कि जीवन के हर पहलू में गहराई से जुड़े हुए थे। उनके आदर्श हमें यह सोचने पर मजबूर करते हैं कि क्या हम वास्तव में उन सिद्धांतों का पालन कर रहे हैं या फिर वे बस हमारे आभासी जीवन का हिस्सा बन गए हैं।

यह समय है कि हम इन विचारों को फिर से जीवन में उतारें और सही मायनों में 'रामायण' का सार समझें, ताकि हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकें। वाल्मीकि का साहित्यिक योगदान केवल उनकी रचनाओं तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने समाज में जो नैतिक और आध्यात्मिक आदर्श स्थापित किए, वे आज भी हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने न केवल रामायण के माध्यम से धर्म, सत्य, कर्तव्य और त्याग के मूल्यों को सजीव किया, बल्कि समाज में व्याप्त असमानताओं को भी चुनौती दी।

वाल्मीकि जयंती का यह अवसर हमें उनके आदर्शों और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का मौका देता है। उनका संदेश यह है कि चाहे जीवन कितना भी कठिन क्यों न हो, आत्मसुधार और सत्य का मार्ग अपनाकर हम न केवल स्वयं को, बल्कि समाज को भी एक बेहतर दिशा दे सकते हैं। उनके आदर्श और शिक्षाएं आज के समाज में उतनी ही प्रासंगिक हैं, जितनी उनके समय में थीं। इस जयंती पर हम उनके महान साहित्यिक और समाज सुधारक योगदान को नमन करते हैं और उनसे प्रेरणा लेकर अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प करते हैं।

## सोशल फोरम

# देवी लक्ष्मी और उल्लू

हिंदू परिवारों में लक्ष्मी एक बड़ा प्रिय शब्द है, क्योंकि धन-संपत्ति आज के जमाने में किसे प्रिय नहीं है। पर क्या कभी सोचा है कि लक्ष्मी की सवारी उल्लू क्यों है? उल्लू एक अनोखा जीव है जिसे दिन में दिखता नहीं है। फिर जिसने भी लक्ष्मी के साथ उल्लू की कल्पना की, उसका अभिप्राय इसके अलावा क्या होगा कि धन-संपत्ति पाकर अंधे न हो जाओ, बुद्धि के देवता गणेश को थोड़ा याद कर लो।

इन दिनों जिनके पास लक्ष्मी ज्यादा है, वे कितने अंधे हो चुके हैं और सामान्य संवेदना भी खो चुके हैं, यह अब आम अनुभव है।




शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

इन दिनों जिनके पास लक्ष्मी ज्यादा है, वे कितने अंधे हो चुके हैं और सामान्य संवेदना भी खो चुके हैं, यह अब आम अनुभव है। किसी परिवार में लड़की पैदा होने पर कभी सांत्वना पाने के लिए और कभी उसके गोरे सौंदर्य पर खुश होकर कहा जाता है कि लक्ष्मी पैदा हुई है। हिंदू कल्पना में सरस्वती, लक्ष्मी, सीता, राधा, दुर्गा, अधिकांश देवियां गोरी हैं। सभी देवता सांवले या काले हैं। यह इस देश में एक वर्ण-पूर्वग्रह है कि लड़के भले काले हों, पर लड़की गोरी होनी चाहिए। अकसर कहा जाता है, रूप में लक्ष्मी और गुण में सरस्वती। लड़कों के बारे में कहा जाता है कि लड़कों का रूप क्या देखना, उनका गुण देखो। लड़की सुंदर चाहिए, पढ़ी-लिखी और गृहकार्य में निपुण। लक्ष्मी की एक लोकप्रिय छवि विष्णु के चरणों के पास बैठकर उनकी सेवा करने की है। ऐसी धार्मिक छवियों ने भी स्त्रियों का क्या कर्तव्य है, यह निर्धारित करने में एक बड़ी भूमिका निभाई है और उनके अधिकारों को हजारों साल से प्रभावित किया है। यदि नई बहू के आने के बाद कोई दुर्घटना हो गई तो उसे सुनना पड़ता है,'इसका पैर खराब है','तू अलक्ष्मी है, तेरी वजह से नुकसान हुआ'। फिर शिकायतों से लेकर मारने-जलाने तक का कर्मकांड चलता है। स्त्री को अपने रूप-रंग, शकुन-अपशकुन, सुनिर्धारित कर्तव्य-अकर्तव्य आदि के कारण जो दुख-कष्ट झेलने पड़ते हैं। उसके मूल में पुरानी धार्मिक कल्पनाओं की सीमा को समझना चाहिए।

- फेसबुक वॉल से

# सर सैय्यद के मिशन से भटक गया मुस्लिम समाज

अलीगढ़ मुस्लिम युनिवर्सिटी (एएमयू) के संस्थापक आधुनिक भारत के निर्माताओं में से एक, सर सैय्यद अहमद खान का जन्म 17 अक्टूबर 1817 को दिल्ली में हुआ था, उन्होंने अपना काम एक लोक सेवक के तौर पर शुरू किया था। सन 1857 की क्रांति सर सैय्यद अहमद के जीवन की अहम घटना थी। उन्होंने इसका अंदाजा लगा लिया था कि मुस्लिम समुदाय के लिए खासकर उत्तर भारत में सामाजिक और राजनीतिक वजूद बनाए रखने के लिए अंग्रेजी भाषा एवं आधुनिक विज्ञान में निपुणता और कौशल प्राप्त करना होगा। सर सैय्यद उन रहनुमाओं में से एक थे, जिन्होंने पिछड़े, निर्धन मुस्लिम समाज के शक्तिकरण में शिक्षा की क्रांतिकारी भूमिका को अहम माना। वे न केवल आधुनिक भारत के महान राष्ट्र निर्माता थे, बल्कि एक महान समाज सुधारक भी थे। विभिन्न स्कूलों की शुरुआत करके उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के निर्माण की भूमिका तैयार कर दी थी। मुसलमानों में वैज्ञानिक चेतना का निर्माण और पश्चिमी ज्ञान को भारतीयों को अपनी भाषा में उपलब्ध कराने के लिए उन्होंने सन 1863 में 'साइंटिफिक सोसाइटी' की स्थापना की। मार्च 1866 में 'साइंटिफिक सोसाइटी' की मैगनीज 'अलीगढ़ इंस्टिट्यूट गज़ेट' की शुरुआत की, जिसके जरिए पारंपरिक मुस्लिम समाज की सोच बदलने में उन्हें कामयाबी मिली।



मुहम्मद ख़ालिद जीलानी
वरिष्ठ अधिवक्ता, बरेली

सर सैय्यद की महानता की खासियत ये थी कि वह पहले ऐसे भारतीय मुस्लिम थे, जिन्होंने इस्लाम को नए नजरिए से देखने की ज़रूरत को समझा और उसके लिए काम भी किया। सर सैय्यद ने भारतीय उपमहाद्वीप के आधुनिक समाज के विकास में मूलभूत योगदान दिया, उनका मकसद भारत के मुसलमानों को सभ्यता के एक उच्च मुकाम को अपनाने के लिए प्रेरित करना था, ताकि उन्हें नीची नजर से देखने वाला सभ्य समाज भी अपना नजरिया बदल दें और वे भी दुनिया में एक सम्मानित और सभ्य समाज कहलाने के हकदार बन सकें। वर्तमान में देश के मुस्लिम समुदाय की शैक्षिक स्थिति बेहद खराब है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक मुसलमान शिक्षा के कई मानदंडों पर एससी और एसटी से भी पिछड़े हैं। एक निश्चित उम्र वर्ग वाले बच्चों के स्कूलों में अटेंडेंस के मामले में भी मुस्लिम समुदाय अन्य धार्मिक समुदायों की तुलना में पिछड़ा है। प्राइमरी स्तर की बात करें तो हर सौ मुस्लिम का ग्रास अटेंडेंस रेश्यू (गैर) अन्य, एससी, एसटी, ओबीसी, सिख, ईसाई और हिन्दू समाज की तुलना में सबसे कम है। अपर प्राइमरी स्तर पर मुस्लिम समुदाय ही एकमात्र ऐसा समुदाय है, जिसका गैर 90 प्रतिशत से कम है। सेकेंडरी स्तर पर मुसलमानों का गैर 71.9 प्रतिशत है, लेकिन एसटी 79.8 प्रतिशत और ओबीसी की तुलना में यह कम है। हायर सेकेंडरी स्तर पर मुस्लिमों का गैर 48.3 प्रतिशत है, जो एससी (52.8 प्रतिशत) से भी कम है।

मुसलमानों में ड्रॉपआउट का स्तर भी ज्यादा है। हायर सेकेंडरी स्तर से ऊपर की बात करें तो मुसलमानों का गैर 14.5 प्रतिशत है, जो दलितों के 17.8 प्रतिशत आंकड़े से कम है। आदिवासियों की अधिकांश आबादी सुदूर इलाकों में रहती है, मुसलमान उच्च शिक्षा वाले संस्थानों के करीब रहते हैं। बावजूद इसके मुसलमानों में ड्रॉप आउट का स्तर आदिवासी समुदाय के बराबर ही है। मुसलमानों की तीन से पैंतीस आयु वर्ग की आबादी का बड़ा हिस्सा औपचारिक शिक्षा के लिए नामांकन ही नहीं कराता है। इस उम्र समूह के करीब 17 प्रतिशत मुस्लिम पुरुष तो कभी शिक्षा के लिए नामांकन ही नहीं करवाते हैं। इसी तरह इस वर्ग के मुस्लिम महिलाओं का आंकड़ा 21.9 प्रतिशत है जबकि एसटी महिलाओं का औसत 22.4 प्रतिशत है। शिक्षा के क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय की इस दयनीय स्थिति ने आर्थिक और समाज के दूसरे क्षेत्रों व देश की मुख्य धारा से पीछे छोड़ दिया है। मुस्लिम समुदाय की मौजूदा नस्ल का एक बड़ा हिस्सा शिक्षा और सभ्यता से दूर सुबह तड़के खिचड़ी-बिरयानी के खोमचों बात-बात मजहब के नाम पर सड़कों पर जुलूस, गली-दर-गली उर्स मनाते आसानी से देखा जा सकता है। सामाजिक बुराइयों के आडंबर और दहेज की लानत, अशिक्षा, गरीबी और बेरोजगारी ने मुस्लिम समाज की सामाजिक हैसियत को बरबाद करके रख दिया है, सर सैय्यद अहमद खान के मिशन को धूमिल कर दिया है।

## आपका पत्र

# मितव्ययिता जरूरी समझें

अभी कुछ दिन पूर्व लखनऊ से मुंबई की हवाई यात्रा करनी पड़ी। लखनऊ एयरपोर्ट पर पत्नी को चाय की तलब महसूस हुई जब चाय के दाम मालूम किए तो भौच्चका रह गया। यही हाल प्लेन के अंदर मिलने वाली चाय का था। हम दोनों ने हवाई यात्रा में चाय न पीना ही बेहतर समझा। यह स्थिति देश के किसी भी एयरपोर्ट पर मिलेगी। बच्चों की दूर-दूर नौकरी के सिलसिले में अब मां-बाप को उनके पास जाने का मोह तो रहता है, किंतु मिडिल क्लास खासकर समाजवादी सोच के लोगों के लिए सामान्य इंडियन रेस्तरां के मुकाबले 8 गुना महंगी चाय या काफी एयरपोर्ट पर या प्लेन में पीना समझदारी पूर्ण नहीं लगता।

अधिकांश लोग इन खाने-पीने की चीजों पर खर्च नहीं करते, क्योंकि वो न तो दिखावे में विश्वास रखते न अपने बटुए में रखे धन का प्रदर्शन ही करना चाहते हैं। वो मितव्ययिता में यकीन रखने वाले लोग हैं। मितव्ययी होने का मतलब है अपने पैसे और इसे खर्च करने के तरीके के बारे में सावधान रहना,खर्च करने से पहले दो बार सोचना, हालांकि आज की नई पीढ़ी को समझा पाना बड़ा मुश्किल हो रहा है। वो यह नहीं समझते कि छोटी-छोटी बचत एक बड़ी रकम बन सकती है। शायद एक नई कहावत जन्म ले रही है, जिसमें खान-पान में खर्च का तरीका यह तय करेगा कि आप अमीर बन रहे हैं, इनका लहजा बता रहा है कि इनकी दौलत नई-नई है।

-संजीव मेहरोत्रा, बरेली

## एक नजर

### नकली जेवर गिरवी रखकर 4.25 लाख ठगे

जलेसर, अमृत विचार : थाने में सोनू सर्राफ पुत्र देवेन्द्र सिंह निवासी नौसियान ने वीरपाल सिंह पुत्र साहब सिंह निवासी रशीदपुर समेत दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सोनू ने बताया कि वीरपाल सिंह ने धोखाधड़ी करके 129 .9 ग्राम सोना गिरवी रखकर 4 लाख 25 हजार रुपए ले लिए। जब इस सोने की शुद्धता की जांच की गई तो यह नकली पाया गया। इस पर पीड़ित ने रुपये मांगे तो आरोपित ने रुपये वापस नहीं किए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बाइक चोरी करके बेचने जा रहा युवक पकड़ा

बदायूं, अमृत विचार : कोतवाली सहसवान पुलिस बुधवार को क्षेत्र में गश्त कर रही थी। गांव भवानीपुर खैरू को जाने वाले कच्चे मार्ग पर बाइक सवार युवक आया। पुलिस ने उसे रोक लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ। उसकी बाइक भी चोरी की थी। युवक ने अपना नाम गांव भवानीपुर खैरू निवासी अच्छे मियां पुत्र मोहम्मद उमर बताया।

# कबड्डी में कासगंज ने अलीगढ़ को हराया

## तीन दिवसीय पुलिस कबड्डी, क्लस्टर प्रतियोगिता में आठ टीमें शामिल



कबड्डी में एक-एक प्वाइंट के लिए जूझतीं खिलाड़ी। ● अमृत विचार



पुलिस कबड्डी प्रतियोगिता का आरंभ करतीं डीएम मेधा रूपम एवं एसपी अपर्णा रजत कौशिक।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज:

● डीएम, एसपी ने प्रतियोगिता का उद्घाटन कर प्रतियोगियों को किया प्रोत्साहित

अमृत विचार: तीन दिवसीय अंतरजनपदीय कबड्डी, क्लस्टर महिला पुरुष प्रतियोगिता सोरों के स्पोर्ट स्टेडियम में शुरू हुई। उद्घाटन मैच अलीगढ, कासगंज की महिला टीम के बीच हुआ। जबरदस्त मुकाबले में कासगंज की टीम ने अलीगढ की टीम का पराजित किया।

प्रतियोगिता का आरंभ डीएम मेधा रूपम एवं अपर्णा रजत कौशिक ने फीता काटकर और गुब्बारे उड़ा कर किया। डीएम, एसपी ने खिलाडियों को प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में अलीगढ, आगरा, मथुरा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, हाथरस, एटा और कासगंज की कुल आठ टीमों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। प्रथम दिन ही अलीगढ और कासगंज की महिला टीम के बीच मुकाबला हुआ। जबरदस्त हुए मुकाबले में कासगंज की महिला टीम ने 18-38 के भारी अंतर से अलीगढ की टीम को हराया। दूसरा मैच पुरूष वर्ग जनपद अलीगढ एवं मैनुपरी के मध्य हुआ। जिसमें जनपद मैनपुरी की टीम ने 40-37 के अन्तर से जीत दर्ज की। तीसरा मैच पुरुष वर्ग में जनपद एटा एवं हाथरस के मध्य हुआ। जिसमें जनपद एटा की टीम द्वारा 52-47 के अन्तर से जीत दर्ज की।

इस मौके पर एएसपी राजेश कुमार भारती, सीओ सहावर शाहिदा नसरीन, सीओ आंचल चौहान, रविन्द्र कुमार मलिक, निर्णायक मंडल में राजेन्द्र सिंह, अजय यादव, मुकेश राजपूत, दीनदयाल सिंह, यादराम, नीलेश चौहान, देवेन्द्र कुमार, भरतेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

## सराफ से 140 ग्राम सोना लेकर कारीगर फरार

एटा, अमृत विचार : कोतवाली नगर क्षेत्र के बाबूगंज स्थित एक ज्वैलर्स की दुकान से 140 ग्राम सोना लेकर कारीगर फरार हो गया। पीड़ित दुकानदार ने 16 अक्टूबर को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत की है। बीजेसी ज्वैलर्स की दुकान बाबूगंज में है। उक्त दुकान में कमलेश उर्फ दीपक पुत्र भीकम सिंह चलाते हैं। दीपक ने बताया कि उनकी दुकान पर कोलकाता का एक कारीगार सोने-चांदी का काम करता था।

आरोप है कि नौ अक्टूबर को यह कारीगर दुकान में रखा 140 ग्राम सोना लेकर फरार हो गया। पीड़ित को इसकी जानकारी 10 अक्टूबर को हुई। 11 अक्टूबर को कोतवाली नगर में शिकायत की, पांच दिन में कोई कार्रवाई नहीं हुई तो 16 अक्टूबर को पीड़ित एसएसपी कार्यालय पहुंचा और आरोपित के खिलाफ अभियोग दर्ज कराने की मांग की।

# छत्त टपके तो फव्वारों...टूटे कमरे में बहारों का मजा लेते हैं

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



राज्य महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़ को सम्मानित करते आयोजक।

● रामलीला के मंच पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित

अमृत विचार: महाकवि संत तुलसी दास साहित्यिक संस्थान शूकर क्षेत्र सोरों जी के तत्वावधान में बारहद्वारी पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान कवियों और शायरों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत करते हुए श्रोताओं की वाहवाही लूटी।

उद्घाटन मुख्य अतिथि मैनुपरीके भोगांव पालिका अध्यक्ष आशीष तिवारी, विशेष अतिथि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रजबहादुर भारद्वाज, राज्य महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़ ने किया। कार्यक्रम संयोजक विपिन शर्मा, संचालक मैनपुरी के सतीश गुप्ता मधुप ने किया। लखनऊ की कवयित्री डा. सरला शर्मा ने नमन सोरों की धरती को ये तीर्थ धाम ऐसा है, घर घर वास तुलसी का है घर घर दास तुलसी का, कविता प्रस्तुत की। बनारस की विभा शुक्ला ने सुनाया मस्ती शाम अवध की न्यारी है एक ज्याहती का पावन संगम लगते सबको प्यारी है। विश्वनाथ का धाम जहां भैरव की जहां कोतवाली है आदि अनंत्य मोक्ष की नगरी दुनिया जाने सारी है। डॉ. अजय अटल ने जीवन में मंगल विनाश रहा आदमी, मंगल पर जीवन तलाश रहा आदमी गीत प्रस्तुत किया। दिल्ली से आये कवि सुनहरी लाल छत्त टपके तो फव्वारों का मजा लेते हैं, टूटे कमरे में बहारों का मजा लेते हैं सुनाया। अतिथियों को रामलीला कमेटी के पदाधिकारी गोपाल मराठा प्रशांत शर्मा, प्रखर गुप्ता ने पगड़ी और चांदी मुकुट पहना कर वप्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# आमजन के सहयोग से संभव है सड़क सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज:

● सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को यातायात नियमों का पालन करने को किया प्रेरित

● सड़क सुरक्षा पखवाडे.के समापन पर सम्मानित किए गए यातायात पुलिस कर्मी



उत्कृष्ट कार्य के लिए यातायात पुलिस कर्मी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते अतिथि रामेश्वर दयाल महेरे एआरटीओ आरपी मिश्रा, यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह।

अमृत विचार: सड़क सुरक्षा पखवाड़े के समापन पर बुधवार को उप संभागीय परिवहन कार्यालय में जागरुकता कार्यक्रम हुआ। लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देकर उन्हें इसके पालन के लिए प्रेरित किया गया। सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आम जन से सहयोग की अपील की गई।

मुख्य अतिथि सोरों के पालिका अध्यक्ष रामेश्वर दयाल महेरे ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करने से दुर्घटनाओं में कमी आती है। प्रत्येक वाहन चालक को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। एआरटीओ आरपी मिश्रा ने कहा कि अभिभावक अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न दें। चालक वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें। शराब या अन्य नशे की स्थिति में वाहन न चलाएं और गति नियंत्रित रखे। दो पहिया वाहन चालक वाहन चलाते समय हेलमेट लगाए। चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का प्रयोग करें। यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आमजन का सहयोग जरूरी है। उ इस मौके पर संभागीय परिवहन विभाग, यातायात पुलिस, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। उत्कृष्ट कार्यो के लिए यातायात पुलिस कर्मी सम्मानित किए गए।

# भड़काऊ पोस्ट डालने वाले पर कार्रवाई को लेकर भड़के संगठन

संवाददाता, सोरों जी

● विहिप और बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने सोरों कोतवाली का किया घेराव

अमृत विचार: सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने के आरोपी के विरुद्ध कोतवाली पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में कार्रवाई न किए जाने से संगठनों ने आक्रोश व्यक्त किया है। विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कोतवाली का घेराव कर न्यायोचित कार्रवाई की मांग की है।

कस्बा के मुहल्ला सराया मड़ई निवासी आफाक खान ने अपने सोशल मीडिया फेसबुक अकाउंट पर मंगलवार को एक भड़काऊ पोस्ट किया था। पोस्ट वायरल होने पर संगठनों ने आक्रोश व्यक्त कर आरोपी कार्रवाई करने की मांग की थी। कोतवाली पुलिस ने आरोपी को शांति भंग की धाराओं में पाबंद कर दिया। जब बुधवार को यह जानकारी विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को मिली, तो वे कोतवाली पहुंच गए और सुसंगत धाराओं में कार्रवाई करने की मांग की। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत किया है। इस मौके पर गोविन्द महेरे,राजेंद्र मौर्य, विपिन महेरे, बिकास निर्भय ,कुलदीप माहेश्वरी, राजा ठाकुर, सुधांशू भारद्वाज, भोला ठाकुर, दीपक पाराशर, संपूर्णानंद भारद्वाज, अमित अग्रवाल, शिव शंकर गोलू रावत, दिवाकर मिश्रा, शिव बेन्देल, विनय तिवारी, राजू माहेश्वरी, संजय दुबे, पीयूष महेरे ,रामनिवास ठाकुर ,हरगोविंद ठाकुर, यश महेरे, अजय सैनी, सचिन कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्कूली बच्चों से भरा ऑटो पलटा, 6 घायल



दुर्घटना के बाद बच्चे को अस्पताल ले जाते परिजन, घायल बच्चे को गोद में लिए परिवार का व्यक्ति।। ● अमृत विचार

संवाददाता, एटा/ जैथरा

● तीन बच्चों की हालत गंभीर, हायर सेंटर रेफर

अमृत विचार: थाना क्षेत्र के नगला रामराय के पास स्कूली बच्चों से भरा ऑटो पलट गया। हादसा बुधवार सुबह करीब 8 बजे हुआ। ऑटो पलटने के बाद चीख-पुकार मच गई। हादसे में छह बच्चे घायल हुए हैं।

राहगीरों ने तुरंत बच्चों को ऑटो से बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से सभी घायल बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जैथरा में भर्ती कराया। गंभीर रूप से घायल तीन बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर किया है। बताया गया कि ये सभी बच्चे जैथरा के ज्ञानदीप विद्यालय के छात्र हैं।

सुबह के समय जब वे ऑटो में बैठकर स्कूल जा रहे थे, तभी अचानक सड़क पर एक कुत्ता आ गया, जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। घायल बच्चों में आयुष (12 वर्ष), आदर्श (8 वर्ष), अंशुल (5 वर्ष), रजत (12 वर्ष), जानवी (12 वर्ष), हर्ष (4 वर्ष) शामिल हैं। सभी का अस्पताल में उपचार चल रहा है। इनमें से रजत और आयुष सहित तीन बच्चों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। थाना प्रभारी शम्भूनाथ ने बताया कि सभी घायल बच्चों को अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है।

# मुकदमे की पैरवी को आई महिला के साथ मारपीट

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

● कोतवाली में तहरीर देने के बावजूद दर्ज नहीं हुआ मामला



मां के साथ पीड़िता बबली।

अमृत विचार: जिला न्यायालय में मां के साथ मुकदमे की पैरवी करने आई विवाहिता को ससुरालीजनों ने जमकर पीटा। कोतवाली में तहरीर देने के बावजूदपुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया है। पीडिता न्याय के लिए भटक रही है।

पटियाली कोतवाली के गांव नगला खिन्नी निवासी बबली पुत्री स्वर्गीय अमर सिंह का ससुरालीजनों से विवाद चल रहा है।बीते दिन बबली अपनी मां के साथ मुकदमे की पैरवी करने के लिए न्यायालय आईथी।

आरोप है कि न्यायालय परिसर के बाहर पति जुगेंद्र ससुर रामलढैते, सास सपना, देवर नीरज सहित अन्य ससुरालीजनों ने उसे घेर लिया। उसके साथ मारपीट की। पीडिता के मुताबिक उसे राहगीरों ने बचाया। पीडिता ने आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के लिए सदर कोतवाली में तहरीर दी है, लेकिन कई दिन बीत जाने के बावजूद भी कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया है। पीडिता न्याय के लिए दर दर भटक रही है। कोतवाली प्रभारी ने मुकदमा दर्ज करने की बात कही है।

# डीएपी की कालाबाजारी के खिलाफ किसानों ने किया धरना-प्रदर्शन

संवाददाता,एटा



कृषि कार्यालय पर धरना देते किसान यूनियन के पदाधिकारी।

अमृत विचार: डीएपी खाद की कालाबाजारी के विरोध में किसानों ने नन्नूमल चौराहे स्थित कृषि विभाग के कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन किया। जनपद के किसान डीएपी की समस्या से परेशान हैं और एक बार फिर इस मुद्दे को लेकर सड़क पर उतरे हैं।

धरने का नेतृत्व भारतीय किसान यूनियन भानू के जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने किया। उन्होंने किसानों के मुद्दों को उठाते हुए कहा कि आलू और सरसों की बुवाई का समय है और ऐसे में किसानों को डीएपी की अत्यधिक आवश्यकता है। लेकिन खाद की कमी और कालाबाजारी के कारण किसान परेशान हैं। किसानों ने इस दौरान नारेबाजी करते हुए अपनी मांगें रखीं और कृषि विभाग से उचित कार्रवाई की अपील की। धरने में कई अन्य नेता और किसान भी शामिल हुए, जिनमें कालीचरन सिंह, प्रमोद यादव, पूर्व प्रधान आकाश गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष राहुल प्रताप सिंह, शिवम बघेल, राजू ठाकुर, गुलशन ठाकुर आदि शामिल थे। किसानों ने कहा कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं किया गया, तो वे और भी बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

## जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत हत्या का आरोप



इस्लामनगर, अमृत विचार : उघैती थाना क्षेत्र के गांव खुशहालपुर की रहने वाली किरण (23) की शादी इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव मई खेड़ा निवासी रविन्द्र के साथ हुई थी। दोनो में किसी बात को लेकर झगड़ा रहता था। बुधवार सुबह में किरण ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाया लेकिन कोई तहरीर नहीं दी। देर रात तक महिला का शव ससुराल में ही रखा रहा। दोनो पक्षों में समझौता का प्रयास चलता रहा।

# महिला की गैर इरादतन हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



गैर इरादतन हत्या करने के आरोपी।

अमृत विचार : थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव असफपुर में महिला को बुरी तरह से पीटा था। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई थी। बुधवार को एक महिला समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है।

गांव असफपुर निवासी नन्हकू की पत्नी विमला देवी को पुरानी रंजिश के चलते उसके पड़ोसी आरिफ, उसकी पत्नी पूनम, मां नाजिमा व भाई आबिद ने 6 अक्टूबर को पीटा था। शिकायत करने के बाद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। आरोपियों ने 10 अक्टूबर को भी विमला को पीटा। वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजनों ने घायल जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। शनिवार रात मौत हो गई। गुस्साए परिजन और ग्रामीणों ने हजरतपुर-सैजनी मार्ग पर जाम लगाते हुए दारोगा अनोज पर आरोप लगाया। चार आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी।

पुलिस ने आरिफ को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। बुधवार को पूनम और आबिद को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। थानाध्यक्ष विक्रम सिंह ने बताया कि फरार महिला की तलाश की जा रही है।

# प्रभारी मंत्री ने सरकारी कार्यालयों का किया निरीक्षण

संवाददाता, एटा



कंपोजिट विद्यालय के निरीक्षण के दौरान बच्चों से संवाद करते प्रभारी मंत्री संदीप सिंह। ● अमृत विचार

● प्रभारी मंत्री संदीप सिंह ने समीक्षा बैठक में चेताया अधिकारी कार्यप्रणाली में सुधार लाएं

अमृत विचार: बुधवार को प्रभारी मंत्री संदीप सिंह ने कंपोजिट स्कूल असरौली, मेडिकल कॉलेज, आईटीआई और बिजली घर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से इन संस्थानों की कार्यप्रणाली और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। वहीं अधिकारियों से कार्य प्रणाली में सुधार लाने को चेताया।

प्रभारी मंत्री संदीप सिंह ने कंपोजिट स्कूल असरौली में शिक्षा की गुणवत्ता, बुनियादी सुविधाएं और छात्रों की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने शिक्षकों और छात्रों से संवाद कर उनकी समस्याओं को समझने का प्रयास किया।

मेडिकल कॉलेज में निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की सुविधाओं और मरीजों की देखभाल के मानकों का जायजा लिया। कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे ताकि लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। आईटीआई बिजली घर के निरीक्षण के दौरान, मंत्री ने तकनीकी शिक्षा के स्तर को बढ़ाने और छात्रों को अधिक रोजगारपरक कौशल प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके अलावा, मंत्री ने भदुआ में स्थित बृहद गो संरक्षण केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने गो संरक्षण की दिशा में चल रहे कार्यों का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए। इस निरीक्षण के बाद कलेक्ट्रेट सभागार में शासन से निर्धारित बिंदुओं पर समीक्षा बैठक की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने कार्यों की प्रगति रिपोर्ट पेश की। मंत्री ने सभी अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के लिए दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, एसएसपी श्यामनारायण सिंह के अलावा जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### सभासद पुष्पेंद्र सिंह ने प्रभारी मंत्री को सौंपा इस्तीफा

नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर-23 के सभासद पुष्पेंद्र सिंह ने प्रभारी मंत्री संदीप सिंह को अपना इस्तीफा सौंपा। यह कदम उन्होंने विजय नगर कॉलोनी समेत अपने वार्ड में विकास कार्य न होने के कारण उठाया है।

पुष्पेन्द्र कुशवाह उर्फ पीपी एडवोकेट ने कहा कि नगर पालिका से संबंधित अधिकारियों को पहले भी कई बार ज्ञापन दिए जा चुके हैं, लेकिन किसी भी प्रकार की सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली। यह इस्तीफा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे स्थानीय लोगों की विकास कार्यों के प्रति निराशा प्रकट होती है। इस्तीफे के बाद पुष्पेंद्र सिंह ने कहा, हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने वार्ड की समस्याओं को उठाएं और समाधान के लिए प्रयास करें। लेकिन जब प्रशासनिक स्तर पर कोई सुनवाई नहीं होती है, तो हमें यह कदम उठाना पड़ता है ।उन्होंने प्रभारी मंत्री से निवेदन किया कि उनके इस्तीफे को स्वीकार किया जाए और इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार किया जाए।

# अतिवर्षा से बर्बाद किसानों को नहीं मिला मुआवजा



डीएम मेधा रूपम को मांग पत्र देते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज:

● मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने किया प्रदर्शन

अमृत विचार: जिले के किसानों की समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन भानू ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। मांगों से संबंधित पांच सूत्रीय मांग पत्र डीएम मेधा रूपम को सौंपा और समस्याओं के निराकरण की मांग की।

भारतीय किसान यूनियन भानू के जिलाध्यक्ष अमरीश सिंह चौहान ने कहा कि जिले के किसान विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं। अतिवर्षा और बाढ़ से किसानों को फसली नुकसान हुआ। किसान बर्बाद हो गए, लेकिन प्रशासन द्वारा पीड़ितों को मुआवजा नहीं दिया गया है। कहा कि तहसील पटियाली क्षेत्र में बालू माफिया खनन कर रहे हैं। प्रशासन रोक लगाने में असफल है। यदि सात दिन के अंदर उनकी मांगे पूरी नहीं की गई ।समस्याओं का समाधान न हुआ तो किसान यूनियन के बैनर तले बडे.आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। डीएम ने किसान नेताओं को आश्वासन दिया। इस मौके पर लाखन सिंह, संजय सिंह सहित बडी संख्या में किसान यूनियन के पदाधिकारी और किसान मौजूद रहे।

### चालक की हत्या के मामले में रिपोर्ट दर्ज

एटा, अमृत विचार : चालक का शव फंदे पर लटका मिलने के मामले में पिता ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि ड्राइविंग के रुपये मांगने पर उसकी हत्या करके शव पेड़ पर लटकाया गया है। बागवाला थाने में ओमकार पुत्र मनफूल निवासी शरीफपुर छिछनी, जिला फर्रुखाबाद ने महावीर पुत्र मटरूमल निवासी अचलपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। ओमकार ने आरोप लगाया है कि महावीर ने उसके पुत्र रामकृष्ण की हत्या की है, जो महावीर के ट्रक पर ड्राइवर के रूप में काम करता था। रिपोर्ट के अनुसार ओमकार ने बताया कि रामकृष्ण को महावीर ने पिछले एक साल से मजदूरी का भुगतान नहीं किया था। जब रामकृष्ण ने अपनी बकाया मजदूरी मांगी, तो महावीर ने उसकी कथित रूप से 16 और 17 जुलाई के बीच हत्या कर दी। ओमकार का कहना है कि हत्या के बाद महावीर ने रामकृष्ण के शव को सरकारी स्कूल बरौली के पास एक पेड़ पर लटका दिया। जब ओमकार ने पुत्र की हत्या की शिकायत की, तो आरोपित महावीर ने उसे गाली-गलौज की। इस मामले को गंभीरता को लेते हुए, ओमकार ने उच्चाधिकारियों के पास शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद बागवाला पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। बागवाला थाने के एसआई योगेन्द्र कुमार सिंह मामले की जांच कर रहे हैं।

## एक नजर

### छात्राओं को दी गयी अधिकारों की जानकारी

**बदायूं, अमृत विचार :** सहसवान के ग्राम कोल्हाई स्थित मुरारी लाल पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पीएलवी अजरा परवीन द्वारा एक विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अजरा परवीन ने बताया कि महिलाओं एवं बालिकाओं को समानता का अधिकार है और उनको अपने अधिकारों की जानकारी होना अति आवश्यक है। प्रबंधक नरेन्द्र कुमार माहेश्वरी ने बताया अगर किसी छात्रा का उत्पीडन हो तो वह बिना संकोच एवं निडर होकर जानकारी दें। प्रधानाध्यापक बेबी माहेश्वरी, देवेन्द्र सिंह, लल्लू सिंह, चरण सिंह, विजेन्द्र शाक्य समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### पांचवें दिन गंगा में मिला बच्चे का शव

**बदायूं, अमृत विचार :** सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव मालपुर ततेरा निवासी मुकेश कुमार का छह साल का बेटा अभय कुमार 11 अक्टूबर को गंगा घाट पर गया था। माता-पिता प्रसाद चढ़ा रहे थे तो वह भी प्रसाद चढ़ाने की जिद करने लगा। माता-पिता किसी और काम में लग गए। इसी दौरान अभय गंगा में गिर गया। गोताखोर गंगा में कूदे लेकिन बालक का पता नहीं चल सका। पांचवें दिन मंगलवार रात घटनास्थल के कुछ दूरी पर बच्चे का शव बरामद हो गया।

# राह होगी आसान, ग्रामीण क्षेत्रों में बिछेगा सड़कों का जाल

## चार विधानसभा क्षेत्रों में 126 किलोमीटर बनाई जाएंगी सड़कें

बदायूं कार्यालय

- पीडब्ल्यूडी तैयार कर रहा प्रस्ताव, डीएम के अनुमोदन के बाद शासन में होगा प्रेषित

**अमृत विचार:** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की खराब हो चुकी सड़कों का दीन दयाल उपाध्याय योजना के तहत जीर्णोद्धार किया जाएगा। करीब 126.375 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण होना है। इनके निर्माण में 10,167.119 लाख की धनराशि खर्च होनी है। जिसका प्रस्ताव पीडब्ल्यूडी विभाग तैयार कर रहा है। इसे डीएम की अध्यक्षता में होने वाली कोर कमेटी की बैठक में रखा जाएगा। इसके बाद मंजूरी के लिए शासन में भेजा जाएगा।

बरसात के मौसम में शहर सहित देहात क्षेत्रों की सड़कों का बुरा हाल हो गया है। सड़कें टूट कर बिखर चुकी हैं। कहीं कहीं तो स्थिति ऐसी हो गई कि सड़कों में काफी गहरे गहरे गड्ढे हो गए हैं। इन पर चलना मुश्किल हो गया है। सड़कों की खस्ता हालत को देखते हुए ग्रामीणों अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के द्वारा उनके सुधार के लिए लगातार मांग की जा रही है। ग्रामीणों की मांग पर डीएम द्वारा पीडब्ल्यूडी विभाग को प्रस्ताव तैयार करने के आदेश दिए थे। डीएम से मिले आदेश पर पीडब्ल्यूडी विभाग ने 126.375 किलोमीटर लंबी सड़कों का प्रस्ताव तैयार किया है। इनके निर्माण पर करीब 10,167.119 धनराशि खर्च होनी है। इन सड़कों का निर्माण दीन दयाल उपाध्याय योजना के तहत कराया जाएगा। विभाग ने प्रस्ताव तैयार कर लिया है। जिसे डीएम के समक्ष अनुमोदन के लिए रखा जाएगा।

### इन विधानसभा क्षेत्रों में होगा सड़कों का निर्माण

दातागंज विधानसभा में 915 लाख की धनराशि से 10 .175 किमी सड़कों का निर्माण किया जाएगा। वहीं शेखूपुर विधानसभा में 1010 .700 लाख की लागत से 11 .230 किमी, सहसवान विधानसभा में 155 .159 लाख से 1 .600 किमी, बदायूं विधानसभा में 1130 .890 लाख से 15 .800 किमी सड़कों का निर्माण किया जाना है। इधर बिल्सी विधानसभा में 6955 .370 लाख की लागत से 87 .570 किमी सड़कें बनाई जानी है।

### दातागंज और सहसवान में अधिक खराब हैं सड़कें

दातागंज और सहसवान में बाढ़ की वजह से सबसे अधिक स्थिति खराब है। जिसमें दातागंज में बाढ़ से अधिक नुकसान हुआ है। वहां के लोगों को अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन सड़कों का निर्माण होने के बाद ग्रामीणों की काफी हद तक दिक्कतें कम हो जाएगीं।

ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें ऐसी नहीं है कि उनको गड्ढा मुक्त किया जा सके। उनका नवीनीकरण ही किया जाना है। जिन क्षेत्रों में सड़कें खराब हो चुकी हैं। उनका प्रस्ताव जनप्रतिनिधियों से मांगा गया था। जिसे कोर कमेटी में रखा जाएगा। डीएम का अनुमोदन मिलने के बाद शासन में मंजूरी के लिए भेज दिया जाएगा।

**-नरेश कुमार,** अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी विभाग

## प्रेम प्रसंग में बाधक पति की पत्नी ने देवर संग मिलकर की थी हत्या

**बहजोई(संभल),अमृत विचार:** दो दिन पहले चाकू से गला रेतकर हलवाई की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। प्रेम संबंध में बाधक बनने पर पत्नी ने अपने मौसेरे देवर के साथ मिलकर पति की हत्या की थी। पुलिस ने हत्यारोपी पत्नी व उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त चाकू,कपड़े व मोबाइल भी बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि थाना बनियाठेर के गांव अकबरपुर के जंगल में अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला था। जिसकी शिनाख्त 12 अक्टूबर से लापता पुष्पेंद्र पुत्र भगवान दास के रूप में की गई थी। पुलिस ने खुलासा किया कि पुष्पेंद्र की पत्नी काजल का अपने मौसेरे देवर अजय निवासी गांव बनकोटा थाना वजीरगंज जनपद बदायूं से 2 वर्ष से प्रेम प्रसंग था। प्रेम प्रसंग की जानकारी होने पर पुष्पेंद्र ने बंदिशें लगानी शुरू कर दी थीं। इसके बाद काजल ने प्रेमी अजय के साथ मिलकर पति पुष्पेंद्र की हत्या का प्लान तैयार किया। 12 अक्टूबर को अजय ने काजल के साथ पुष्पेंद्र की चाकू से गला रेत कर दी।

# मजार पर श्रद्धालुओं ने की चादरपोशी

संवाददाता, अवागढ़


मुकाबले में दौरान कव्वालियां पेश करते कलाकार।

**अमृत विचार:** कस्बा में हजरत मियां मोहम्मद शाह वली की मजार पर उर्स के दूसरे दिन दूर दराज क्षेत्र से आए हजारों जायरीनों ने बाबा की मजार पर चादरपोशी की वहीं चाट पकोड़े, मिठाई, खजला हलवा, खेल खिलौना, झूला, आदि का भी लुत्फ उठाया। रात में आगरा के गुलाब शोला और फिरोजाबाद के अजीज ताज के बीच कव्वालियों का मुकाबला हुआ, जिसमें रात भर श्रोता झूमते नजर आए। सुरक्षा व्यवस्था की कमान एसआई देवेंद्र सिंह मय पुलिस और पीएसी बल के संभाले हैं। अध्यक्ष इकलाख खान गुड्डू, इंतजार वारसी, जहीर खान, मुन्ने खान, समीर खान, राजा खान, आदि थे।

## फार्म जमा करने के लिए छात्र-छात्राओं के एक ही लाइन में लगने का विरोध

बरेली कार्यालय

- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बरेली कॉलेज के प्राचार्य का किया घेराव

**अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बुधवार को बैक परीक्षा के फार्म जमा करने के लिए छात्र-छात्राओं के एक ही लाइन में लगने का विरोध जताते हुए प्राचार्य प्रो. ओपी राव का घेराव किया। कार्यकर्ता लगातार 2 घंटे तक प्राचार्य कार्यालय में विरोध करते रहे।

कॉलेज ईकाई के पदाधिकारियों का कहना है कि हर वर्ष फार्म जमा करने के लिए अलग-अलग काउंटर खुलते हैं लेकिन इस बार ऐसा नहीं करने से विद्यार्थियों को परेशानी हो रही है। दूर-दराज से आने वाले छात्र कॉलेज में फार्म जमा करने के लिए ज्यादा परेशान हो रहे हैं। महाविद्यालय परिसर में अव्यवस्थाएं हैं। परिसर में सूचना केंद्र होना चाहिए ताकि छात्रों को दिक्कत न हो। आरोप लगाया कि प्रॉक्टोरियल बोर्ड की टीम कोई देखरेख नहीं कर रही है और लगातार बाहरी छात्र अपना अड्डा जमाए हुए हैं। अब तक परास्नातक की कक्षाएं नहीं शुरू हुई हैं, जबकि एक महीने बाद परीक्षा शुरू हो जाएगी।

महानगर मंत्री आनंद कठेरिया ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सभी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो विद्यार्थी परिषद आंदोलन करेगा। इकाई अध्यक्ष आकाश दीप सिंह ने कहा कि कॉलेज परिसर में पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। जगह-जगह कूड़े का ढेर लगा है। इस दौरान विभाग सह संयोजक श्रेयांश बाजपेयी, हर्षवर्धन सिंह, कुनाल मिश्रा, गौरव गंगवार, माधव माहेश्वरी, गौरव पंत, प्रभाकर, लक्की शर्मा आदि मौजूद रहे।


### किसान का बेटा लखनऊ विश्वविद्यालय में बना असिस्टेंट लाइब्रेरियन



एक किसान का बेटा व ग्राम प्रधान पति महिपाल सिंह पटेल के सबसे छोटे भाई हरेंदर पटेल (ग्राम पंचायत भगवतीपुर वि. क्षे बिथरी चैनपुर) का लखनऊ विश्वविद्यालय में असिस्टेंट लाइब्रेरियन के पद पर चयन हुआ है इस उपलब्धि से पिता श्री कालीचरण पटेल व माता श्री माया देवी एवं पूरे परिवार में हर्ष और उल्लास का मौहाल है इनका परिवार अपने पैतृक गांव कमुआ खुर्द में रहता है इनकी इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई जय नारायण सरस्वती विद्या इंटर कॉलेज, बरेली से हुई। 2012 में इंटरमीडिएट की परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण करने के बाद हरेंद्र ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय से बीए (आनर्स) अर्थ शास्त्र की डिग्री 2016 में पूरी की थी। इसके बाद वहीं से लाइब्रेरी व इन्फॉर्मेशन साइंस में परास्नातक की डिग्री वर्ष 2021 में पूरी की थी। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के सयाजीराव गायकवाड लाइब्रेरी में 1 साल तक ट्रेनी के तौर पर कार्य करने के बाद हरेंद्र का चयन इलहाबाद विश्वविद्यालय में लाइब्रेरी अटेंडेंट के पद पर हुआ था। उन्होंने इस दौरान नेट की परीक्षा क्वालिफाई की और इसके साथ वह इग्नू से पीएचडी भी कर रहे हैं। इस महीने में 3 अक्टूबर को फिर से इलाहाबाद विश्वविद्यालय में लाइब्रेरी असिस्टेंट (लेवल - 4) के पद पर भी चयन हुआ था उनकी लगातार मेहनत और कठिन संघर्ष से 9 अक्टूबर को जारी परीणाम में उनका चयन लखनऊ विश्वविद्यालय में असिस्टेंट लाइब्रेरियन (लेवल - 10) के पद पर हुआ है।। हरेंद्र ने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवारजन, मित्रों एवं गुरूजनों को दिया है।

Advt.


## बरेली कॉलेज : नवंबर में पूरी होगी शिक्षक प्रोन्नत प्रक्रिया

बरेली कार्यालय

- 12 विषयों के 18 शिक्षकों की होगी प्रोन्नति, 13 नवंबर को विश्वविद्यालय में होगी बैठक

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में शिक्षकों की प्रोन्नति के लिए 13 नवंबर को बैठक होगी। इसमें बरेली कॉलेज के 12 विषयों के 18 शिक्षकों की प्रोन्नति होगी। इसमें पांच एसोसिएट प्रोफेसर को प्रोफेसर, दो असिस्टेंट प्रोफेसर को एसोसिएट प्रोफेसर और शेष के पे ग्रेड बढ़ाने के लिए रिपोर्ट देखी जाएगी। 18 शिक्षकों की प्रोन्नत प्रक्रिया करीब एक महीने पहले शुरू हुई। इसमें एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर बनने वालों में डॉ. संजय मल्होत्रा, डॉ. शैव्या त्रिपाठी, डॉ. बीनम सक्सेना, डॉ. ऋतु अग्रवाल वाल और डॉ. शुभ्रा हैं। असिस्टेंट प्रोफेसर से एसोसिएट प्रोफेसर के लिए डॉ. रुपाली टंडन और डॉ. राकेश कुमार और असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पूजा मालकर, डॉ. रामरतन, डॉ. आलोक कुमार यादव, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. शैलेष कुमार गुप्ता, डॉ. मजेंद्र दत्त समां, डॉ. रामअवध प्रजापति, डॉ. आनंद सागर, डॉ. हुकुम चंद, डॉ. अमित चिकारा और डॉ. विकास के ग्रेड पे में बढ़ोत्तरी होनी है। स्थापना प्रभारी डॉ. दयाराम गंगवार ने बताया कि नवंबर में ये प्रक्रिया पूरी होने के बाद निदेशालय को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

# लापरवाही: विद्यालयों में नहीं बंट रहा दूध, बीएसए ने मांगा स्पष्टीकरण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बीएसए ने जगत और समरेर ब्लॉक के स्कूलों का किया निरीक्षण

**अमृत विचार:** जिले के सरकारी विद्यालयों में बच्चों की सेहत सुधारने का दावा फेल होता नजर आ रहा है। बच्चों को बुधवार के दिन मिड-डे-मील में तहरी के साथ 150 एमएल तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को 200 एमएल उबला दूध वितरित किया जाना है। लेकिन कई विद्यालयों में दूध का वितरण नहीं किया जा रहा है। जहां वितरण हो रहा है वहां गुणवत्ता ठीक नहीं है। जिसकी पोल बीएसए के द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान खुली। जिस पर बीएसए ने शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा है।

बुधवार को बीएसए वीरेंद्र कुमार ने जगत और समरेर ब्लॉक के कई परिषदीय स्कूलों का निरीक्षण किया। जगत ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय जखेली में 136 के सापेक्ष मात्र 92 बच्चे उपस्थित थे। शिक्षक आपस में गप्पे मार रहे थे। बच्चों से पूछने पर बताया कि उन्हें दूध नहीं मिला है। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय गुरगांव में भी बच्चों ने दूध न मिलने की शिकायत बीएसए से की। यही हाल प्राथमिक विद्यालय मर्रई का भी था। विद्यालय में 135 के सापेक्ष 66 छात्र-छात्रा उपस्थित मिले। दूध का वितरण यहां भी नहीं किया गया था। संविलियन विद्यालय नगला बरसुनिया में सातों शिक्षक थे, परंतु गप्पे मार रहे थे। यहां भी बच्चों को दूध नहीं दिया गया था। समरेर ब्लॉक के प्राथमिक स्कूल तिगुलापुर, 7- संविलियन विद्यालय कौरि, प्राथमिक विद्यालय मझारा में भी बीएसए को ऐसा ही हाल मिला। बीएसए ने स्पष्टीकरण मांगा है।

### परिषदीय स्कूलों के बच्चे खाएंगे गुड़ चना

**बदायूं, अमृत विचार :** सर्दी के मौसम में इस बार परिषदीय स्कूलों के बच्चों को चना और गुड़ से बने लड्डू खाने को दिए जाएंगे। साथ ही उन्हें बाजरे का लड्डू भी दिया जाएगा। बच्चों को न्यूट्रिशन बढ़ाने के उद्देश्य से आदेश दिए हैं। परिषदीय स्कूलों के बच्चों को मिड-डे-मील योजना के तहत छात्रों को पोषक तत्व उपलब्ध कराए जाने के लिए हर गुरुवार को मूंगफली और गुड से बनी गजक, बाजरे का लड्डू या भुना हुआ चना दिया जाएगा। प्रत्येक बच्चे को सप्ताह में एक दिन पांच रुपये की दर से सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन उपलब्ध कराया जाएगा। एक बच्चों को करीब 50 ग्राम सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन दिया जाना है। बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बच्चों को सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन नवंबर माह से दिया जाना शुरू करा दिया जाएगा। इस योजना को पूरी सर्दी के दौरान जारी रखा जाएगा। जिससे बच्चों को अतिरिक्त पोषण मिल सके।

# क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं बरेली की टीमें

- कानपुर, मेरठ, आगरा, लखनऊ, वाराणसी और मुरादाबाद के लिए
- प्रदेशीय वालीबॉल प्रतियोगिता में गोरखपुर को हराया

**बरेली, अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज में 68 वीं वालीबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को अंडर 14 और 19 में बरेली की टीमों ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

अंडर 14 में बरेली ने आगरा को 25-19, 25-16 से हराया। इसके बाद बरेली-गोरखपुर स्पोर्ट्स कॉलेज के बीच मुकाबले में बरेली को 25-5, 25-9 से हार का सामना करना पड़ा। इसके अलावा गोरखपुर ने अयोध्या को 2-0 से, झांसी ने सहारनपुर को 2-0 से, वाराणसी ने विंध्याचल को 2-0 से, प्रयागराज ने आजमगढ़ को 2-1 से, मेरठ ने कस्तूरबा गांधी स्कूल को 2-0 से, लखनऊ ने मुरादाबाद को 2-0 से, अयोध्या ने सहारनपुर को 2-0 से, विंध्याचल ने प्रयागराज को 2-0 से, मुरादाबाद ने कस्तूरबा गांधी को 2-0 से और गोरखपुर ने सहारनपुर को 2-0 से हराया।

अंडर-19 में बरेली ने पहले मैच में आगरा को 26-24, 25-15 से हराया और दूसरे मैच में कानपुर को 25-22, 25-16, 25-23 से शिकस्त देकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। गोरखपुर स्पोर्ट्स कॉलेज , मेरठ, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी और बस्ती की टीम भी क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करने में सफल रहीं। अंडर-17 वर्ग में बरेली को पहले मैच में वाराणसी और दूसरे मैच में गोरखपुर से हार का सामना करना पड़ा। लीग में बेहतर प्रदर्शन कर स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर, अलीगढ़, गोरखपुर मंडल, झांसी, लखनऊ, वाराणसी, आगरा और प्रयागराज ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

## बदायूं के युवक की जेब काट कर 40 हजार किए पार

**बरेली, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र स्थित बटलर प्लाजा में मोबाइल फोन खरीदने पहुंचे युवक की जेब काट कर चोरों ने 40 हजार रुपये पार कर दिए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ककराला बदायूं निवासी जाहिद अली खां ने बताया कि 14 सितंबर को वह बटलर प्लाजा में मोबाइल फोन खरीदने आए थे। जहां पर किसी ने जेब काट कर 40 हजार रुपये चुरा लिए। उन्होंने काफी तलाश किया मगर मौके से कोई नहीं मिला।

# आजमगढ़ मंडल की टीम की बाहर, जांच के आदेश

- वालीबॉल प्रतियोगिता में गलत खिलाड़ियों के खेलने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार:** राजकीय इंटर कॉलेज में 68 वीं प्रदेशीय वालीबॉल प्रतियोगिता से आजमगढ़ मंडल की टीम को बाहर कर दिया गया। टीम में दूसरी जगह की दो खिलाड़ियों को शामिल करने का आरोप है। मामले में जांच के आदेश दिए हैं।

मंडलीय क्रीड़ा सचिव नईम अहमद ने बताया कि अंडर-19 वर्ग में आजमगढ़ मंडल की टीम का अलीगढ़ से मैच था। पहला मैच खत्म होने ही वाला था कि आजमगढ़ की दो खिलाड़ियों के संदिग्ध होने की शिकायत आई। दोनों खिलाड़ियों के दस्तावेजों की जांच करने पर पता चला कि जो खिलाड़ी खेल रही थीं, उनके ही फोटो पात्रता के फार्म पर लगे हुए थे। खिलाड़ियों से कड़ाई से पूछताछ करने पर पता चला कि अंशु के नाम पर रेनू राजभर और निशा के नाम पर अंशिका पासवान खेल रही थीं। जांच के अनुसार रेनू और अंशिका मऊ की रहने वाली हैं और महात्मा गांधी इंटर कॉलेज दलन छपरा बलिया की कक्षा 11 की छात्राओं के स्थान पर खेल रही थीं। छात्राओं ने पूछताछ करने पर बताया कि वह अपने शिक्षक के कहने पर यहां खेलने पहुंची हैं। खिलाड़ियों के बयान के बाद बलिया के रामनगर में कंपोजिट स्कूल में कार्यरत शिक्षक एवं टीम मैनेजर संजय सिंह पर भी कार्रवाई हो सकती है। रिपोर्ट तैयार कर जेडी बरेली और आजमगढ़ को भी भेज दी गई है।


**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

मुरादाबाद मंडल के बरेली, मुरादाबाद, हरिद्वार एवं देहरादून स्टेशन के पार्सल कार्यालयों में **सभी आउटगोइंग पार्सल की स्कैनिंग के लिए पार्सल स्कैनर मशीन के अनुबंध** हेतु **05 साल** के लिए ई-नीलामी के तहत दिनांक **30.10.2024** (समय **10:30 am**) को बोली **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाएंगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें वेबसाइट पर ही उपलब्ध है। **3202/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**फरारी की सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित करना है कि थाना नवाबगंज बरेली पर मु.अ.सं. 80/23 धारा 392 आईपीसी पंजीकृत है। जिसकी विवेचना मुझ स्वयं उ.नि. द्वारा सम्पादित की जा रही है। मुकदमा उपरोक्त प्रकाश में आया अभि. बब्लू उर्फ वीरेन्द्र गंगवार पुत्र श्री अनोखे लाल नि. ग्राम सिसेई थाना शेरगढ़ बरेली का मा. न्यायालय के उक्त अभियुक्त के खिलाफ NBW/82 CRPC कार्यवाही कर ली गयी है। उद्घोषणा 82 CRPC की कार्यवाही करा ली गयी है। उक्त अभि. के खिलाफ थाना नवाबगंज बरेली पर मु.सं. 605/23 धारा 174 A IPC पंजीकृत किया जा चुका है।

**बिजेन्द्र सिंह, उ.नि.**
**थाना नवाबगंज, जनपद बरेली।**
**मो. 9458013735**


# इज्जतनगर मंडल में किया गया सेमिनार का आयोजन

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार:** इज्जतनगर मंडल के कार्मिक विभाग ने बुधवार को अधिकारी क्लब में सतर्कता जागरूकता सेमिनार मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव की अध्यक्षता में किया। सेमिनार में मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी डॉ. अजय सुआल ने बताया कि कि किसी दंड न्यायालय के आदेश के खिलाफ अपील के बारे में जानकारी दी। गोरखपुर मुख्यालय से आए उप मुख्य सतर्कता अधिकारी लेखा जेए वैन्ड्रीन ने चार केसों का जिक्र करते हुए बताया कि आज कल फर्जी प्रमाण पत्रों का चलन बहुत ज्यादा हो गया है। ऐसे मामलों में सतर्कता बरतने के बारे में जागरूक किया। वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक ओम प्रकाश मीणा ने जीईएम पोर्टल पर सामग्री खरीद के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव ने अपने अनुभवों के आधार पर रेल अनुशासन और अपील नियम के तहत कार्रवाई करते हुए बरती जाने वाली सतर्कता के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस मौके पर उप मुख्य सतर्कता अधिकारी यातायात शिवेन्द्र सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक राजीव अग्रवाल, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय अरुण कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. यूएस नाग, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक रत्नेश कुमार सिंह मौजूद रहे।

## करवाचौथ की खरीदारी को 50 हजार न देने पर पति का सिर फोड़ा

**बरेली ,अमृत विचार :** करवा चौथ पर खरीदारी करने के लिए 50 हजार रुपये न देने पर महिला ने पति के सिर में ईंट मार दी। पति ने थाना इज्जतनगर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। अहलादपुर निवासी हरीश कुमार ने बताया कि उसकी पहली पत्नी का निधन हो गया है। तीन साल पहले उसने दूसरी शादी की थी। दूसरी पत्नी के पहले पति से दो बच्चे हैं। करवाचौथ से पहले मंगलवार को उसकी पत्नी ने उससे खरीदारी करने के लिए 50 हजार रुपये की मांग की। वह साड़ी और जेवर समेत अन्य सामान खरीदना चाहती है। हरीश ने आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए पैसे देने से इन्कार कर दिया तो झगड़ा हो गया। इसी दौरान पत्नी ने ईंट उठाकर उसके सिर पर मार दी और सिर फट गया। पड़ोसियों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि मामले में शिकायत मिली है। जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई होगी


**कार्यालय क्षेत्र पंचायत विकासखंड सिंधौली जनपद शाहजहांपुर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मो एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत सिंधौली वि.खं. सिंधौली तहसील पुवायां जिला शाहजहांपुर में वर्ष 2024-25 में पंद्रहवें वित्त/पंचम राज्य वित्त आयोग / मनरेगा के अंतर्गत के निम्न कार्य कराया जाना है। इच्छुक निविदा / कोटेशनदाता दिनांक 21.10.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे तक निविदायें डाल सकते हैं। तो उसी दिनांक सायं 03:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेंगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | उल्लिया गांव से ग्राम राजपुर सम्पर्क मार्ग की ओर खडन्जा | 500X3.30 मी. | 9.99 लाख |
| 2. | ग्राम नगला शाहजहां में गौशाला की बाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य। | 300 मी. | 8.50 लाख |
| 3. | ग्राम रामनगरिया से शिवनगर गांव तक खडण्जा निर्माण कार्य। | 500X3.30 मी. | 9.99 लाख |
| 4. | घाटबोझ गांव से महुराइन मार्ग पर खडण्जा निर्माण कार्य। | 500X3.30 मी. | 9.99 लाख |
| 5. | भानपुर गांव से मेन रोड की ओर खडण्जा निर्माण कार्य। | 500X3.30 मी. | 9.99 लाख |

**देव कुमार चतुर्वेदी**
**खण्ड विकास अधिकारी**
**वि.क्षे. सिंधौली (शाहजहांपुर)**

**मछला सिंह**
**प्रमुख**
**क्षेत्र पंचायत सिंधौली**


# 4.20 करोड़ से बदायूं में बनेगा साइबर थाना

बरेली कार्यालय

- पुरानी फायरिंग रेंज के पास होगा निर्माण
- लोक निर्माण विभाग ने एस्टीमेट भेजा

**अमृत विचार :** बदायूं में साइबर थाने का निर्माण होगा। लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड ने भवन निर्माण का एस्टीमेट बनाकर पुलिस मुख्यालय भेजा है। निर्माण पर करीब 4.20 करोड़ रुपये का खर्च आंका है।

बदायूं में सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के चित्रांश नगर के पीछे पुरानी फायरिंग रेंज के पास की भूमि साइबर थाना के लिए आवंटित की गई है। अप्रैल में भूमि चिह्नित करने के बाद बदायूं के पुलिस अधीक्षक ने पुलिस मुख्यालय को जानकारी दी थी। कुछ दिन पहले पुलिस मुख्यालय ने लोक निर्माण विभाग को एस्टीमेट तैयार कर भेजने को कहा था। अब निर्माण खंड ने दो मंजिला थाने के भवन का एस्टीमेट बनाकर प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति के लिए पुलिस मुख्यालय भेजा है।

आवंटित होने वाले बजट से भूतल पर मुख्य प्रशासनिक भवन, सीओ, प्रभारी और एसआई कार्यालय, लाकअप, मालखाना, स्टोर, प्रथम तल पर पुरुष और महिला विश्राम कक्ष, कान्फ्रेंस रूम, साइबर लैब आदि का निर्माण होगा। निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता शशांक भार्गव ने कहा कि उम्मीद है कि जल्द ही एस्टीमेट को प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति मिल जाएगी।

### प्रसव के बाद बच्चे की मौत, झोलाछाप पर रिपोर्ट

**विजय नगला, अमृत विचार :** गांव रैपुरा निवासी अमित कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह कस्बा बिनावर में खुद को चिकित्सक बताने वाली झोलाछाप के पास पत्नी नेहा साहू को लेकर गए थे। पत्नी को प्रसव पीड़ा थी। पत्नी ने बच्चे को जन्म दिया। आरोप है कि चिकित्सक की लापरवाही की वजह से बच्चे की मौत हो गई। इसके बाद चिकित्सक फरार हो गई। पुलिस ने नवजात के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अपराध निरीक्षक सहंसरवीर ने बताया कि महिला चिकित्सक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।


**कार्यालय नगर पंचायत अल्हागंज जनपद शाहजहांपुर**

पत्रांक: 148/न.प.अ./ई.नि.सू./2024-25 दिनांक: 12.10.2024

**ई-निविदा सूचना**

समस्त ठेकेदारों / पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग की प्राप्त धनराशि से GIS survey & MIS work for the Nagar Panchayat हेतु दिनांक 18.10.2024 से दिनांक 08.11.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक ऑनलाईन ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। जिसकी समस्त कार्यवाही वेवसाइट www.etender.up.nic.in पर की जायेगी। आमंत्रित ई-निविदायें दिनांक 08.11.2024 को दोपहर 12:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेंगी। टेण्डर को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। तथा लिये गये निर्णय पर किसी भी न्यायालय में जाने का अधिकार नहीं होगा।

| | |
|---|---|
| बिड प्रकाशित करने की तिथि | दिनांक 18.10.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे |
| ऑनलाइन बिड अपलोड करने की तिथि | दिनांक 18.10.2024 से 08.11.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक |
| बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 08.11.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक |
| बिड खुलने की तिथि | दिनांक 08.11.2024 को दोपहर 12:00 बजे |

**शैलेश कुमार**
**अधिशासी अधिकारी**

**शिवानी वर्मा**
**अध्यक्ष**



**परिषदीय स्कूलों के बच्चे खाएंगे गुड़ चना**


**बदायूं,,अमृत विचार :** सर्दी के मौसम में इस बार परिषदीय स्कूलों के बच्चों को चना और गुड़ से बने लड्डू खाने को दिए जाएंगे। साथ ही उन्हें बाजरे का लड्डू भी दिया जाएगा। बच्चों को न्यूट्रिशन बढ़ाने के उद्देश्य से आदेश दिए हैं। परिषदीय स्कूलों के बच्चों को मिड-डे-मील योजना के तहत छात्रों को पोषक तत्व उपलब्ध कराए जाने के लिए हर गुरुवार को मूंगफली और गुड से बनी गजक, बाजरे का लड्डू या भुना हुआ चना दिया जाएगा। प्रत्येक बच्चे को सप्ताह में एक दिन पांच रुपये की दर से सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन उपलब्ध कराया जाएगा। एक बच्चों को करीब 50 ग्राम सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन दिया जाना है। बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बच्चों को सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन नवंबर माह से दिया जाना शुरू करा दिया जाएगा। इस योजना को पूरी सर्दी के दौरान जारी रखा जाएगा। जिससे बच्चों को अतिरिक्त पोषण मिल सके।

### उप चुनाव में भाजपा को लगेगा झटका या होगी भरपाई, अधिसूचना जारी होते ही प्रचार में जुटे राजनीतिक दल

# सीटें बचाने के साथ सेंध लगाने उतरेगी भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** भाजपा के लिए 9 सीटों पर उप चुनाव में जीत की डगर आसान नहीं है। लोकसभा चुनाव परिणाम ने साबित किया है कि प्रदेश में सपा-कांग्रेस की प्रमुखता वाला इंडी गठबंधन और पीडीए फार्मूला सिर्फ जुबानी नहीं था। ऐसे में भाजपा को अपनी सभी सीटें बचाने के साथ विपक्षी खेमा की सीटों में सेंधमारी करके लोकसभा चुनाव की भरपाई करनी होगी। हालांकि मतदाता अभी भी भाजपा से प्रत्याशी का ऐलान होने के इंतजार में है।



भाजपा के लिए उपचुनाव अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। सुरक्षित सीट मिल्कीपुर (अयोध्या) को छोड़ कटेहरी (अंबेडकरनगर), करहल (मैनपुरी), कुंदरकी (मुरादाबाद), मीरापुर (मुजफ्फरनगर), खैर (अलीगढ़), मझवां (मीरजापुर), गाजियाबाद (गाजियाबाद), फूलपुर (प्रयागराज) व सीसामऊ (कानपुर नगर) में चुनाव का ऐलान हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पहले से ही दोनों उप मुख्यमंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक समेत प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह को दो-दो सीटों की कमान सौंपी गई है। इसके साथ 30 मंत्रियों की फौज लगाई गई है। इनमें 14 कैबिनेट और 16 राज्यमंत्री हैं। भाजपा उप चुनाव में बेहतर प्रदर्शन कर लोकसभा चुनाव का हिसाब चुकता करने के साथ ही विधानसभा चुनाव 2027 के लिए बड़ा संदेश देना चाहती है।

जिन 9 सीटों पर उप चुनाव घोषित हुआ है, वहां लड़ाई भाजपा-सपा गठबंधन की आमने-सामने है। 6 विधानसभा सीट ऐसी हैं, जहां भाजपा का कड़ा इम्तिहान होगा। पार्टी को यहां सपा से कड़ी टक्कर मिलने की उम्मीद है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सांसद बनने के बाद अपनी करहल सीट से परिवार के तेजप्रताप यादव, विधायकी रद होने से इरफान सोलंकी की सीसामऊ से उनकी पत्नी नसीम सोलंकी, फूलपुर से मुस्तफा सिद्दीकी, अंबेडकरनगर के सांसद बनने पर लालजी वर्मा की खाली हुई कटेहरी सीट से उनकी पत्नी शोभावती वर्मा और मझवां से पूर्व विधायक और भदोही से पूर्व सांसद रमेश बिंद की पुत्री डॉ. ज्योति बिंद को मैदान में पहले ही उतार दिया है। इसमें दो सीटें फूलपुर और मझवां पर 2022 में भाजपा का कब्जा था। जबकि मीरापुर सीट सहयोगी रालोद के कब्जे में थी। सपा को अभी गठबंधन को साधते हुए कुंदरकी, खैर, मीरापुर और गाजियाबाद पर प्रत्याशी की घोषणा करनी है।

**प्रत्याशी की घोषणा न होने से प्रचार फीका**

भाजपा से कहीं भी प्रत्याशी की घोषणा न होने से वोटरों के बीच धरातल पर चुनाव प्रचार फीका चल रहा है। हालांकि दिल्ली में पिछली बैठक के दौरान केद्रीय नेतृत्व ने हर सीट पर प्रत्याशी के नाम तय कर लिए थे। देखना होगा कि इसकी घोषणा कब होती है। जबकि सपा 6 सीटों पर प्रत्याशी तय कर चुकी है बाकी की चार सीटों पर कांग्रेस के साथ गठबंधन पर समीकरण बन-बिगड़ रहे हैं। बसपा ने भी पांच सीटों पर प्रभारी तय करके प्रचार गरमा रखा है।

**पांच सीटों पर बसपा प्रत्याशी ठोंक रहे ताल**

बसपा सुप्रीमों मायावती अब तक पांच सीटों पर प्रत्याशी का ऐलान कर चुकी हैं। मीरापुर सीट से शाह नजर, मिल्कीपुर से राम गोपाल कोरी, कटेहरी से अमित वर्मा, मझवां से दीपू तिवारी, और फूलपुर से शिव वरन पासी को प्रभारी बनाकर मैदान में उतारा है।

## वायुसेना परिसर में फ्लाइट लेफ्टिनेंट ने की आत्महत्या

**आगरा,एजेंसीः** आगरा में वायुसेना परिसर स्थित आवास में एक फ्लाइट लेफ्टिनेंट ने न फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस उपायुक्त (नगर) सूरज कुमार राय ने बुधवार को मीडिया को बताया कि मंगलवार दोपहर वायुसेना स्टेशन से एक अधिकारी के आत्महत्या करने की सूचना पुलिस को दी गयी। इसके बाद थाना शाहगंज से एक टीम मौके पर पहुंची। बताया गया कि फ्लाइट लेफ्टिनेंट दीनदयाल (32) सोमवार रात अपने आवास में सोने गए थे और मंगलवार सुबह देर तक नहीं उठे तो स्टाफ ने दरवाजा तोड़कर देखा तो उनका शव फंदे से लटका हुआ था। राय के मुताबिक, पुलिस को वायुसेना कर्मियों ने बताया कि दीनदयाल साथियों के साथ सोमवार रात को खाना खाकर कमरे में गये थे। वह नालंदा के निवासी थे।

### प्रियंका के विरोध में बयान देने पर भड़के कांग्रेसी

# राज्यमंत्री के आवास पर स्प्रे से कालिख पोती





राज्यमंत्री के आवास पर चोर लिखता एक व्यक्ति और गेट को पेपर से ढांकता कर्मचारी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी पर राज्यमंत्री की अमर्यादित टिप्पणी से नाराज थे**

**अमृत विचार :** कांग्रेस के एक नेता ने बुधवार को राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह के आवास पर अपशब्द लिखे। उनकी नेम प्लेट पर कालिख पोत दी। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी पर राज्यमंत्री की अमर्यादित टिप्पणी से नाराज थे। आनन-फानन में सरकारी कर्मियों ने आवास पर लिखी टिप्पणी व नेम प्लेट की कालिख साफ कराई।

कांग्रेस के प्रदेश संगठन महासचिव अनिल यादव दोपहर में राज्यमंत्री के आवास पर पहुंचे। उनके साथ कांग्रेस के कई नेता भी शामिल थे। नेताओं ने आवास के गेट पर लिखना शुरू कर दिया। उनका कहना था कि उनकी नेता प्रियंका गांधी के विरुद्ध राज्यमंत्री ने अभद्र टिप्पणी की। वे कोई भी गलत बात बर्दाश्त नहीं करेंगे।

प्रियंका गांधी के वायनाड लोकसभा सीट से उप चुनाव लड़ने की घोषणा होने के बाद राज्यमंत्री ने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये उन पर तंज किया था। उन्होंने प्रियंका गांधी के वायनाड से चुनाव लड़ने को लेकर अभद्र टिप्पणी की थी। इस पर कांग्रेस नेताओं ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

कांग्रेस नेताओं ने राज्यमंत्री की पोस्ट पर लिखा कि ये यूपी सरकार में मंत्री और बुरी तरह सांसदी का चुनाव हारे हुए भाजपा नेता हैं। उन्होंने राज्यमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करते हुए कहा कि महिलाओं के बारे में इनकी भाषा और ख्याल देखिये। महिलाएं चुनाव लड़ने के लिए जब उतरती हैं, तो उन्हें सैकड़ों ऐसे किस्म के लोगों की अमर्यादित भाषा सुननी पड़ती है। ऐसे लोग भाजपा सरकार में मंत्री बने बैठे हैं, इसलिए महिला सुरक्षा का प्रदेश में बुरा हाल है। मालूम हो कि प्रियंका गांधी केरल की वायनाड लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस पार्टी ने प्रियंका को प्रत्याशी बनाने की औपचारिक घोषणा कर दी है। इसको लेकर भाजपा व कांग्रेस के बीच 'सोशल मीडिया वार' शुरू हो गया है।

**भाजपा महिलाओं का सम्मान करना नहीं जानती-अजय राय**

**लखनऊ, अमृत विचार।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि भाजपा महिलाओं का सम्मान करना बिल्कुल नहीं जानती है। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये टिप्पणी करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के मंत्री दिनेश कुमार सिंह ने भाजपा का असली चरित्र और चेहरा एक बार फिर जनता के समक्ष रख दिया है। भाजपा महिलाओं का सम्मान करना बिल्कुल नहीं जानती।

# प्रदेश में लगेंगे 74 लाख प्रीपेड मीटर

### बिजली चोरी रोकने सहित राजस्व घाटे को खत्म करने के लिए नए प्रयास तेज

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचारः** बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं को गलत बिलिंग के झंझट से निकालने और बिजली चोरी रोकने सहित राजस्व घाटे को खत्म करने के लिए नए प्रयास तेज कर दिए है। मध्याचंल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अंतर्गत आने वाले 19 जिलों के सभी उपभोक्ताओं के यहां प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जायेंगे।

राजधानी के करीब 10 लाख और अन्य जिलों में 64 लाख उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाने की योजना है। मध्याचंल विद्युत वितरण निगम ने इसके लिए टेंडर की प्रकिया पूरी करने जा रहा है। इसके बाद नवंबर माह से मीटर लगाने की यह योजना जमीन पर दिखने लगेगी। निदेशक वाणिज्य योगेश कुमार ने बताया कि इस व्यवस्था के बाद उपभोक्ताओं को मोबाइल की तरह पहले मीटर को रीचार्ज करना होगा। जिसके बाद ही उपभोक्ता बिजली का उपभोग कर पायेगा। इस नई शुरूआत के बाद हर जिले में मीटर बिलिंग से आने वाला राजस्व मे बेहतरी आयेगी।



- **उपभोक्ताओं को गलत बिलिंग के झंझट से मुक्ति मिलेगी**

इसके साथ ही आने वाले समय में विभाग को मीटर रीडर्स की जरूरत भी नही पड़ेगी। इससे उपभोक्ताओं को भी गलत बिलों के समायोजन के लिए कार्यालयों के चक्कर भी नही लगाने पड़ेंगे।

बिजली विभाग को लाइन लॉस रोकने के लिए ऐसे उपभोक्ताओं पर निगाह रखनी होगी, जो बाईपास व कटिया लगाकर बिजली की चोरी कर रहे हो। इसके साथ ही समय-समय पर प्रीपेड उपभोक्ताओं की जांच भी करनी जरूरी होगा। जांच करने के लिएअभियंताओं और बिजली कर्मियों की टीम को औचक चेकिंग अभियान को अपने-अपने क्षेत्रों में तेजी से चलाना होगा। इससे बिजली चोरी पर अंकुश लगाया जा सकेगा।

उन्होने आगे बताया कि अभी बकायेदार का कनेक्शन काटने के लिए टीम को मौके पर भेजना पड़ता है,लेकिन प्रीपेड मीटर में पैसा खत्म होने से पहले ही उपभोक्ता के मोबाइल पर मैसेज आएगा जिससे उपभोक्ता रीचार्ज खत्म होने से पहले ही मीटर को रीचार्ज कर सकेगा। इस नई व्यवस्था से बिजली खर्च करने से पहले पैसा बिजली विभाग के पास आ जायेगा। बिजली चोरी करने वाले इलाकों में यह व्यवस्था पहले लागू की जायेगी।

## 18 जिलों के किसानों को मखाने की खेती पर मिलेगा अनुदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** राज्य सरकार ने मखाने की खेती को बढ़ावा देने के लिए एक नई योजना शुरू की है, जिसके तहत किसानों को प्रति हेक्टेयर 40 हजार रुपये का अनुदान दिया जायेगा। इस योजना का उप्र. के 18 जिलों में शुरूआत की गई है। योजना का उद्देश्य रोजगार सृजन के साथ-साथ किसानों की आय में वृद्धि करना है।

उद्यान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने जानकारी दी कि मखाना खेती की विभाग द्वारा अनुमन्य इकाई की लागत 80 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर है, जिसमें सरकार 50 प्रतिशत यानी 40 हजार रुपये का अनुदान देगी। इसके लिए किसानों को जिला उद्यान अधिकारी के पास पंजीकरण कराना होगा।

**बरेली सहित इन जिलों में लागू होगी योजना**

योजना के तहत प्रत्येक चिन्हित जिले में 10 हेक्टेयर मखाना उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है, जिससे प्रदेश में कुल 180 हेक्टेयर में मखाने की खेती होगी। प्रदेश के लखनऊ, सीतापुर, सुल्तानपुर, प्रयागराज, प्रतापगढ़, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, बस्ती, संतकबीर नगर, सिद्धार्थ नगर, बलिया, कुशीनगर, महाराजगंज, मिर्जापुर, बरेली, अयोध्या और गोरखपुर जिलों में इस योजना को लागू किया जा रहा है। इन जिलों में मखाने की खेती के लिए उपयुक्त जलवायु और संसाधन उपलब्ध हैं।

## यूपी बोर्ड में अगले सत्र से लागू हो सकती है नई शिक्षा नीति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** माध्यमिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में अगले सत्र से नई शिक्षा नीति के तहत पाठ्यक्रमों की शुरुआत की जा सकती है। इसके लिए परिषद ने खाका तैयार कर लिया है। इसके साथ ही यूपी बोर्ड नई शिक्षा नीति -2020 लागू करने वाला देश का पहला माध्यमिक शिक्षा बोर्ड बन जाएगा।

नई शिक्षा नीति लागू होने पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के पाठ्यक्रमों में बदलाव होगा। परीक्षा प्रणाली से लेकर अंक पत्रों में भी परिवर्तन किया जाएगा। अंकपत्र में केंद्रीय बोर्ड की तरह ग्रेडिंग और क्रेडिट दिए जाएंगे। नई शिक्षा नीति के तहत होने वाले बदलावों के लिए बोर्ड ने विशेषज्ञों का पैनल बनाया गया है। इसे लेकर अगस्त में कार्यशाला हो चुकी है। 28 और 29 अक्टूबर को कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

**बगैर अनुमति कनेक्शन संबंधी आदेश जारी करने पर हो शीघ्र कार्रवाई**

**लखनऊ, अमृत विचार :** बिजली चोरी प्रकरण में चार किलोवाट तक का नया बिजली कनेक्शन जारी करने के आदेश के मामले में दोषी अधिकारियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई की जाए। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बुधवार को राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार से मुलाकात कर यह मांग उठाई। उन्होंने कहा कि यह गंभीर मामला है। इस संवैधानिक संकट पर कठोर कार्रवाई करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नियामक आयोग एक अर्धन्यायिक स्वतंत्र संवैधानिक संस्था है।

## आटे में पेशाब मिलाने के आरोप में नौकरानी गिरफ्तार

गाजियाबाद,एजेंसी

जिले में एक रियल एस्टेट कारोबारी के घर में काम करने वाली नौकरानी को आटे में पेशाब मिलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि शांति नगर कॉलोनी की रहने वाली रीना (32) नामक घरेलू सहायिका की यह हरकत कैमरे में कैद हो गयी। उनके मुताबिक, यह घटना तब सामने आई जब घर के मालिक नितिन गौतम की पत्नी रूपम ने देखा कि उनके परिवार के सदस्यों को यकृत में समस्या हो रही है।गड़बड़ी का संदेह होने पर उसने रसोई में घरेलू सहायिका की गतिविधियों पर नजर रखनी शुरू कर दी।

अधिकारियों ने बताया कि गौतम ने चुपके से अपने मोबाइल फोन से एक वीडियो रिकॉर्ड कर लिया, जिसमें सहायिका आटे में पेशाब मिलाती हुई नजर आयी। उन्होंने बताया कि परिवार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत और सुबूतों के आधार पर पुलिस ने सोमवार को मामले में प्राथमिकी दर्ज की और मंगलवार को रीना को गिरफ्तार कर लिया। वेव सिटी की सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) लिपि नगाइच ने बताया कि पूछताछ के दौरान घरेलू सहायिका ने शुरू में आरोपों से इनकार किया। हालांकि, वीडियो सामने आने पर उसने अपना जुर्म कुबूल कर लिया।

उसके मुताबिक, आरोपी ने दावा किया कि वह छोटी-छोटी गलतियों के लिए अक्सर डांटे जाने के कारण अपने मालिक से नाराज थी और बदला लेने की नीयत से उसने आटे में पेशाब मिलाया था।

**रोटी पर थूकने का वीडियो सामने आने के बाद रिपोर्ट दर्ज**

**सहारनपुर,एजेंसी :** जिले में नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक होटल में एक युवक का तंदूर से रोटी निकालकर उस पर कथित रूप से थूकने का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि इस बाबत बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार शाम को तहरीर दी जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए होटल मालिक और उसके कारीगर को हिरासत में ले लिया गया है।

## बच्ची से दुष्कर्म-हत्या का आरोपी गिरफ्तार

प्रयागराज,एजेंसी

- **आरोपी ने की पुलिस पर की फायरिंग, मुठभेड़ में पकड़ा गया**

जिले के गंगा नगर के सोरांव थाना अंतर्गत एक नाबालिग बच्ची से कथित तौर पर दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने के आरोपी को मंगलवार की रात पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) गंगा नगर कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि पुलिस को चार अक्टूबर को सूचना मिली थी कि एक बच्ची का शव खेत में पड़ा है। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था जिसमें बच्ची से दुष्कर्म की पुष्टि हुई थी। उन्होंने बताया कि घटना की जांच के लिए पांच टीम का गठन किया गया था और 150 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए और 65 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की गई। इसी दौरान एक सीसीटीवी फुटेज में एक साइकिल सवार व्यक्ति को लड़की को ले जाते हुए देखा गया।

गुनावत ने बताया कि व्यक्ति की पहचान सराय बोगी, थाना सोरांव निवासी मुकेश के रूप में हुई। पुलिस व्यक्ति की तलाश में जुटी थी। उन्होंने बताया कि मंगलवार की देर रात सूचना मिली कि व्यक्ति जुड़ापुर दादू में हाइवे के पास मौजूद है। इसी सूचना पर पुलिस टीम वहां पहुंची और उसे हिरासत में लेने के लिए आगे बढ़ी। इसी दौरान, व्यक्ति ने तमंचे से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। गुनावत ने बताया कि जवाबी फायरिंग में अभियुक्त गोली लगने से घायल हो गया।

### वर्ग पहेली-224

**बाएं से दाएं**

3. मानव के छह विकार

5. एक साथ रखना, लगाव या संपर्क स्थापन।

6. दृढ़ किया हुआ।

8. 1. वृक्ष की रेशेदार जड़ 2. कमल की जड़, भसींड 3. लता 4. कलगी, शिखा 5. हल्दी 6. नदी।

9. 1. आवेश, उत्साह, जोश, गरमजोशी 2. तेज़ी; वेग।

**ऊपर से नीचे**


1. 1. सरपट आदि से छाकर बनाया गया स्थान 2. मंडप, शामियाना 3. किसी मंडप के अंदर होने वाला तमाशा या खेल।

2. 1. ढीला कराना 2. बंधन से छुड़ाना।

4. 1. कर्मकांड आदि जानने वाला व्यक्ति जो अपने यजमान के यहां मुंडन करता है

5. 1. उत्पन्न, दूसरे के साथ उत्पन्न 2. युक्त, सहित, संपन्न 3. योग्य, उपयुक्त 4. सदृश, समान, बराबर।

7. 1. प्यारा 2. हमदर्द 3. अनुग्रहकर्ता।



**वर्ग पहेली -223 का हल**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ने | ग | 2 चा | र | ■ | ■ |
| ■ | ■ | टु | ■ | 3 मां | ■ |
| ■ | ■ | का | ■ | ड | ■ |
| ■ | 4 भा | र | 5 जी | वी | ■ |
| ■ | रि | ■ | वा | ■ | 6 पा |
| ■ | त | ■ | धा | ■ | व |
| ■ | ■ | 7 बी | र | बा | नी |

**सुडोकू -137**

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | 9 | | 3 | | |
| 6 | 3 | | 2 | 5 | | | 4 | |
| 5 | | | | | 8 | | | |
| | 9 | | | | 3 | 5 | | |
| 8 | 7 | | 5 | | 9 | | 2 | 6 |
| | | 1 | 8 | | | | 7 | |
| | | | 4 | | | | | 7 |
| | 6 | | | 1 | 5 | | 9 | 8 |
| | | 2 | | 6 | 7 | | | |


**सुडोकू - 136 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 7 | 5 | 3 | 9 |
| 3 | 7 | 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 8 | 6 |
| 6 | 2 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 2 | 6 | 4 | 8 | 1 | 5 | 9 | 7 | 3 |
| 5 | 8 | 3 | 7 | 9 | 4 | 6 | 2 | 1 |
| 7 | 9 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 6 | 8 | 9 | 4 |
| 9 | 5 | 6 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 | 2 |
| 8 | 4 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 | 5 |

### आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 अक्टूबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 16.55 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

**आज का पंचांग**




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-शरद। चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-रेवती 16.20 तक तत्पश्चात अश्विनी।

**मेष:** आज पेपर वर्क को लेकर सावधानी रखनी चाहिए। आर्थिक मामलों को लेकर परेशानी होगी। शोध संबंधी कार्यों में बाधा उत्पन्न हो सकती है। सड़क पर ट्रैफिक नियमों का सावधानी से पालन करें आर्थिक दंड भुगतना पड़ सकता है।

**वृष:** आज आपके मन में नए व्यापारिक आइडियाज आ सकते हैं। विश्वासघाती मित्रों की पहचान हो सकती है। नौकरी में आपको उच्च पद मिल सकता है। धर्म-कर्म के प्रति आपका मन लगेगा। शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। अपने गुरु के प्रति निष्ठा भाव रखें।

**मिथुन:** आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। संतान की नौकरी संबंधी परेशानी का समाधान होगा। नव विवाहितों का विवाह तय हो सकता है। योजनाओं को अच्छी तरह से कार्यान्वित कर पाएंगे।

**कर्क:** आज बड़े सरकारी ऑर्डर आपको मिलने की संभावना है। विवादित मुद्दों का कूटनीतिक समाधान मिलेगा। घर का माहौल अच्छा रहेगा। अधिकारी आपके तर्कों से प्रभावित होंगे। पेट में वायु विकार उत्पन्न हो सकते हैं।

**सिंह:** आज दुष्ट लोगों की संगत से बचें। प्रियजनों से विवाद करने से बचें। कार्यक्षेत्र में अपनी कार्यशैली को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। बच्चों की पढ़ाई में ज्यादा ध्यान देना होगा।

**कन्या:** आज परिवार को लेकर आ रही समस्या दूर होगी। नई योजनाओं में धन निवेश कर सकते हैं। धैर्यपूर्वक आपको काम करना चाहिए। दैनिक दिनचर्या व्यवस्थित और अनुशासित रहेगी। व्यापार में बिक्री बढ़ने की संभावना है।

**तुला:** आज ऑफिस में आपका अपमान हो सकता है। स्वास्थ्य खराब हो तो मेडिकल चेकअप अवश्य कराएं। आपकी कोई योजना उजागर हो सकती है। अपनी उपलब्धियों को लोगों से साझा न करें। बातचीत और कौशल का परिचय देंगे।

**वृश्चिक:** आज धन को बचाने का प्रयास करेंगे। जीवन में आ रहे बदलावों को स्वीकारें। पति-पत्नी के बीच सहयोगात्मक और प्रेम व्यवहार बढ़ेगा। आपकी सफलताओं की सर्वत्र चर्चा होगी। धन-समृद्धि में वृद्धि होगी। लंबे समय से चला आ रहा तनाव दूर होगा।

**धनु:** आज योग और प्राणायाम को अपनी दिनचर्या को हिस्सा बना लें। आपकी प्रबंधन क्षमता की प्रशंसा होगी। शेयर मार्केट में अंधाधुंध निवेश न करें। आलस्य आपके ऊपर हावी हो सकता है। गलतफहमी के कारण संबंधों में कटुता आ सकती है।

**मकर:** आज व्यवसाय में नया प्रयोग लाभकारी सिद्ध होगा। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। अच्छी संगत के कारण आपके कार्य आसानी से बन जाएंगे। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। ज्ञानवर्धक साहित्य का अध्ययन और चिंतन करेंगे।

**कुंभ:** आज नई स्किल्स सीखने के लिए बहुत अच्छा समय है। दिल की अपेक्षा दिमाग से निर्णय लें। गुप्त शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए। आपको कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकार प्राप्त हो सकते हैं। अभिमान से आपको दूर रहना चाहिए।

**मीन:** आज मार्केटिंग संबंधी व्यवसाय में उच्च लाभ होने की संभावना है। बौद्धिक क्षमता का कुशल प्रयोग करेंगे। अधिकारों के साथ उत्तरदायित्व में वृद्धि होगी। कर्मचारियों के साथ विवाद की स्थिति दूर होगी। घरेलू समस्याओं का समाधान होगा।

### आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
- प्लेटफॉर्म — सुबह : 09.40
- गॉड तुस्सी ग्रेट हो — रात : 07.24

**&pictures**
- सिंबा — सुबह : 10.59
- कोई... मिल गया — रात : 07.30

**SONY PIX**
- एज ऑफ टूमारो — सुबह : 11.27
- जर्नी 2 — रात : 09.00

**ZEE CINEMA**
- शिवम — सुबह : 09.30
- भीमा — रात : 08.00

**ZEE ACTION**
- थानेदार — सुबह : 10.58
- द हीरो — रात : 07.30

**आज की सुपरहिट फिल्म**




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

देवर- आप बहुत सुंदर हो।
भाभी- देवर जी क्या कर रहे हो?
देवर- पढ़ रहा हूं भाभी
भाभी- बहुत अच्छे, क्या पढ़ रहे हो?
देवर- आपकी होने वाली देवरानी के मैसेज...
देवर की बात सुनकर भाभी हुईं हैरान!

डॉक्टर- आपके तीन दांत कैसे टूट गए?
मरीज- पत्नी ने कड़क रोटी बनाई थी।
डॉक्टर- तो खाने से इंकार कर देते
मरीज- जी, वही तो किया था।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 81,501.36 | 24,971.30 |
| गिरावट | 318.76 | 86.05 |
| प्रतिशत में | 0.39 | 0.34 |

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, गुरुवार, 17 अक्टूबर 2024

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन–तुलसी 2460, राज श्री 1790, फ़ॉर्चून कि. 2175, रविन्द्रा 2375, फॉर्चुन ली. 1980, जय जवान 1930, सचिन 2040, सूरज 1955, अवसर 2075, राग गोल्ड 2140, गृहणी ली 2020, क्लासिक (किलो) 2130, मोर 2125, चक्र टिन 2230, ब्लू 2190, आशीर्वाद मस्टर्ड 2280, स्वास्तिक 2430 ।किराना–( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31800, लाल मिर्च 18000–22000, धनिया 8000–10000, अजवायान 15500–23000, मेथी 7000–8000 सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800–900, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140–180, मखाना 900–1150 ।चावल– ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 8500, राजभोग 6950, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 9300, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 5150, खजाना 5150 ।दाल दलहन–मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 12700–13600, राजमा भूटान नया 11700, मलका काली 7150–7700 मलका दाल 7375–8000, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9600–10200, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900,चना काला 8650, दाल चना 9200, लाल हिंदुस्तान 9300, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 9000, डबरा 10200–11200, सच्चा हीरा 12600, मोटा हीरा 14600, अरहर गोला मोटा 11300, अरहर पटका मोटा 11600, अरहर कोरा मोटा 11900, अरहर पटका छोटा 15300–15700, अरहर कोरी छोटी 16000 ।चीनी– डालमियां 4160, पीलीभीत 4140, नवाबगंज 4130, बहेड़ी 4140 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 78500 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 77500 |
| सिल्वर ( पक्की) | 924 (अनुमानित) |

# दो महीने की गिरावट के बाद निर्यात में मामूली बढ़ोतरी

## 0.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ सितंबर में पहुंचा 34.58 अरब डॉलर

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के वस्तु निर्यात में दो महीने की गिरावट के बाद सितंबर में मामूली बढ़त दर्ज की गई है। सिंतबर में निर्यात 0.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ 34.58 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं व्यापार घाटा कम होकर 20.78 अरब डॉलर रह गया।

बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, सितंबर में आयात 1.6% बढ़कर 55.36 अरब डॉलर हो गया, जो सितंबर, 2023 में 54.49 अरब डॉलर था। समीक्षाधीन महीने में व्यापार घाटा (आयात तथा निर्यात के बीच का अंतर) 20.8 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। अगस्त में यह 10 महीने के उच्चतम स्तर 29.65 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंचा था। भारत के वस्तु निर्यात में अगस्त माह में सालाना आधार पर 9.3% और जुलाई में 1.2% की गिरावट आई थी। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में निर्यात 1% बढ़कर 213.22 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 6.16% बढ़कर 350.66 अरब डॉलर रहा। वित्त वर्ष की पहली छमाही में व्यापार घाटा 137.44 अरब डॉलर रहा।




- आयात 1.6 प्रतिशत बढ़कर 55.36 अरब डॉलर हुआ
- व्यापार घाटा कम होकर 20.78 अरब डॉलर रह गया

### वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद हुई वृद्धि

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने बताया कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद सितंबर और इस वित्त वर्ष के पहले छह महीने में निर्यात में वृद्धि दर्ज की गई है। निर्यात को बढ़ावा देने वाले महत्वपूर्ण कारकों में इंजीनियरिंग, रसायन, प्लास्टिक, औषधि, तैयार (रेडिमेड) वस्त्र और इलेक्ट्रॉनिक शामिल हैं। बर्थवाल ने कहा कि वैश्विक कठिनाइयों के बावजूद हमने अच्छा प्रदर्शन किया है। सोने का आयात सितंबर में बढ़कर 4.39 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछले साल यह 4.11 अरब डॉलर था।

# बुलिश पैटर्न : निवेशकों के लिए अवसरों की पहचान

बुलिश पैटर्न तकनीकी विश्लेषण का मुख्य उपकरण है, जो निवेशकों को यह संकेत देता है कि किसी संपत्ति की कीमत बढ़ने की संभावना है। ये पैटर्न विभिन्न कैंडलस्टिक फॉर्मेशंस जैसे हैमर, डोजी, गैप अप, और सपोर्ट बाउंस के रूप में सामने आते हैं। सही तरीके से पहचानने पर, ये निवेश के अवसर प्रदान कर सकते हैं। हालांकि, इनसे जुड़े जोखिमों को समझना भी जरूरी है, ताकि निवेशक अपनी रणनीतियों को मजबूत कर सकें और संभावित नुकसान से बच सकें। तकनीकी संकेतों के साथ सतर्क रहकर, निवेशक बेहतर निर्णय ले सकते हैं। आइये इसके बारे में जाने...




### बुलिश पैटर्न के प्रकार

- **हैमर :** यह पैटर्न तब बनता है जब कैंडल का निचला हिस्सा लंबा और ऊपर का छोटा होता है, यह संकेत है कि कीमत गिरने के बाद बढ़ने का प्रयास कर रही है।
- **डोजी :** जब कैंडल का खुलना और बंद होना समान होता है, तो यह अनिश्चितता दर्शाता है, यदि यह किसी डाउनट्रेंड के बाद बनता है, तो यह उलटाव का संकेत है।
- **गैप अप :** जब कीमत पिछले दिन के उच्च स्तर से ऊपर खुलती है, तो यह एक बुलिश संकेत है।
- **सपोर्ट लेवल पर बाउंस :** जब कीमत एक निश्चित स्तर पर गिरने के बाद फिर से ऊपर उठती है, तो यह एक बुलिश संकेत हो सकता है।

### इसे कैसे देखें

- **विश्लेषण :** तकनीकी चार्ट्स पर विभिन्न कैंडलस्टिक पैटर्न्स और अन्य संकेतकों का उपयोग करें।
- **वॉल्यूम :** यदि पैटर्न के साथ वॉल्यूम बढ़ता है, तो यह संकेत है कि बाजार में विश्वास है।
- **समर्थन–प्रतिरोध स्तर :** इन स्तरों का ध्यान रखें, क्योंकि कीमतें अक्सर इन स्तरों के आसपास बदलती हैं।

### निवेशकों को लाभ

- **संभावित अवसर :** बुलिश पैटर्न दिखाता है कि कीमतें बढ़ने की संभावना है, जिससे निवेशक लाभ कमा सकते हैं।
- **योजना बनाने में मदद :** निवेशक यह जान सकते हैं कि कब खरीदारी करनी है या स्टॉक से बाहर निकलना है।
- **भावनात्मक निर्णय से बचाव :** तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से सूचित निर्णय लेने में मदद मिलती है।

### जोखिम

**फॉल्स ब्रेकआउट :** बुलिश पैटर्न कभी–कभी गलत संकेत दे सकते हैं, जिससे निवेशक नुकसान उठा सकते हैं।

**आर्थिक बदलाव :** वैश्विक स्थिति या राजनीतिक घटनाएं बाजार को प्रभावित करती हैं, जिससे ये विफल हो सकता है।

## सोना रिकॉर्ड ऊंचाई पर चांदी 1,000 रुपये बढ़ी

**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं की सतत लिवाली से बुधवार को सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 250 रुपये की तेजी के साथ 78,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। मंगलवार को सोना 78,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं की ताजा लिवाली से चांदी भी 1,000 रुपये उछलकर 93,500 रुपये प्रति किलो हो गई। 99.5% शुद्धता वाला सोना 250 रुपये उछलकर 78,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

# निर्यात प्रतिस्पर्धा सब्सिडी से नहीं, गुणवत्ता से आएगी

नई दिल्ली, एजेंसी



- वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उद्योग जगत से कहा

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को उद्योग जगत से कहा कि वह वैश्विक बाजारों का दोहन करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद पर ध्यान केंद्रित करें, क्योंकि निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता सरकारी सब्सिडी या समर्थन से नहीं आएगी।

उन्होंने कहा कि सरकार उद्योग जगत को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के विनिर्माण के लिए प्रेरित करने का प्रयास कर रही है, क्योंकि उद्योग जगत को यह स्वीकार कराना एक कठिन काम है कि उन्हें गुणवत्ता वाला सामान बनाना चाहिए। मंत्री ने कहा कि अगर हम आत्मनिर्भर भारत बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, तो यह तभी हो सकता है जब भारत आत्मविश्वासी होगा और यह आत्मविश्वास तभी आएगा जब हम सभी यह तय करेंगे कि गुणवत्ता हमारा काम नहीं, बल्कि कर्तव्य है।

## अमेरिकी चुनाव तक अडाणी ग्रीन ने 1.2 अरब डॉलर की बॉन्ड बिक्री रोका

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह की कंपनी अडाणी ग्रीन ने बाजार की स्थिति को देखते हुए 1.2 अरब अमेरिकी डॉलर के बॉन्ड की पेशकश को अमेरिकी चुनावों तक रोक दिया है। अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड की स्वच्छ-ऊर्जा कारोबार से जुड़ी इकाइयां मंगलवार को 20 वर्ष की अवधि वाले हरित बॉन्ड पेश करने वाली थीं। सूत्रों ने कहा कि अडाणी ग्रीन ने आईजी-रेटिंग वाले हाइब्रिड आरजी बॉन्ड पेश किए लेकिन सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद इसे अमेरिका के राष्ट्रपति चुनावों के बाद तक टाल दिया। कंपनी ने बॉन्ड से बेहतर मूल्य निर्धारण और समग्र परिणाम हासिल करने के लिए इसे चुनावों तक टालने का फैसला किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों से जुड़े कुछ अनिश्चित घटनाक्रमों को देखते हुए डॉलर बॉन्ड को टाल दिया गया है।

- स्वच्छ-ऊर्जा कारोबार से जुड़ी इकाइयां 20 वर्ष की अवधि वाले बॉन्ड करने वाली थीं पेश

# 6जी से संबंधित नियम सभी के लिए सुनिश्चित करें : सिंधिया

नई दिल्ली, एजेंसी

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को कहा कि 6जी से संबंधित मानकों तथा नियमों से सभी के लिए समावेशिता और सामर्थ्य सुनिश्चित होना चाहिए। इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) में अंतर्राष्ट्रीय 6जी संगोष्ठी में सिंधिया ने कहा कि चूंकि 6जी के लिए मानक तय किए जा रहे हैं, इसलिए प्रौद्योगिकी तथा इंजीनियरिंग की क्षमताओं को देखते हुए भारत के पास जबरदस्त अवसर हैं।

मंत्री ने कहा कि हमारे 6जी मानक जो अभूतपूर्व गति, कम विलंबता और परिवर्तनकारी अनुप्रयोगों की विशेषता रखते हैं सभी के लिए समावेशी, सुलभ व किफायती होने चाहिए और केवल तभी यह समग्र मानवता के वास्तविक मूल्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। सिंधिया ने 6जी अवसर का लाभ उठाने वाले प्रत्येक नागरिक के लिए साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि जैसा कि हम विनियामक वातावरण तैयार करते हैं, भारत के पास विनियमनों के निर्माण में योगदान देने की जबरदस्त क्षमता है।



- इंडिया मोबाइल कांग्रेस में अंतर्राष्ट्रीय 6जी संगोष्ठी को संचार मंत्री ने किया संबोधित, बोले-भारत के पास जबरदस्त अवसर

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### मुंबई में बहुमंजिला इमारत में आग लगने से तीन की मौत

**मुंबई।** मुंबई के लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स में 14 मंजिला आवासीय इमारत में बुधवार सुबह आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। नगर निकाय के अधिकारी ने बताया कि आग सुबह आठ बजे अंधेरी इलाके में लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स के फोर्थ क्रॉस रोड पर स्थित रिया पैलेस बिल्डिंग की 10वीं मंजिल पर फ्लैट में लगी। आग से घायल तीन लोगों को कूपर अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत लाया हुआ घोषित कर दिया।

### शिमला में कार गहरी खाई में गिरी, तीन की मौत

**शिमला।** शिमला में बुधवार को कार के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिरने से उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतकों में परीक्षित भारती, विनोद और मुकेश है। यह दुर्घटना चौपाल में सराहन–पुलबहाल लिंक रोड पर रात दो बजे हुई। चालक के वाहन पर से नियंत्रण खो देने से वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरा। पुलिस ने बताया कि कार सवार तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कुछ स्थानीय लोगों ने सुबह शव देखे और पुलिस को सूचना दी। शिमला के एसपी संजीव कुमार गांधी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### महिला से 68 लाख की ठगी में चार पर मुकदमा

**ठाणे (महाराष्ट्र)।** नवी मुंबई में पुलिस ने मुंबई की महिला इंटीरियर डिजाइनर को जमीन बेचने की आड़ में उससे 68 लाख से अधिक की ठगी के आरोप में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि नेरुल पुलिस थाने में सोमवार को इस संबंध में मामला दर्ज किया गया। चार में से एक आरोपी की पहले ही मौत हो चुकी है।

### आदिवासी की बेल्ट से पिटाई में चार पर मुकदमा

**छतरपुर।** मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले में आदिवासी व्यक्ति की बेल्ट से पिटाई करने के लिए चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। छतरपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह ने बताया कि चार लोगों ने पुरानी रंजिश के कारण टपरियां गांव के रहने वाले व्यक्ति की मंगलवार को पिटाई की। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया और जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वीडियो में व्यक्ति को बेल्ट से पीटते हुए देखा जा सकता है।

# युवाओं को परंपराओं से जोड़ता है संगीत

## नाटक अकादमी के अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव में प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय संस्कृति को किया रेखांकित

नई दिल्ली, एजेंसी

संगीत नाटक अकादमी ने भारतीय नृत्य पर बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव आयोजित किया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महोत्सव के लिए एक विशेष संदेश साझा किया और भारतीय संस्कृति में नृत्य के महत्व रेखांकित करते हुए कहा कि यह युवा पीढ़ी को राष्ट्र की परंपराओं से जोड़ने में अहम भूमिका निभाता है।

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने छह दिवसीय महोत्सव का उद्घाटन किया। यह मंत्रालय का भारतीय नृत्य पर पहला अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव है, जिसका उद्देश्य भारतीय नृत्य शैलियों की विविधता और समृद्धि का जश्न मनाया तथा उनका अन्वेषण करना है। उन्होंने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य कला में स्थायी करियर पर चर्चा को बढ़ावा देना और भारतीय नृत्य के लिए संस्थागत समर्थन को प्रोत्साहित करना है, जिससे सहयोग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का मंच बने। संस्कृति मंत्रालय की संयुक्त सचिव उमा नंदुरी, डॉ पद्मा सुब्रह्मण्यम पद्म विभूषण, डॉ सोनल मानसिंह पद्म विभूषण पद्म भूषण, संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष डॉ संध्या पुरेचा सहित विश्व भर के कलाकार और गणमान्य उपस्थित रहे। गौरतलब है कि संगीत नाटक अकादमी देश की राष्ट्रीय संगीत, नृत्य और नाटक की अकादमी पहली राष्ट्रीय अकादमी है। इसे 31 मई 1952 को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के एक प्रस्ताव द्वारा स्थापति किया गया था।



- संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने किया छह दिवसीय महोत्सव का उद्घाटन
- मंत्रालय के पहले महोत्सव का उद्देश्य नृत्य शैलियों की विविधता का जश्न

### मोदी बने भाजपा के पहले सक्रिय सदस्य

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को भाजपा के पहले सक्रिय सदस्य बने और साथ ही उन्होंने पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत भी की। प्रधानमंत्री ने एक्स पर खुद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत बनाने के हमारे प्रयास को गति प्रदान करना! भाजपा के एक कार्यकर्ता के रूप में पहला सक्रिय सदस्य बनने और हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की उपस्थिति में पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत करने पर गर्व है। मोदी ने कहा कि पार्टी का सदस्यता अभियान एक ऐसा आंदोलन है जो जमीनी स्तर पर भाजपा को और मजबूत करेगा तथा राष्ट्रीय प्रगति के लिए कार्यकर्ताओं का प्रभावी योगदान सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी का सक्रिय सदस्य होने के लिए एक कार्यकर्ता को एक बूथ या विधानसभा सीट पर 50 सदस्यों को पंजीकृत करना होता है। ऐसे कार्यकर्ता मंडल समिति और उससे ऊपर के पदों के लिए चुनाव लड़ने के पात्र होंगे।

## बंगाल में युवती का शव मिला, दुष्कर्म के बाद की गई थी हत्या

**कृष्णानगर (प. बंगाल)।** पश्चिम बंगाल में नदिया जिले के कृष्णानगर में बुधवार को एक युवती का शव मिला। पुलिस ने बताया कि युवती से कथित तौर पर दुष्कर्म किया गया था। पुलिस ने बताया कि अज्ञात युवती का शव आश्रमपुरा इलाके में एसपी कार्यालय के पास मिला। युवती का चेहरा आंशिक रूप से झुलसा हुआ है। इस घटना से इलाके में तनाव है और कांग्रेस और माकपा ने कोतवाली पुलिस थाने के सामने विरोध प्रदर्शन किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय एम कुमार मकवाना ने बताया कि पुलिस ने कृष्णानगर में युवती का शव मिला है, जिसकी उम्र 20-22 साल है। अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# मदरसे बंद करने के लिए कभी नहीं कहा : एनसीपीसीआर

नई दिल्ली, एजेंसी

- आयोग ने की थी संस्थानों को सरकार से मिलने वाली धनराशि पर रोक लगाने की सिफारिश
- प्रियंक कानूनगो ने कहा- मुस्लिम बच्चों को औपचारिक शिक्षा मिलनी चाहिए

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने कहा कि उन्होंने मदरसों को बंद करने के लिए कभी नहीं कहा बल्कि उन्होंने इन को सरकार से मिलने वाली धनराशि पर रोक की सिफारिश की क्योंकि ये गरीब मुस्लिम बच्चों को शिक्षा से वंचित कर रहे हैं। कानूनगो ने कहा कि गरीब बच्चों पर अक्सर धर्मनिरपेक्ष शिक्षा के बजाय धार्मिक शिक्षा प्राप्त करने के लिए दबाव डाला जाता है।

उन्होंने कहा कि वह सभी बच्चों के लिए शिक्षा के समान अवसरों की वकालत करते हैं। एनसीपीसीआर ने हालिया रिपोर्ट में मदरसों की कार्यप्रणाली पर चिंता जताई थी तथा सरकार से मिलने वाली राशि तब तक रोकने का आह्वान किया था जब तक वे शिक्षा के अधिकार का अनुपालन नहीं करते। इस पर कई नेताओं की तीखी प्रतिक्रिया दी थी। कानूनगो ने मदरसों की कार्यप्रणाली व्यक्त करते हुए कुछ समूहों की आलोचना की जो गरीब मुस्लिमों के सशक्तीकरण से डरते हैं।

# बंगाल सरकार कर्तव्य निभाने में विफल : बोस

**आरजी कर मामला**

- राज्यपाल बोले- आरजी कर गतिरोध में राजभवन का हस्तक्षेप संवैधानिक

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने बुधवार को आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार नागरिकों के जीवन और संपत्ति की रक्षा करने के मूल कर्तव्यों को निभाने में विफल रही है। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन आरजी कर अस्पताल में हुई घटना को लेकर पैदा हुए गतिरोध में संविधान के प्रावधानों के तहत पहले से ही हस्तक्षेप कर रहा है।

बोस ने कहा कि मामले में पुलिस अधिकारी और वरिष्ठ डॉक्टर की गिरफ्तारी एक बार फिर विभिन्न क्षेत्रों में व्याप्त संस्थागत अपराध की ओर इशारा करती है। बोस ने कहा कि नागरिकों के जीवन और संपत्ति की रक्षा करना राज्य सरकार, खासकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का कर्तव्य है। इसकी जिम्मेदारी किसे लेनी चाहिए? यदि मुख्यमंत्री ही प्रमुख हैं, तो इसका उत्तर स्वयं उनके पास है। चिकित्सकों के समूह ने राजभवन में बोस से मुलाकात की थी और ज्ञापन सौंपा था। बोस ने रेड रोड पर दुर्गा पूजा कार्निवल में मुख्यमंत्री के डांडिया नृत्य का संभवतः संदर्भ देते हुए रोमन सम्राट नीरो से उसकी तुलना की।

### चिकित्सक हमेशा से आसान निशाना रहे हैं : आईएमए प्रमुख

नई दिल्ली। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के प्रमुख डॉ. आरवी अशोकन ने कोलकाता में चिकित्सक से हुई दरिंदगी के मामले को लेकर युवा चिकित्सकों की भूख हड़ताल के बीच कहा कि चिकित्सकों को हमेशा से आसानी से निशाना बनाया जाता रहा है और चिकित्सक समुदाय के साथ घोर अन्याय हुआ है जिसकी किसी से तुलना नहीं की जा सकती है। आईएमए द्वारा एक्स पर पोस्ट किए बयान में डॉ. अशोकन ने कहा कि भारत में शुरुआत से ही एक चिकित्सक बॉण्ड प्रणाली से बंधा हुआ एक गुलाम होता है।

## दहेज की मांग से परेशान महिला चिकित्सक ने की खुदकुशी

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के परभणी जिले में ससुराल वालों की एक करोड़ रुपये की मांग से व्यथित चिकित्सक ने खुदकुशी कर ली। प्राथमिकी के अनुसार, डॉ. प्रियंका भुमरे ने 2022 में बीड निवासी नीलेश व्हारकाटे से शादी की थी। दो महीने बाद उसके ससुराल वाले अस्पताल खोलने के लिए एक करोड़ की मांग करने लगे और उसे मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना देने लगे। महिला की शिकायत पर, पुलिस ने नीलेश, उसके माता-पिता, भाई और बहन पर मामला दर्ज किया था।

# बाबा सिद्दीकी हत्याकांड : यूट्यूब से हमलावरों ने सीखा था बंदूक चलाना

मुंबई, एजेंसी

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता एवं महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या में शामिल हमलावरों ने कुर्ला इलाके में किराए के मकान में यूट्यूब से बंदूक और पिस्तौल चलाना सीखा था। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पूर्व कांग्रेस नेता बाबा सिद्दीकी इस साल राकांपा में शामिल हुए थे। शनिवार रात को मुंबई के निर्मल नगर इलाके में उनके विधायक पुत्र जीशान के कार्यालय के बाहर तीन लोगों ने गोली मार दी थी। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने आरोपियों से पूछताछ के दौरान पाया कि संदिग्ध हमलावर शिवकुमार गौतम ने उत्तर प्रदेश में विवाह समारोहों में हर्ष फायरिंग के दौरान बंदूक चलाना सीखा था। गौतम फरार है। उन्होंने कहा कि गौतम ने कश्यप और सिंह को बंदूक चलाने का प्रशिक्षण दिया। अधिकारी ने बताया कि उन्होंने चार सप्ताह तक यूट्यूब से वीडियो देखकर बंदूक में गोली भरना और गोली निकालना सीखा।



- संदिग्ध हमलावर शिवकुमार गौतम ने उत्तर प्रदेश में विवाह समारोहों में हर्ष फायरिंग के दौरान सीखा था बंदूक चलाना

# कोर्ट ने पंजाब, हरियाणा सरकारों को फटकार लगाई, शीर्ष अधिकारियों को किया तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने पराली जलाने के मामले में उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा नहीं चलाने को लेकर हरियाणा और पंजाब सरकारों को बुधवार को फटकार लगाई तथा दोनों राज्यों के मुख्य सचिवों को 23 अक्टूबर को उसके समक्ष पेश होकर स्पष्टीकरण देने को कहा। न्यायमूर्ति अभय एस ओका, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने उल्लंघनकर्ताओं पर कार्रवाई में विफल रहने पर हरियाणा और पंजाब सरकार के अधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने का वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को निर्देश दिया। दिल्ली में प्रदूषण के बढ़ते स्तर में पराली जलाया जाना एक प्रमुख कारण है। पंजाब और हरियाणा सरकारों द्वारा एनसीआर में पराली जलाने से रोकने के लिए सीएक्यूएम के निर्देशों पर कदम नहीं उठाए जाने से न्यायालय नाखुश था।



- उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा नहीं चलाने पर मुख्य सचिवों को 23 अक्टूबर को पेश होकर स्पष्टीकरण देने को कहा

## सफाई के समय टैंक में दम घुटने से पांच की मौत

**भुज (गुजरात)।** गुजरात के कच्छ जिले में कृषि प्रौद्योगिकी कंपनी में अपशिष्ट उपचार टैंक की सफाई करते समय दम घुटने से पांच कामगारों की मौत हो गई। सभी की उम्र करीब 30 वर्ष थी। कच्छ (पूर्व)के पुलिस अधीक्षक सागर बगमार ने कहा कि बगमार ने कहा कि जब एक कामगार टैंक में सफाई के लिए उतरा तो वह बेहोश हो गया। दो अन्य कामगार उसे बचाने के लिए अंदर उतरे लेकिन वे भी बेहोश हो गए। दो और कामगार टैंक के अंदर गए लेकिन सभी पांच कामगारों की मौत हो गई।

# पेंशनभोगियों की शिकायतों का 21 दिन में करें समाधान : केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार ने कहा- शिकायतों के निदान में अधिक समय लगने पर अंतरिम जवाब दिया जा सकता है

केंद्र ने सभी विभागों से पेंशनभोगियों की शिकायतों का 21 दिनों में निवारण करने को कहा है। बुधवार को जारी बयान में यह जानकारी दी गयी। इसमें कहा गया है कि जिन मामलों में शिकायतों के निवारण में अधिक समय लगता है, वहां अंतरिम जवाब दिया जा सकता है।

केंद्र सरकार ने पेंशनभोगियों की शिकायत निवारण प्रणाली, यानी केंद्रीकृत पेंशन शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीईएनजी आरएएमएस), पोर्टल की समीक्षा के बाद दिशानिर्देश जारी किए हैं। कार्मिक मंत्रालय के निर्देशों में शिकायतों के कुशल निवारण की परिकल्पना है। केंद्र के दिशा-निर्देशों में से एक अंश के मुताबिक, मंत्रालयों/विभागों को पेंशनभोगियों की शिकायतों का 21 दिनों में निवारण करने का प्रयास करना चाहिए।

## बृज बिहारी हत्याकांड : आत्मसमर्पण के लिए समय देने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 1998 में हुई बिहार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता बृज बिहारी प्रसाद की हत्या के मामले में दोषी पूर्व विधायक विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला की वह याचिका बुधवार को खारिज कर दी जिसमें उन्होंने आत्मसमर्पण के लिए समय दिए जाने का अनुरोध किया था। अपराधी से नेता बने शुक्ला की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ को बताया कि पत्नी की स्वास्थ्य समस्याओं और कामकाज के प्रबंधन के लिए उन्हें 30 दिनों का समय चाहिए। पीठ ने कहा कि उन्हें 15 दिन का पर्याप्त समय दिया गया था।

- सुप्रीम कोर्ट से पूर्व मंत्री की हत्या के दोषी पूर्व विधायक ने मांगा था समय

# आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाली दूसरी भारतीय महिला बनीं नीतू डेविड

दुबई, एजेंसी



- द. अफ्रीका के एबी डिविलियर्स और इंग्लैंड के एलिस्टेयर कुक को भी मिली जगह

टेस्ट क्रिकेट की एक पारी में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी (53 रन पर आठ विकेट) करने वाली भारत की पूर्व स्पिनर नीतू डेविड बुधवार को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाली देश की दूसरी महिला क्रिकेटर बनीं।

भारतीय महिला टीम की चयन समिति की मौजूदा अध्यक्ष नीतू को पूर्व कप्तान डाइना इडुल्जी को शामिल किए जाने के एक साल बाद आईसीसी हॉल ऑफ फेम में जगह मिली है। बाएं हाथ की स्पिनर नीतू ने भारत के लिए 100 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय मैच (10 टेस्ट और 97 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय) खेले।

उनके अलावा दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स और इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज एलिस्टेयर कुक को भी हॉल ऑफ फेम में जगह मिली। एकदिवसीय में 47 साल की नीतू 141 विकेट के साथ भारत की दूसरी सबसे सफल गेंदबाज हैं। वह 50 ओवर के प्रारूप में 100 विकेट के आंकड़े को छूने वाली देश की पहली महिला गेंदबाज भी रहीं। विश्व कप 2005 की सबसे सफल गेंदबाज नीतू ने भारत को पहली बार फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी।

# हॉकी लीग में खेलने को बेताब हैं सबसे महंगे खिलाड़ी हरमनप्रीत और उदिता

नई दिल्ली, एजेंसी



हॉकी इंडिया लीग की नीलामी में सबसे महंगे बिके हरमनप्रीत सिंह और उदिता दुहान टूर्नामेंट में अपने प्रशंसकों से दर्शकों का दिल जीतने के लिये बेताब हैं। हरमनप्रीत सिंह को पंजाब और हरियाणा के सूरमा हॉकी क्लब ने तीन दिन तक चली नीलामी के पहले दिन 78 लाख रूपये में खरीदा। वहीं उदिता को श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने 32 लाख रूपये में खरीदा।

पुरूषों की लीग में आठ टीमें होंगी जबकि पहली बार हो रही महिला लीग में चार टीमें भाग लेंगी। हरमनप्रीत ने कहा मुझे खुशी है कि हॉकी इंडिया लीग की वापसी हो रही है। मेरा नाम नीलामी के लिये आया तो मैं आंखें गड़ाकर देख रहा था। मैं उम्मीद कर रहा था कि सरदार सिंह मेरे नाम पर बोली लगाएं ताकि मुझे हरियाणा और पंजाब के लिए खेलने का मौका मिल सके। जब सूरमा हॉकी क्लब ने मुझे खरीदा तो मैने राहत की सांस ली, मैं बहुत ही खुश हूं। भारतीय कप्तान ने कहा हमारे पास काफी संतुलित टीम है। इसमें अनुभवी, बड़े नामी और युवा खिलाड़ी हैं जो भविष्य में काफी बड़े सितारे बन सकते हैं।

# डेनमार्क ओपन में महिला और मिश्रित युगल में भारतीय चुनौती हुई समाप्त

ओडेन्से (डेनमार्क), एजेंसी



- सुमित-सिक्की की जोड़ी को केविन-इलियाना ने हराया

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों की एक बार फिर खराब शुरूआत हुई और बुधवार को यहां डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में महिला और मिश्रित युगल स्पर्धाओं में देश की चुनौती समाप्त हो गई।

भारत की दोनों जोड़ियों को अपने शुरूआती मुकाबलों में तीन गेम में हार झेलनी पड़ी जिसमें त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद (महिला युगल) और बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी (मिश्रित युगल) शामिल थे। त्रिसा और गायत्री एक घंटे 14 मिनट तक चले महिला युगल के शुरूआती दौर के मैच में एक गेम की बढ़त गंवाकर मलेशिया की पीयर्ली टान और मुरलीथरन थिनाह से 21-19 17-21 15-21 हार गईं। मिश्रित युगल में सुमित रेड्डी और सिक्की रेड्डी की जोड़ी भी कनाडा के केविन ली और इलियाना झांग से पहला गेम जीतने बावजूद एक घंटे दो मिनट में 22-20 19-21 22-24 से पराजित हो गई। मंगलवार को 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन पुरुष एकल में पहले दौर में हारकर बाहर हो गये थे।

## खेल डायरी

### मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच बने पारस महाम्ब्रे

**मुंबई।** टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज और गेंदबाजी कोच पारस महाम्ब्रे को मुंबई इंडियंस (एमआई) का नया गेंदबाजी कोच बनाया है। महाम्ब्रे इससे पहले भी एमआई के सहायक कोच रह चुके हैं। वह मौजूदा गेंदबाजी कोच लसिथ मलिंगा और प्रमुख कोच महेला जयवर्धने के साथ काम करेंगे। महाम्ब्रे 2021 से लेकर इस साल अगस्त तक भारत के गेंदबाजी कोच थे। उन्होंने कोच राहुल द्रविड़ के साथ काम किया और टी-20 विश्वकप विजेता दल का हिस्सा रहे थे। वह चैंपियंस लीग 2011 व 2013 और आईपीएल 2013 की खिताबी जीत में भी एमआई का हिस्सा थे। उन्हें भारतीय घरेलू क्रिकेट में भी कोचिंग का अनुभव है। भारत से पहले वह इंडिया ए टीम के गेंदबाजी कोच थे। 2005-06 और 2006-07 में बंगाल को लगातार रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचाने में भी

### छह शहरों में 17 से शुरू होगी सीनियर महिला टी-20 ट्रॉफी

**नई दिल्ली।** देश के छह शहरों में 17 अक्टूबर से 12 नवंबर तक सीनियर महिला टी-20 ट्रॉफी 2024 का आयोजन किया जाएगा। घरेलू टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिताओं में से एक इस लीग के मैच छह शहरों सूरत, वडोदरा, मुंबई, कोलकाता, तिरुवनंतपुरम और लखनऊ में खेले जाएंगे। इस लीग का यह 16वां संस्करण है और इसमें 37 टीमें शिरकत करेंगी। जेमिमा रोड्रिग्स की कप्तानी में मुंबई ने पिछले वर्ष फाइनल में उत्तराखंड को हराया था। मौजूदा चैंपियन मुंबई को आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, ओडिशा, गोवा, गुजरात, जम्मू-कश्मीर और मिजोरम के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। इस टूर्नामेंट में टीमों को पांच ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप ए और बी में आठ टीमें शामिल हैं जबकि ग्रुप सी, डी और ई में प्रत्येक में सात टीमें शामिल हैं। प्रत्येक टीम सिंगल राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में ग्रुप में अन्य टीमों के खिलाफ खेलेगी। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें नॉकआउट स्टेज के लिए क्वालीफाई करेंगी। अंक और नेट रन रेट के आधार पर ग्रुप से सर्वश्रेष्ठ स्थान पर रहने वाली दूसरी टीम के साथ पांच टेबल टॉपर क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालीफाई

### दिल्ली करेगी पहले खो-खो विश्व कप की मेजबानी

**नई दिल्ली।** अगले साल 13 से 19 जनवरी तक त्यागराज स्टेडियम में पहला खो खो विश्व कप आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट के आयोजकों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह टूर्नामेंट भारत के स्वदेशी खेल को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने का मौका है। टूर्नामेंट के घोषणा समारोह के दौरान टीम महाराष्ट्र और शेष भारत के बीच एक प्रदर्शनी मैच खेला गया जिसमें महाराष्ट्र 26-24 से विजयी रहा। समारोह के दौरान विश्व कप के आधिकारिक लोगो (प्रतीक चिन्ह) और टैगलाइन का भी अनावरण किया गया। टूर्नामेंट में 24 देशों का प्रभावशाली लाइन अप होगा जिसमें पुरुष और महिला दोनों टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी। टूर्नामेंट में प्रत्येक डिविजन में 16 टीम होंगी जिससे दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा। भारतीय खो खो महासंघ (केकेएफआई) के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा खो खो हमारे देश की मिट्टी का खेल है। इसलिए हमें इस खेल को मैदान पर लाने पर बहुत गर्व है। खो-खो को अंतर्राष्ट्रीय खेल बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने वाले महासंघ को बहुत धन्यवाद। इस मौके पर युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे भी मौजूद थीं।

### ब्रिस्बेन में होगा एशेज टेस्ट सीरीज का दिन-रात्रि मैच

**सिडनी।** अगले वर्ष नवंबर-दिसंबर होने वाली एशेज 2025-26 टेस्ट सीरीज का पहला मैच 21 से 25 नवंबर को पर्थ में तथा ब्रिस्बेन में चार से आठ दिसंबर के बीच होने वाला मैच दिन-रात्रि का होगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने एशेज 2025-26 के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। घोषणा के अनुसार सीरीज का तीसरा मैच ऐडिलेड में 17 से 21 दिसंबर के बीच खेला जाएगा, जबकि मेलबर्न में 26 से 30 दिसंबर के बीच पारंपरिक बॉक्सिंग डे टेस्ट होगा। सीरीज का अंतिम टेस्ट मैच चार से आठ जनवरी के बीच न्यू ईयर टेस्ट के रूप में सिडनी में आयोजित होगा। 1982-83 के बाद यह पहला मौका होगा जब एशेज का पहला मैच ब्रिस्बेन की बजाय पर्थ में खेला जाएगा। गाबा, ब्रिस्बेन ने इससे पहले भी तीन डे-नाईट टेस्ट आयोजित किए हैं और इस साल की शुरुआत में वेस्टइंडीज के खिलाफ भी एक दिन-रात्रि टेस्ट मैच हुआ था। हालांकि ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजो का तब मानना था कि पिंक-बॉल टेस्ट गाबा की बजाय ऐडिलेड ओवल में ही आयोजित होने चाहिए, जहां की पिच पिंक बॉल के लिए अधिक मुफीद है। पहले गई बार गाबा में ऐसा हुआ है कि पिंक बॉल अधिक नरम हो गया हो, जिससे मैच का परिणाम भी प्रभावित हुआ।

# बारिश में धुला टेस्ट का पहला दिन

## भारत-न्यूजीलैंड टेस्ट : अंपायरों ने निरीक्षण के बाद खेल रद करने का लिया फैसला

बेंगलुरु, एजेंसी



चिन्नास्वामी स्टेडियम में पहले दिन नहीं हटे कवर ● एजेंसी

बारिश के कारण भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन बुधवार को कोई खेल नहीं हो सका। अंपायरों और अन्य मैच अधिकारियों ने दोपहर दो बजे मैदान का मुआयना किया जब दिन में पहली बार थोड़ी देर के लिए बारिश रूकी, लेकिन हालात को देखकर 2:34 बजे खेल रद करने का फैसला किया गया।

इससे पहले आउटफील्ड कवर और पिच पर डाले कवर की पहली परत मुआयने के लिए हटाई गई तो दर्शक काफी रोमांचित हो गए, लेकिन सुबह से हो रही बारिश के कारण खेल हो पाना संभव नहीं था। सुबह से हो रही भारी बारिश के कारण सुबह नौ बजे टॉस भी नहीं हो सका। खराब मौसम के बावजूद मैदान पर काफी तादाद में दर्शक जमा थे। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को इंडोर अभ्यास करते देखकर दर्शक काफी रोमांचित भी हो गए। दूसरे दिन भी भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई है।दोनों टीमें बारिश के कारण अभ्यास भी नहीं कर सकी थी। दूसरे दिन का खेल सुबह नौ बजकर 15 मिनट पर शुरू होगा और टॉस आठ बजकर 45 मिनट पर कराया जाएगा।

## ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में हराने से बड़ा कुछ नहीं : पंत

मुंबई, एजेंसी

- विकेटकीपर बोले - ऑस्ट्रेलिया में विकेट और माहौल हैं अलग
- ऑस्ट्रेलिया आक्रामक क्रिकेट खेलती है, जो बेहद मजबूत है



भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में हराने के अहसास से बड़ा कुछ नहीं हो सकता। स्टार स्पोर्टस से बात करते हुए पंत ने कहा जब आप ऑस्ट्रेलिया जाते हैं, तो आपको उछाल और शॉर्ट पिच गेंदों से निपटने पर अधिक काम करना होता है क्योंकि वहां विकेट और माहौल अलग होते हैं। वे नहीं चाहते कि आप जीतें, जिससे ऑस्ट्रेलिया जाने और उन्हें उनके घर में हराने से बड़ा कोई एहसास नहीं है।

उन्होने कहा आम तौर पर ऑस्ट्रेलिया एक टीम के रूप में खेलता है। वे आपको कुछ भी आसानी से नहीं देते हैं। वे आक्रामक क्रिकेट खेलते हैं। इसलिए उनके खिलाफ आक्रामक मानसिकता की ही जरुरत होती है, मतलब मैं पहला मुक्का नहीं मारूंगा, लेकिन अगर कोई मुझ पर पहला मुक्का मारता है, तो मैं पीछे नहीं हटूंगा। अपने पिछले ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान गाबा टेस्ट में अपनी पारी की याद करते हुए उन्होने कहा मैं नहीं जानता कि इसके बारे में क्या कहूं। लेकिन मैं हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहा हूं। कभी-कभी, ऐसे प्रदर्शन होते हैं जिन्हें आप जीवन भर याद रखते हैं, और मेरे लिए उनमें से एक गाबा टेस्ट है।

# भारत के बिना चैंपियंस ट्रॉफी कराने का विकल्प नहीं, अन्य विकल्प उपलब्ध हैं : ईसीबी

नई दिल्ली, एजेंसी

- हाइब्रिड मॉडल में चैंपियंस ट्रॉफी कराना ही लग रहा है सबसे संभावित विकल्प
- तनावपूर्ण संबंधों के कारण 2008 से पाकिस्तान में क्रिकेट नहीं खेली है भारतीय टीम

इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन सहित शीर्ष अधिकारियों ने सुझाव दिया है कि भारत के बिना चैंपियंस ट्रॉफी कराना कोई विकल्प नहीं है और अगर रोहित शर्मा की टीम मेजबान देश पाकिस्तान की यात्रा नहीं करती है तो कई अन्य विकल्प उपलब्ध हैं।

दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के कारण भारत ने 2008 से पाकिस्तान में क्रिकेट नहीं खेला है और उनकी यात्रा पूरी तरह से सरकार की मंजूरी पर निर्भर होती है। बीसीसीआई को सरकार से टीम को लाहौर भेजने की अनुमति मिलने की संभावना नहीं है जिससे हाइब्रिड मॉडल में चैंपियंस ट्रॉफी सबसे संभावित विकल्प लग रहा है। पिछले साल एशिया कप की तरह भारत अपने मैच किसी तीसरे देश में खेल सकता है जबकि अन्य मुकाबले पाकिस्तान में आयोजित किए जा सकते हैं। टूर्नामेंट का आयोजन फरवरी-मार्च में किया जाएगा। थॉम्पसन ईसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड के साथ पाकिस्तान में हैं। उन्होंने कहा भारत का चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेलना क्रिकेट के हित में नहीं होगा। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की यात्रा पर फैसला दिसंबर में बीसीसीआई के मौजूदा सचिव जय शाह के आईसीसी का कार्यभार संभालने से पहले लिया जा सकता है।

शाह को अगस्त में आईसीसी अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। थॉम्पसन ने कहा यह दिलचस्प है। बीसीसीआई के पूर्व सचिव और अब आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह की इसमें बड़ी भूमिका होगी। इसमें भूगोलीय राजनीति और फिर क्रिकेट भू राजनीति होगी। उन्हें कोई रास्ता निकालना ही होगा। ईसीबी के सीईओ गोल्ड ने कहा यदि आप भारत या पाकिस्तान के बिना चैंपियंस ट्रॉफी में खेलते हैं तो प्रसारण अधिकार नहीं होंगे और हमें उन्हें सुरक्षित रखने की जरूरत है।

# सेमीफाइनल में द. अफ्रीका पर भारी पड़ेगी ऑस्ट्रेलिया

दुबई, एजेंसी

**महिला टी-20 विश्व कप**

आठवीं बार फाइनल में प्रवेश की कोशिश में जुटी ऑस्ट्रेलियाई टीम आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में गुरुवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उतरेगी तो उसका पलड़ा भारी रहेगा। ऑस्ट्रेलिया 2009 से शुरू हुए इस टूर्नामेंट में सभी नौ सत्रों में सेमीफाइनल खेल चुका है।

छह बार की चैंपियन टीम का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। दोनों के बीच 2023 सत्र का फाइनल खेला गया था जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने 19 रन से जीत दर्ज की थी। आंकड़ों की बात करें तो दक्षिण अफ्रीका टीम ऑस्ट्रेलिया के आगे कहीं नहीं ठहरती। ऑस्ट्रेलिया ने उसके खिलाफ दस महिला टी-20 मैचों में से नौ जीते हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका ने एकमात्र जीत जनवरी में दर्ज की। महिला टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया ने उसके खिलाफ सातों मुकाबले जीते हैं। मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई टीम का कोर ग्रुप बरसों से साथ खेल रहा है, सिर्फ मेग लानिंग ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा है। बाकी सभी दस खिलाड़ियों ने 2023 का फाइनल खेला था।

# दूसरे दिन पाकिस्तान ने बनाई मैच पर मजबूत पकड़

- दूसरा टेस्ट : पाकिस्तान 366 रनों पर सिमटी, इंग्लैंड ने बनाए छह विकेट खोकर 239 रन

मुल्तान, एजेंसी



रिजवान का विकेट लेने के बाद जश्न मनाती इंग्लैंड की टीम। ● एजेंसी

पाकिस्तान ने साजिद खान (चार विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन बुधवार को इंग्लैंड के 239 रन पर छह विकेट गिराकर मैच पर अपनी पकड़ बना ली हैं। पाकिस्तान के 366 के स्कोर के जवाब में इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज बेन डकेट (114) के शतक की मदद से छह विकेट पर 239 बना लिए। इंग्लैंड अभी भी पाकिस्तान से 127 रन पीछे हैं।

इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों के पहले विकेट के लिए 73 रनों की साझेदारी कर अच्छी शुरुआत की। 13वें ओवर में नौमन अली में जैक क्रॉली को आउट कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई।

क्रॉली ने 27 रन बनाए। नये बल्लेबाज ऑली पोप को साजिद खान ने बोल्ड आउट कर पाकिस्तान को दूसरी सफलता दिलाई। उस समय इंग्लैंड का स्कोर 125 रन था। पोप ने 29 रन बनाए। इसके बाद तीसरे विकेट के लिए बेन डकेट और जो रुट ने धैर्यपूर्वक बल्लेबाजी करते हुए टीम के स्कोर को 211 रनों तक पहुंचाया जहां साजिद ने रुट (34) को बोल्ड कर टीम को तीसरी सफलता दिलाई। स्कोर बोर्ड पर अभी 13 रन और जुडे ही थे कि डकेट (114) को साजिद ने सलमान के हाथों कैच आउट कराकर टीम को चौथी सफलता दिलाई। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर साजिद ने पहले टेस्ट में मुल्तान के नये सुल्तान बने हैरी ब्रूक (नौ) रन पर बोल्ड आउट कर इंग्लैंड को पांचवा झटका दे दिया। स्टोक्स (एक) रन बनाया। दिन का खेल समाप्ति के समय जेमी स्मिथ नाबाद (12) तथा ब्राइडन कार्स दो रन पर नाबाद रहे। इससे पहले पाकिस्तान कल के पांच विकेट पर 259 के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। पाकिस्तान की पूरी टीम कल के स्कोर में 107 जोड़कर 366 पर सिमट गई।

## बॉलीवुड हलचल



### रकुल ने दिखाया समर्पण खराब तबीयत में किया काम

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने खराब तबीयत के बावजूद अपने काम के लिए समर्पण दिखलाया है। रकुल प्रीत सिंह ने गंभीर चोट के बाद भी अपने काम और कमिटमेंट्स को नहीं छोड़ा। इसका असर उनकी सेहत पर पड़ा और अब वह कई दिनों से बिस्तर पर हैं। यह सब पांच अक्टूबर की सुबह तब शुरु हुआ जब वह अपने वर्कआउट के दौरान 80 किलो वजन बिना बेल्ट के उठा रही थीं, जिससे उनकी पीठ में दर्द हो गया। चोट के बावजूद, रकुल ने अपनी कमिटमेंट निभाने के लिए लगातार दो दिनों तक दे दे प्यार दे 2 की शूटिंग की और मांसपेशियों को आराम देने वाली दवा ली। तीन दिनों तक दर्द सहने के बाद, उन्होंने फिजियोथेरेपिस्ट से सलाह ली, लेकिन हर 3-4 घंटे बाद दर्द फिर से लौट आता था। उन्होंने फिजियोथेरेपी जारी रखी, लेकिन 10 तारीख को अपने जन्मदिन की पार्टी से ठीक एक घंटा पहले, उनकी हालत सबसे ज्यादा खराब हो गई। चोट ने रकुल के शरीर को नुकसान पहुंचाया, जिसकी वजह से उनके एल 4, एल5, और एस1 नसें जाम हो गईं। जल्दी ही उनका ब्लड प्रेशर गिर गया, उन्हें पसीना आने लगा, और उन्हें बिस्तार पर ले जाना पड़ा। अब पांच दिन हो गए हैं, और वो धीरे-धीरे ठीक हो रही है, लेकिन ये प्रक्रिया धीरे-धीरे काम करती है। उम्मीद है कि रकुल जल्द ठीक हो जाएंगी।

### पवन कल्याण की फिल्म ओजी की शूटिंग फिर से शुरू



**मुंबई।** पावर स्टार पवन कल्याण की फिल्म ओजी की शूटिंग हैदराबाद में फिर से शुरू कर दी गयी है। पवन कल्याण अपनी आगामी एक्शन से भरपूर फिल्म ओजी के साथ स्क्रीन पर धमाल मचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसका निर्देशन सुजीत कर रहे हैं। पवन कल्याण अभिनीत पैन इंडिया एक्शन एंटरटेनर ओजी ने हैदराबाद में अपनी शूटिंग फिर से शुरू कर दी है, जिसमें इस समय एक धमाकेदार एक्शन सीक्वेंस चल रहा है। अपनी घोषणा के बाद से ही इस फिल्म ने खूब चर्चा बटोरी है, और अब पवन कल्याण जल्द ही सेट पर अपने धमाकेदार एक्शन सीन्स के लिए आने वाले हैं। इस फिल्म में इमरान हाशमी को खलनायक के रूप में कास्ट किया गया है, साथ ही श्रीया रेड्डी, प्रियंका मोहन और अर्जुन दास भी अहम भूमिका में हैं। निर्माताओं ने खुलासा किया है कि इस महीने की शुरुआत में शुरू हुआ यह शेड्यूल अक्टूबर के अंत तक चलेगा, जिसमें दर्शकों को कुछ सबसे रोमांचक दृश्य देखने को मिलेंगे। सोशल मीडिया पर टीम ने एक रोमांचक अपडेट साझा किया, ऊर्जा बहुत है... और एक्शन भी बहुत है...ओजी की शूटिंग फिर से शुरू हो गई है हमारे #ओजी@८/ पवनकल्याण जल्द ही शूटिंग में शामिल होंगे।

### फिल्म द मेहता बॉयज को टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में किया गया सम्मानित

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बोमन ईरानी की बतौर निर्देशक पहली फिल्म, द मेहता बॉयज को प्रतिष्ठित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिबल ऑफ साउथ एशिया (इफ्सा) टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में सम्मानित किया गया। शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल में अपने प्रीमियर के बाद, फिल्म द मेहता बॉयज उत्तरी अमेरिका में सबसे बड़े दक्षिण एशियाई फिल्म फेस्टिवल इफ्सा टोरंटो फिल्म फेस्टिवल के 13वें संस्करण की ओपनिंग फिल्म थी। इस उपलब्धि ने अभिनेता से निर्देशक बने बोमन ईरानी के लिए एक और उपलब्धि जोड़ दी। शिकागो फेस्टिवल में द मेहता बॉयज को स्टैंडिंग ओवेशन मिला, जिससे टीम बेहद खुश हुई। टोरंटो में भी एक बार फिर वही प्यार देखने को मिला, जहां फिल्म को एक बार फिर स्टैंडिंग ओवेशन मिला। बोमन ईरानी को प्रतिष्ठित इफ्सा टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में ''द मेहता बॉयज'' के लिए सम्मानित किया गया। बोमन ईरानी ने अपने सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों के साथ यह खुशखबरी साझा करते हुए लिखा, एक अविस्मरणीय क्षण प्रतिष्ठित इफ्साटोरंटो गाला में सम्मानित होना द मेहता बॉयज को दिखाए जा रहे प्यार, समर्थन और प्रशंसा के लिए शब्दों से परे आभारी हूँ। हम पर विश्वास करने वाले सभी लोगों का बहुत-बहुत धन्यवाद। यह तो बस शुरुआत है। द मेहता बॉयज को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज किया जाएगा।

# मेस्सी के तीन गोल से जीता अर्जेंटीना

**द.अमेरिका विश्व कप क्वालीफाइंग**

ब्यूनस आयर्स, एजेंसी



<< बोलिविया के खिलाफ मैच के दौरान मेस्सी। ● एजेंसी

लियोनेल मेस्सी की हैट्रिक और दो गोल में सहायता की मदद से अर्जेंटीना ने दक्षिण अमेरिका विश्व कप फुटबॉल क्वालीफाइंग मैच में बोलिविया को 6-0 से हरा दिया। अक्टूबर में हो रही प्रतिस्पर्धा के दो दौर में दाहिने टखने की चोट की वजह से नहीं खेल सके मेस्सी ने मंगलवार को पूरा मैच खेला।

उन्होंने 19वें मिनट में पहला गोल किया। इसके अलावा लौटारो मार्तिनेज और जूलियन अल्वारेज के गोलों में सूत्रधार की भूमिका निभाई। 37 वर्ष के मेस्सी ने 84वें और 86वें मिनट में भी गोल दागे। अन्य मुकाबलों में ब्राजील ने पेरू को 4-0 से हराया। अर्जेंटीना 10 मैचों में 22 अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि उससे तीन अंक पीछे कोलंबिया है। ब्राजील 16 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। शीर्ष छह टीमें अगले साल होने वाले विश्व कप में जगह बनाएंगी। दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग दौर के दो मुकाबले नवंबर में खेले जाएंगे।

### गोल नहीं कर सके रोनाल्डो, पुर्तगाल ने खेला ड्रॉ

**मैड्रिड।** स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो गोल नहीं कर सके और पुर्तगाल ने नेशंस लीग में स्कॉटलैंड से गोलरहित ड्रॉ खेला। पुर्तगाल ने क्रोएशिया, स्कॉटलैंड और पोलैंड से पहले तीन मैच जीते थे लेकिन ग्लासगो में तीसरे मैच में गोल करने में नाकाम रही। अब तक 133 अंतर्राष्ट्रीय गोल कर चुके रोनाल्डो के पास कई मौके आए लेकिन वह उन्हें भुना नहीं सके। पुर्तगाल इस ड्रॉ के बावजूद ग्रुप एवन में शीर्ष पर है जबकि क्रोएशिया दूसरे स्थान पर है। वहीं स्पेन ने सर्बिया को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। क्रोएशिया ने पोलैंड से 3-3 से ड्रॉ खेला। कोसोवो ने साइप्रस को ग्रुप सी के मैच में 3-0 से हराया जबकि रोमानिया ने लिथुआनिया को 2-1 से मात दी। बेलारूस ने लक्जेमबर्ग से 1-1 से ड्रॉ खेला।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

